# हरिभूमि

जबलपुर
बुधवार, 17 दिसंबर 2025

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com






**SHOWROOMS: MADHYA PRADESH: JABALPUR:** RENAULT **JABALPUR (KARMETA)** Ph: 7290014986, RENAULT **JABALPUR WEST** Ph: 7291980314. RENAULT **AGAR** Ph: 8448220030. RENAULT **BHOPAL NEW** Ph: 9289220870. RENAULT **CHHATARPUR** Ph: 7603868297. RENAULT **CHHINDWARA** Ph: 9667215285. RENAULT **DAMOH** Ph: 9289263623. RENAULT **GWALIOR CITY** Ph: 8448383235. **INDORE:** RENAULT **INDORE** Ph: 9821199958, RENAULT **INDORE EAST** Ph: 9289263821. RENAULT **MANDSAUR** Ph: 8448220394. RENAULT **SAGAR** Ph: 9311340949. RENAULT **SATNA** Ph: 7290094892. RENAULT **SHAHDOL** Ph: 7029805696. RENAULT **UJJAIN** Ph: 8448220031.

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



रायसेन में पौधों पर जमी ओस की बूंदें

आज एक दर्जन जिलों में घना कोहरा, शाजापुर का गिरवर प्रदेश में सबसे सर्द, पारा 4.4 डिग्री

# भोपाल में सीजन की सबसे ठंडी रात का पारा 4.8 डिग्री, 4 जिलों में कोल्ड वेव

भोपाल, रायसेन, इंदौर, शाजापुर जिले में शीतलहर, खजुराहो जिले में घना कोहरा, रीवा में मध्यम और भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर में हल्के कोहरे का असर रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में ठंड ने मंगलवार को पूरे साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। यहां सीजन की सबसे ठंडी रात का पारा 4.8 डिग्री दर्ज किया गया है। यह नॉर्मल से 6.1 डिग्री कम है। इससे पहले 17 नवंबर को सीजन का सबसे कम रात का पारा 5.2 डिग्री तक रहा है। चार जिलों में कोल्ड वेव रही। इनमें भोपाल, रायसेन, इंदौर, शाजापुर जिले शामिल हैं। लगातार तीसरे दिन प्रदेश में कोहरे का असर भी बरकरार है।

7 जिलों में रात का पारा 4 से 5 डिग्री तक रहने से कड़ाके की सर्दी का असर रहा। खजुराहो जिले में घना कोहरा, रीवा में मध्यम और भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर में हल्के कोहरे का असर रहा।

भोपाल में सुबह 8 :30 बजे तक दृश्यता 500 से 1000 मीटर तक रही

रीवा, नौगांव, सतना और सीधी में 200 से 500 मीटर दर्ज की गई


## 7 जिलों में पारा 5 डिग्री के करीब

गिरवर (शाजापुर) 4.4, मंदसौर 4.6, भोपाल 4.8, कल्याणपुर (शहडोल), राजगढ़, नौगांव 5 और पचमढ़ी में न्यूनतम पारा 5.2 डिग्री रहा है। यहां कड़ाके की सर्दी का दौर जारी है। बुधवार को भी आधा दर्जन से अधिक जिलों में कड़ाके की सर्दी का दौर रहेगा। बुधवार को ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, सीधी, मऊगंज, सतना, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी में घना कोहरे का ऑरेंज अलर्ट है। रीवा और छतरपुर जिलों में अति घना कोहरा रहेगा। भोपाल,रायसेन, सीहोर, राजगढ़, शाजापुर में शीतलहर के साथ मध्यम कोहरा रहेगा। विदिशा, सिंगरौली, शहडोल, उमरिया, कटनी, जबलपुर, दमोह, सागर, मैहर में भी हल्के से मध्यम कोहरा रहेगा।

## खबर संक्षेप

### संत प्रेमानंद से मिले विराट और अनुष्का

**मथुरा।** क्रिकेटर विराट कोहली अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ मंगलवार को वृंदावन पहुंचे। दोनों ने केली कुंज आश्रम में संत प्रेमानंद के दर्शन किए। दोनों की इस साल प्रेमानंद जी से यह तीसरी मुलाकात है।



दोनों घुटनों के बल महाराज जी के सामने बैठे और सिर झुकाकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान दोनों ने हाथ जोड़कर महाराज की बातें सुनते रहे। विराट सिर हिला-हिलाकर महाराज की बातें सुनते रहे, मुस्कुराते रहे।

### तीन मकानों में आग एक व्यक्ति जिंदा जला


**खंडवा।** जिले के पुनासा क्षेत्र में ग्राम सक्तापुर में मंगलवार सुबह दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। सुबह करीब 5.30 बजे लगी भीषण आग ने देखते ही देखते तीन मकानों को अपनी चपेट में ले लिया।



हादसे में 50 वर्षीय सूरज राठौर की जिंदा जलने से मौत हो गई। छह से अधिक दमकल वाहनों के साथ ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। मृतक ग्राम सरपंच सुनील राठौर के भाई सूरज राठौर हैं। जिनकी हादसे में मौत हो गई।

### दुनिया के पहले ट्रिलियनेयर बनने की राह पर मस्क

**नई दिल्ली।** टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क दुनिया के पहले ट्रिलियनेयर बनने की तरफ तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। मस्क की कंपनी स्पेसएक्स 800 अरब डॉलर की वैल्यू पर टेंडर ऑफर लाने की तैयारी कर रही है।



इससे मस्क की नेटवर्थ 168 अरब डॉलर बढ़कर 677 अरब डॉलर होने का अनुमान है। मस्क दुनिया के पहले ऐसे व्यक्ति हैं, जिनकी संपत्ति 600 अरब डॉलर से अधिक हो गई है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अम्मान में इंडिया-जॉर्डन बिजनेस फोरम को किया संबोधित

# भारत-जॉर्डन का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार, पुराने संबंधों को जीवित करना होगा

*पीएम ने कहा कि अब समय आ गया है कि उन पुराने व्यापारिक रास्तों और रिश्तों को फिर से जीवित किया जाए, ताकि आने वाले समय में दोनों देशों को समृद्धि मिल सके*

एजेंसी ⏭ अम्मान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने जॉर्डन दौरे के आखिरी दिन अम्मान में आयोजित इंडिया-जॉर्डन बिजनेस फोरम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने भारत और जॉर्डन के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ाने पर चर्चा की। साथ ही प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के व्यवसायिक नेताओं से बातचीत की और आर्थिक सहयोग को मजबूत करने के नए अवसर तलाशने पर जोर दिया और दोनों देशों के बीच व्यापार और सहयोग को लेकर अहम बातें भी कहीं।

फोरम में उपस्थित नेताओं को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भारत, जॉर्डन का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और दोनों देशों के रिश्ते सिर्फ आंकड़ों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इन्हें लंबे समय के मजबूत साझे में बदला जाना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि व्यापार की दुनिया में आंकड़ों की अपनी अहमियत होती है, लेकिन भारत और जॉर्डन का लक्ष्य केवल व्यापार बढ़ाना नहीं, बल्कि भरोसे और साझेदारी पर आधारित भविष्य बनाना है। उन्होंने इतिहास का जिक्र करते हुए कहा कि एक समय था जब गुजरात से यूरोप तक व्यापार पेट्रा के रास्ते होता था।

जॉर्डन दौरा खत्म कर इथियोपिया की राजधानी अदीस अबाबा पहुंचे पीएम



⏩ *भारत की आर्थिक विकास दर आठ प्रतिशत से ज्यादा है, जो बेहतर उत्पादकता, मजबूत शासन व्यवस्था और नवाचार पर आधारित नीतियों का नतीजा*

⏩ *इसके कारण भारत में निवेश और व्यापार के लिए नए अवसर खुल रहे हैं, जिसका फायदा जॉर्डन के निवेशक और कारोबारी भी उठा सकते हैं*

### भौगोलिक स्थिति को अवसर में बदलने पर चर्चा

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में आगे बताया कि जॉर्डन के राजा से हुई अपनी मुलाकात में उन्होंने इस बात पर विस्तार से चर्चा की कि कैसे भौगोलिक स्थिति को अवसर में बदला जाए और उन अवसरों से आर्थिक विकास किया जाए। उन्होंने जॉर्डन के नेतृत्व की तारीफ करते हुए कहा कि जॉर्डन आज एक ऐसा सेतु (ब्रिज) बनकर उभरा है, जो अलग-अलग क्षेत्रों के बीच सहयोग बढ़ाने में मदद कर रहा है। जॉर्डन बिजनेस फोरम में पीएम नरेंद्र मोदी ने भारत की आर्थिक स्थिति पर भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि भारत की आर्थिक विकास दर आठ प्रतिशत से ज्यादा है, जो बेहतर उत्पादकता, मजबूत शासन व्यवस्था और नवाचार पर आधारित नीतियों का नतीजा है। इसके कारण भारत में निवेश और व्यापार के लिए नए अवसर खुल रहे हैं, जिसका फायदा जॉर्डन के निवेशक और कारोबारी भी उठा सकते हैं।

पैगंबर मोहम्मद से है खून का रिश्ता

### पीएम मोदी को खुद ड्राइव करके ले गए जॉर्डन के क्राउन प्रिंस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जॉर्डन के दौरे पर थे। पीएम मोदी सोमवार को जॉर्डन पहुंचे और उन्होंने वहां के क्राउन प्रिंस अल हुसैन बिन अब्दुल्ला द्वितीय से मुलाकात की। जॉर्डन के क्राउन प्रिंस पीएम मोदी को अम्मान के जॉर्डन म्यूजियम खुद गाड़ी चलाकर लेकर गए। जॉर्डन के क्राउन प्रिंस गाड़ी चला रहे थे और पीएम मोदी उनके बगल बैठे हुए थे। इस तस्वीर को पीएम मोदी ने खुद अपने सोशल मीडिया हैंडल्स पर शेयर किया। यह केवल तस्वीर नहीं बल्कि भारत और जॉर्डन के बीच मजबूत भरोसे और आपकी सम्मान का भी प्रतीक है। जॉर्डन के क्राउन प्रिंस अब्दुल्ला द्वितीय पैगंबर मोहम्मद के 42वीं पीढ़ी के वंशज हैं। क्राउन प्रिंस का रिश्ता जॉर्डन के शाही परिवार हाशमी से है। हाशमी परिवार जॉर्डन के इतिहास से जुड़ा हुआ है।

**सतना में** अस्पताल की बड़ी लापरवाही

# दूषित खून चढ़ाने से चार बच्चे एचआईवी पॉजिटिव




डिप्टी सीएम शुक्ल ने दिए जांच के आदेश

एचआईवी से प्रभावित बच्चों की उम्र 12 से 15 साल के बीच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सतना

सतना जिला अस्पताल में थैलेसीमिया से पीड़ित 4 बच्चों का एचआईवी टेस्ट पॉजिटिव आया है। यह मामला चार महीने पुराना है और इसकी जांच चल रही है। अधिकारियों को शक है कि बच्चों में इन्फेक्शन फैलने की वजह दूषित सुइयों का इस्तेमाल या खून चढ़ाना हो सकता है। डिप्टी सीएम व स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने इस मामले की जांच के आदेश दिए हैं और रिपोर्ट मांगी है। इस बात की भी जांच की जा रही है कि खून चढ़ाने का काम दूसरे अस्पतालों में भी हुआ था या सिर्फ सरकारी अस्पताल में।

### बख्शे नहीं जाएंगे दोषीः शुक्ल

इस गंभीर चूक पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा, सरकार अभी रिकॉर्ड कलेक्ट कर रही है। मामले की गहन जांच के लिए समिति गठित की गई है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि



एक बच्चे के माता-पिता पहले से ही एचआईवी पॉजिटिव हैं, जबकि शेष तीन बच्चों को किस ब्लड बैंक से संक्रमित रक्त चढ़ाया गया, इसकी जांच चल रही है।

यमुना एक्सप्रेसवे पर कोहरे के चलते 8 बसें और 3 कारें भिड़ीं

# 13 की मौत, 70 घायल, डीएनए टेस्ट से होगी शवों की पहचान

बसों के भीतर जले हुए और कटे हुए मानव अंग मिले

एजेंसी ⏭ मथुरा

यमुना एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार तड़के कोहरे के चलते 8 बसें और 3 कारें भिड़ गईं। टक्कर होते ही गाड़ियों में आग लग गई। भाजपा नेता समेत 13 लोगों की जलकर मौत हो गई। 70 लोग घायल हैं।

मथुरा के बलदेव इलाके में यमुना एक्सप्रेसवे पर हुए हादसे में बसों के भीतर जले हुए और कटे हुए मानव अंग मिले हैं। ऐसे में शवों की पहचान डीएनए टेस्ट के जरिए की जाएगी। मथुरा के बलदेव इलाके में हुए इस भीषण सड़क हादसे में करीब 6 घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चला।

⏩ *करीब 6 घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन*

⏩ *मृतकों के परिजनों को 4 लाख मिलेंगे, पीएम ने जताया दुख*



दुर्घटना के बाद जली हुई बस का दृश्य

टायर फटने से हाइवे पर पलटी यात्री बस

# हादसे में चालक सहित 12 से अधिक यात्री घायल



जबलपुर से नागपुर जा रही थी बस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी

जिले के लखनादौन थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-34 पर चौथा मील के पास दोपहर लगभग 2 बजे एक यात्री बस का टायर फटने से बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में चालक सहित 12 लोगों से अधिक यात्री घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, रॉयल बस जबलपुर से नागपुर की ओर जा रही थी। चौथा मील के पास पहुंचते ही अचानक बस का टायर फट गया, जिससे बस सड़क पर पलट गई। घटना की प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को दी।

खजराना मंदिर के गर्भगृह में एंट्री नहीं!

# विधायक गोलू शुक्ला के नवविवाहित बेटे-बहू ने एक दूसरे को पहनाई वरमाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

इंदौर से भाजपा विधायक गोलू शुक्ला का परिवार एक बार फिर विवादों में आ गया है। इस बार मामला शहर के प्रसिद्ध खजराना गणेश मंदिर से जुड़ा है, जहां गर्भगृह में प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित होने के बाद भी विधायक गोलू शुक्ला के बेटे अंजनेश शुक्ला और उनकी नवविवाहित पत्नी सिमर ने भगवान गणेश के सामने एक दूसरे को वरमाला पहनाई। यह घटना शादी के तुरंत बाद 11 दिसंबर की बताई जा रही है, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसके बाद अब मंदिर की भूमिका को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

■ वरमाला रस्म का वीडियो वायरल होने के बाद विवाद शुरू



सिमर-अंजनेश शुक्ला

ईडी की चार्जशीट पर कोर्ट का संज्ञान से इनकार

# राहुल-सोनिया गांधी को बड़ी राहत कांग्रेस बोली-सत्य की जीत हुई

कोर्ट ने ईडी को अपनी जांच जारी रखने की अनुमति दे दी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नेशनल हेराल्ड केस में मंगलवार को गांधी परिवार को बड़ी राहत मिली है। केस से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर चार्जशीट का संज्ञान लेने से इनकार कर दिया है। वहीं, दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की ओर से दर्ज की गई नई एफआईआर में प्राथमिकी की कॉपी देने से इनकार कर दिया।



सोनिया व राहुल गांधी

अदालत ने कहा है कि राहुल गांधी, सोनिया गांधी और अन्य आरोपी एफआईआर की प्रतिलिपि पाने के हकदार नहीं हैं। कोर्ट ने ईडी को अपनी जांच जारी रखने की अनुमति दे दी है। स्पष्ट किया है कि आगे की जांच के लिए ईडी को स्वतंत्रता है।

साथ ही कहा है कि ईडी का मामला सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा दायर एक निजी शिकायत और मजिस्ट्रेट के समन आदेशों पर आधारित है, न कि किसी प्राथमिकी पर। हालांकि, एजेंसी इस मामले से जुड़े तथ्यों और साक्ष्यों को इकट्ठा करना जारी रख सकती है। कांग्रेस अपने आधिकारिक एक्स खाते से एक पोस्ट में लिखा- सत्य की जीत हुई है। मोदी सरकार की बदनीयत और गैरकानूनी तरीके से की गई कार्रवाई पूरी तरह से बेनकाब हो गई है।

आईपीएल -19 नीलामीः मिनी ऑक्शन में अनकैप्ड खिलाड़ियों पर धनवर्षा हुई

# प्रशांत और कार्तिक सबसे महंगे अनकैप्ड खिलाड़ी चेन्नई सुपर किंग्स ने 14.20-14.20 करोड़ में खरीदा

आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे विदेशी और तीसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बने कैमरन ग्रीन 25.20 करोड़ में बिके

एजेंसी ⏭ अबु धाबी

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19वें संस्करण के लिए मिनी-ऑक्शन मंगलवार को अबुधाबी में हुआ। ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 25.20 करोड़ में खरीदा। वह आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे विदेशी और तीसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए।


श्रीलंका के मथिशा पथिराना को 18 करोड़ में कोलकाता नाइट राइडर्स ने खरीदा। मिनी ऑक्शन में अनकैप्ड खिलाड़ियों पर धनवर्षा हुई। प्रशांत वीर और कार्तिक शर्मा को चेन्नई सुपर किंग्स ने 14.20-14.20 करोड़ में खरीदा।



प्रशांत वीर



कार्तिक शर्मा



कैमरन ग्रीन

### भोपाल लेपर्ड्स के खिलाड़ी शिवांग कुमार को 30 लाख में खरीदा

*भोपाल। भोपाल लेपर्ड्स के लिए गर्व का क्षण है कि टीम के होनहार खिलाड़ी शिवांग कुमार को सनराइजर्स हैदराबाद ने 30 लाख रुपए में खरीदा है।*




### इनकी भी बोलियां

- मुस्तफिजुर रहमान को 9.20 करोड़ में कोलकाता ने खरीदा
- 1.50 करोड़ बेस वाले ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू शॉर्ट को चेन्नई सुपर किंग्स ने खरीदा।
- जेसन होल्डर को गुजरात टाइटंस ने 7 करोड़ में खरीदा
- राहुल त्रिपाठी को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 75 लाख में खरीदा

जबलपुर
बुधवार, 17 दिसंबर 2025
पौष मास कृष्ण पक्ष -13
वर्ष : 20, अंक : 228
पृष्ठ : 2+12= 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 25
न्यून. 09

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



11 आईपीएल ऑक्शनः ग्रीन पर 25.2...

विचार पेज
6 नशे के खिलाफ मालदीव मॉडल...

## मोहन कैबिनेट ने 7 तरह के पदों को किया समाप्त

# मप्र में अब नियमित, संविदा व आउटसोर्स के पद ही रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र शासन में अब नियमित, संविदा और आउटसोर्स के पद ही रहेंगे। बाकी पदों का राज्य सरकार ने विभेदीकरण कर दिया है। नए नियम में कार्यभारित और आकस्मिक स्थापना के सभी पदों को सांख्येतर घोषित करते हुए इन पदों पर नवीन नियुक्तियां नहीं करने की भी अनुमति कैबिनेट ने दी है। अनूपपुर, मंडला और डिंडोरी जिलों में अपर नर्मदा परियोजना, राघवपुर बहुउद्देशीय परियोजना और बसानिया बहुउद्देशीय परियोजना के डूब प्रभावितों के लिए 1,782 करोड़ रुपए का विशेष पैकेज मंजूर किया गया है। इन तीनों परियोजनाओं से कुल 13 हजार 873 परिवार प्रभावित होंगे, जिन्हें विशेष पैकेज अनुसार निर्धारित मुआवजा प्रति परिवार 12.50 लाख रुपए दिया जाएगा। इसमें परियोजनाओं के डूब प्रभावितों के लिए डीपीआर में प्रावधानित 1656 करोड़ 2 लाख रुपए के अतिरिक्त 1,782 करोड़ रुपए का विशेष पैकेज स्वीकृत किया गया है। कैबिनेट की बैठक मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई।

अपर नर्मदा, राघवपुर और बसानिया परियोजना के डूब प्रभावितों के लिए 1,782 करोड़ रुपए का विशेष पैकेज मंजूर



कैबिनेट बैठक में सीएम डॉ. यादव और मंत्री


### स्थायी व अस्थायी पदों के लिए लिया बड़ा निर्णय

मप्र कैबिनेट ने करीब साढ़े सात लाख शासकीय सेवकों को ध्यान में रखकर स्थायी व अस्थायी पदों के विभेदीकरण को लेकर बड़ा निर्णय लिया है। इसके तहत विभिन्न विभागों में स्वीकृत स्थायी और अस्थायी पदों के विभेदीकरण को समाप्त करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके साथ ही वर्तमान में स्वीकृत अस्थायी पदों को स्थायी पदों में परिवर्तित करने के लिए सेवा भर्ती नियम में आवश्यक प्रावधान करने की मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने यह भी निर्णय लिया कि वर्तमान में कार्यरत कार्यभारित कर्मचारी की सेवाकाल में मृत्यु होने पर उसके आश्रित को नियमित पद पर अनुकंपा नियुक्ति दी जाएगी। इस संवर्ग में अभी ऐसा प्रावधान नहीं था। जिन कैटेगरी को समाप्त करने का निर्णय लिया गया है, वे अपने सेवाकाल तक कार्य करते रहेंगे।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### मप्र विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र आज



**भोपाल।** विधानसभा का एक दिवसीय अष्टम सत्र बुधवार को आयोजित किया जा रहा है। सत्र सुबह 11 बजे से शुरू होगा। एक दिन के सत्र में सत्र में मप्र को विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य बनाने की दिशा में सरकार की योजनाओं और भविष्य की रणनीति पर चर्चा की जाएगी।

### कार्यकारी अध्यक्ष बने नितिन ने मंत्री पद छोड़ा



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नबीन ने बिहार सरकार के मंत्रिपरिषद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना त्यागपत्र मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भेज दिया है। नितिन नीतीश सरकार में पथ निर्माण विभाग और नगर विकास एवं आवास विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे थे।

*ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'जी राम जी' बिल पेश करने का प्रस्ताव रखा जिसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दी, कांग्रेस का आरोप- गांधी का नाम हटाना उनका अपमान*

# शिवराज बोले-गांधी हमारे दिल में, कांग्रेस ने भी जवाहर रोजगार योजना का नाम बदला था



शिवराज सिंह चौहान

◀ **शिवराज ने कहा-तो क्या यह पंडित जवाहरलाल नेहरू का अपमान था?**

◀ **केंद्रीय मंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी के आखिरी शब्द भी 'राम जी' ही थे**

◀ विपक्ष का आरोप- केंद्र सरकार तय करेगी कि फंड कहां और कब देना है। इसलिए, ग्राम पंचायत का अधिकार छीना जा रहा है। हमें यह बिल हर तरह से गलत लगता है

विपक्ष ने कहा कि विधेयक को वापस लिया जाए या फिर संसदीय समिति के पास भेजा जाए

**100** दिन के रोज़गार अधिकार को कमज़ोर करेगा बिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन विधेयक 2025 यानी 'जी राम जी' बिल मंगलवार को लोकसभा में भारी हंगामे के बीच पेश किया गया। मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस बिल को पेश किया। यह बिल मनरेगा की जगह लेगा। लोकसभा में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने इस बिल का विरोध किया। कांग्रेस के अलावा अन्य विपक्षी दलों ने इस बिल का विरोध किया।



विपक्षी सांसदों ने गांधी प्रतिमा के सामने विरोध प्रदर्शन किया

### शिवराज सिंह चौहान ने बताया...

#### 1.51 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का प्रावधान

ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच यह विधेयक पेश करने का प्रस्ताव रखा, जिसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दी। चौहान ने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि महात्मा गांधी हमारे दिलों में बसते हैं। उनका कहना था कि मोदी सरकार महात्मा गांधी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों पर आधारित कई योजनाएं चला रही है। उन्होंने सवाल किया कि कांग्रेस की सरकार ने भी जवाहर रोजगार योजना का नाम बदला था तो क्या यह पंडित जवाहरलाल नेहरू का अपमान था?

### सरकार ने दिनों की संख्या तो बढ़ा दी है लेकिन मज़दूरी नहीं बढ़ाई

लोकसभा में प्रियंका गांधी ने कहा कि मुझे नाम बदलने की यह सनक समझ नहीं आती। इसमें खर्चा बहुत होता है। इसलिए मुझे समझ नहीं आता कि सरकार बेवजह ऐसा क्यों कर रही है। महात्मा गांधी रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) ने गरीब लोगों को 100 दिन के रोज़गार का अधिकार दिया था। यह बिल उस अधिकार को कमज़ोर करेगा। सरकार ने दिनों की संख्या तो बढ़ा दी है लेकिन मज़दूरी नहीं बढ़ाई। पहले ग्राम पंचायत तय करती थी कि मनरेगा का काम कहां और किस तरह का होगा, लेकिन यह बिल कहता है कि केंद्र सरकार तय करेगी कि फंड कहां और कब देना है। इसलिए, ग्राम पंचायत का अधिकार छीना जा रहा है। हमें यह बिल हर तरह से गलत लगता है।

### निजी स्कूल संचालकों को राहत

# निजी स्कूलों को दी गई फीस लौटाने का हाई कोर्ट ने आदेश किया निरस्त

तल्ख टिप्पणी के साथ कहा-अधिकारियों ने शक्ति का दुरुपयोग कर अधिकार क्षेत्र से बाहर कार्य किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मप्र हाईकोर्ट ने अपनी तल्ख टिप्पणी में कहा कि अधिकारियों ने शक्ति का दुरुपयोग कर अधिकार क्षेत्र से बाहर कार्य किया है।

प्रशासनिक न्यायाधीश विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने इस मत के साथ स्कूलों को दिया गया अधिक वसूली गई फीस वापस लौटाने का आदेश निरस्त कर दी। मामला शहर के निजी स्कूलों से संबंधित था। जबलपुर के दो दर्जन से अधिक निजी स्कूल संचालकों ने मनमानी फीस वसूली के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किए जाने को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में अपील दायर की थी। इनमें से अधिकतर स्कूल मिशनरी संस्थाओं द्वारा संचालित किए जा रहे हैं।

राज्य की गाइडलाइन का कथित तौर पर उल्लंघन करने के आरोप में जिला प्रशासन की शिकायत पर पुलिस ने स्कूल प्रबंधन से जुड़े व्यक्तियां व प्राचार्यों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार भी किया था। जबलपुर का यह घटनाक्रम राज्य स्तर पर चर्चित हुआ था।

#### तो अभिभावक सरकारी स्कूलों में दाखिला क्यों नहीं दिलाते?

हाईकोर्ट ने इस मामले में विगत सुनवाई के दौरान अपनी तल्ख टिप्पणी में यह तक कह दिया था कि जिन अभिभावकों को निजी स्कूलों की फीस अधिक लगती है, वे अपने बच्चों को गवर्नमेंट स्कूलों में दाखिला क्यों नहीं दिलाते। अंततः पूरे मामले का पटाक्षेप करते हुए कोर्ट ने अपने आदेश में साफ किया कि राज्य के अधिकारियों ने बहुत खराब माहौल में और अपनी पावर का इस्तेमाल करते हुए अपने अधिकार से बाहर काम किया। राज्य के अधिकारियों का कार्य स्कूलों के मैनेजमेंट में दखलंदाजी के बराबर है। स्टूडेंट्स की फीस वापस करने का राज्य सरकार का निर्देश टिकने लायक नहीं है।

# वांतारा की विशेष यात्रा पर लियोनेल मेस्सी ने अनंत अंबानी के साथ पवित्र भारतीय परंपराओं एवं वन्यजीवों के बीच अविस्मरणीय अनुभव साझा किए...



अनंत अंबानी द्वारा मेस्सी का आलिंगन करते हुए

















अनंत अंबानी द्वारा मेस्सी से हाथ मिलाकर बातचीत करते हुए

**जामनगर, भारत।** वैश्विक फुटबॉल आइकन लियोनेल मेस्सी ने अनंत अंबानी द्वारा स्थापित वन्यजीव बचाव, पुनर्वास और संरक्षण केंद्र वांतारा का विशेष दौरा किया। इस केंद्र में परंपरानुसार हर पहल की शुरुआत सनातन धर्म के अनुरूप आशीर्वाद लेने से होती है, जो प्रकृति के प्रति श्रद्धा और सभी जीवित प्राणियों के प्रति सम्मान पर बल देता है। मेस्सी की यह यात्रा इसी सांस्कृतिक लोकाचार की झलक थी—उन्होंने पारंपरिक हिंदू अनुष्ठानों में भाग लिया, वन्यजीवों का अवलोकन किया और देखभालकर्ताओं तथा संरक्षण टीमों से संवाद किया। यात्रा के दौरान उनकी गतिविधियों में वह विनम्रता और मानवीय संवेदनशीलता परिलक्षित हुई, जिसके लिए वे व्यापक रूप से पहचाने जाते हैं, और वन्यजीव संरक्षण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के चलते अनंत अंबानी के साथ उनके आत्मीय संबंध और मित्रता भी उजागर हुई।

मेस्सी अपने इंटर मियामी के साथी खिलाड़ियों लुइस सुआरेज और रोड्रिगो डी पॉल के साथ पहुंचे, जहाँ उनका भव्य पारंपरिक शैली में स्वागत किया गया। स्वागत में जीवंत लोकसंगीत, आशीर्वाद और शुभ भावना का प्रतीक पुष्पवर्षा, तथा औपचारिक आरती शामिल थी। फुटबॉल दिग्गज ने मंदिर में महा आरती में भी भाग लिया, जिसमें अंबे माता पूजा, गणेश पूजा, हनुमान पूजा और शिव अभिषेक सम्मिलित थे। इस अवसर पर विश्व शांति और एकता की प्रार्थना की गई, जो भारत की सभी जीव-जंतुओं के प्रति श्रद्धा और सम्मान की शाश्वत परंपरा के अनुरूप है। स्वागत के बाद मेस्सी ने वांतारा के विशाल संरक्षण-परिसर का निर्देशित भ्रमण किया। यह परिसर बचाए गए बड़े बिलौटों (बिग कैट्स), हाथियों, शाकाहारी जीवों, सरीसृपों और दुनिया भर से लाए गए कम उम्र के पशुओं के पुनर्वास व देखभाल का केंद्र है। उन्होंने ग्रीन एनर्जी कॉम्प्लेक्स और दुनिया के सबसे बड़े रिफाइनरी कॉम्प्लेक्स का भी दौरा किया, जहाँ संचालन के पीछे मौजूद विशाल पैमाने और दूरदृष्टि को देखकर उन्होंने प्रशंसा व्यक्त की। शेरों, तेंदुओं, बाघों और अन्य लुप्तप्राय प्रजातियों के देखभाल केंद्र में मेस्सी ने समृद्ध और प्राकृतिक माहौल में फल-फूल रहे जानवरों के साथ समय बिताया; कई जानवर उत्सुकतापूर्वक उनके पास भी आए। इसके बाद उन्होंने हर्बिवोर केयर सेंटर और रिपटाइल केयर सेंटर का दौरा किया, जहाँ उन्होंने विशेष पशु-चिकित्सा देखभाल, अनुकूलित पोषण, व्यवहार-आधारित प्रशिक्षण और सुव्यवस्थित पशुपालन प्रोटोकॉल के तहत जानवरों की उत्कृष्ट देखरेख देखी—जो वन्यजीव कल्याण में वांतारा के वैश्विक नेतृत्व को दर्शाती है। यात्रा के दौरान उन्होंने मल्टी-स्पेशियलिटी वाइल्डलाइफ हॉस्पिटल भी देखा, जहाँ उन्होंने वास्तविक समय में नैदानिक और शल्य-चिकित्सकीय प्रक्रियाओं का अवलोकन किया, और बाद में ओकापी, गैंडे, जिराफ और हाथियों को खाना भी खिलाया। वैश्विक दृष्टि से उन्होंने देश में वन्यजीव देखभाल और संरक्षण को आगे बढ़ाने के लिए भारत के प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता की भी सराहना की। फॉस्टर केयर सेंटर, जो अनाथ और संवेदनशील/कमजोर छोटे जानवरों के लिए समर्पित है, वहाँ मेस्सी ने उनके संघर्ष और पुनर्निर्माण की प्रेरक यात्राओं के बारे में जाना। एक भावुक और हृदयस्पर्शी क्षण में अनंत अंबानी और राधिका अंबानी ने मिलकर एक शेर के शावक का नाम "लियोनेल" रखा—यह नाम अब आशा और निरंतरता का प्रतीक बन गया है, जो फुटबॉल दिग्गज के सम्मान में दिया गया। दौरे का सबसे खास आकर्षण एलिफेंट केयर सेंटर रहा, जहाँ मेस्सी मणिकलाल से मिले—एक बचाया गया हाथी का बच्चा, जिसे दो साल पहले उसकी बीमार माँ प्रतिमा के साथ लकड़ी उद्योग में कठोर श्रम से मुक्त कराया गया था। एक ऐसी घटना में जिसने पूरे केंद्र का दिल जीत लिया, मेस्सी ने मणिकलाल के साथ अचानक एक फुटबॉल-आधारित एनरिचमेंट गतिविधि में भाग लिया और खेल व खेलभावना की सार्वभौमिक भाषा का सुंदर प्रदर्शन किया। हाथी के बच्चे ने इस गतिविधि पर उत्साह से प्रतिक्रिया दी और खेल-खेल में ऐसे अंदाज दिखाए, जिनसे उसकी उभरती क्षमताएँ झलकती थीं—यह पल मेस्सी की भारत यात्रा के सबसे यादगार क्षणों में से एक बन गया। अनंत अंबानी ने वांतारा आने और जानवरों व मानवता के प्रति निस्वार्थ रूप से प्रेरणा देने के लिए मेस्सी का आभार व्यक्त किया। इसके उत्तर में मेस्सी ने स्पेनिश में कहा, "वांतारा जो करता है, वह सचमुच बहुत सुंदर है—जानवरों के लिए किया जाने वाला काम, उन्हें मिलने वाली देखभाल, और जिस तरीके से उन्हें बचाकर सुरक्षित रखा जाता है। यह वास्तव में प्रभावशाली है। हमने यहाँ बहुत अच्छा समय बिताया, पूरे समय खुद को पूरी तरह सहज महसूस किया, और यह एक ऐसा अनुभव है जो आपके साथ बना रहता है। इस अर्थपूर्ण कार्य को प्रेरित करने और समर्थन देने के लिए हम निश्चित रूप से फिर से आएँगे।"

यात्रा के अंत में मेस्सी ने नारियल उत्सर्ग और मटकी फोड़ जैसे पारंपरिक अनुष्ठानों में भाग लिया, जो सद्भावना और शुभ आरंभ का प्रतीक माने जाते हैं। समारोह शांति और कल्याण के मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ, जिसने उन साझा मूल्यों को रेखांकित किया जो वांतारा के मिशन को मेस्सी की वैश्विक विरासत से जोड़ते हैं। विश्वभर में सामाजिक कार्यों, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और बच्चों के कल्याण के लिए समर्पित लियो मेस्सी फाउंडेशन का नेतृत्व करने वाले मेस्सी ने वांतारा के उद्देश्य के साथ गहरा जुड़ाव व्यक्त किया और जानवरों के लिए करुणामय, विज्ञान-आधारित देखभाल की उसकी दृष्टि की सराहना की।

## राज्यसभा में कांग्रेस पर जमकर बरसे केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा

# चुनाव आयोग पर लंबे समय तक रहा एक परिवार का नियंत्रण, एसआईआर प्रक्रिया मतदाता सूची को शुद्ध करना निर्वाचन आयोग का संवैधानिक अधिकार




**सदन में चर्चा से कभी पीछे नहीं हटती मोदी सरकार**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष देश को ईवीएम और चुनाव आयोग को लेकर गुमराह कर रहा है। उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया नई नहीं है, यह लोकसभा में 1952 से चल रही है। यह 1952, 1957 और 1961 में कराया गया था, जब जवाहरलाल नेहरू पीएम थे। 1965 में, जब लालबहादुर शास्त्री पीएम थे। 1983 में जब इंदिरा गांधी पीएम थीं। 1987 और 1989 में जब राजीव गांधी पीएम थे। उन्होंने कहा कि 2002 में और 2004 में भी कराया गया। अटल जी को छोड़कर, जब भी एसआईआर किया गया, पीएम कांग्रेस से थे। नड्डा ने आरोप लगाया कि पिछले चार महीनों में ऐसा माहौल बनाया गया जैसे चुनाव में धांधली हो रही हो। उन्होंने 'वोट चोरी और ईवीएम' में गड़बड़ी जैसे आरोप को लेकर कांग्रेस पर जमकर निशाना भी साधा और कांग्रेस पर देश को चुनाव आयोग और ईवीएम को लेकर गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक चुनाव आयोग का काम एक परिवार द्वारा नियंत्रित पार्टी के जिम्मे रहा, लेकिन उस पर कभी सवाल नहीं उठाए गए।

**सरकार का लोकतंत्र और संसदीय व्यवस्था में विश्वास**


राज्यसभा में जवाब देते केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा

### 2010 के बाद किसी का नाम नहीं हटा

जेपी नड्डा ने आगे कहा कि साल 2010 के बाद से मतदाता सूची से किसी का नाम नहीं हटाया गया है, इसलिए अब इसका पुनरीक्षण और भी ज्यादा जरूरी हो गया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि चुनाव आयोग पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ अपने संवैधानिक कर्तव्यों का पालन करेगा। जेपी नड्डा ने कहा कि मोदी सरकार संसद में किसी भी मुद्दे पर चर्चा से कभी पीछे नहीं हटती। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार लोकतंत्र और संसदीय व्यवस्था में पूरा विश्वास रखती है और हर विषय पर खुले मन से चर्चा के लिए तैयार रहती है।

### एसआईआर प्रक्रिया संवैधानिक और जरूरी

जेपी नड्डा ने कहा कि संविधान ने चुनाव आयोग को यह अधिकार दिया है कि वह समय-समय पर मतदाता सूची की जांच और सत्यापन कर सके। एसआईआर प्रक्रिया पूरी तरह संवैधानिक और जरूरी है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की सबसे बड़ी जिम्मेदारी यह है कि कोई भी योग्य नागरिक वोट देने के अधिकार से वंचित न हो और साथ ही कोई भी अयोग्य व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न रहे। इसी संतुलन को बनाए रखने के लिए एसआईआर जरूरी है।

## 'जी राम जी विधेयक' पर रार

### नाम बदलने की सनक समझ नहीं आती: प्रियंका



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम' (मनरेगा) के स्थान पर दूसरा विधेयक लाए जाने को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि योजनाओं के नाम बदलने की सनक समझ नहीं आती। प्रियंका ने कहा कि मनरेगा के स्थान पर लाया गया 'विकसित भारत जी राम जी' विधेयक गलत लगता है और इसे वापस लिया जाना चाहिए।

### पीएम को महात्मा गांधी के विचारों से नफरत: राहुल



कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मनरेगा के स्थान पर लगाए गए 'विकसित भारत-जी राम जी विधेयक, 2025' को महात्मा गांधी के आदर्शों का अपमान करार दिया और आरोप लगाया कि पीएम नरेंद्र मोदी को राष्ट्रपिता के विचारों तथा गरीबों के अधिकारों से नफरत है। कांग्रेस इस 'जन विरोधी' विधेयक का सड़क से लेकर संसद तक पुरजोर विरोध करेगी।

### गांधी के नाम को बदनाम न करो: शशि थरूर



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने देव आनंद की मशहूर फिल्म 'हरे रामा हरे कृष्णा' के एक गीत का उल्लेख करते हुए सत्तापक्ष पर कटाक्ष किया कि 'देखो ओ दीवानो तुम ये काम न करो, राम का नाम बदनाम न करो। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का राम राज्य का दृष्टिकोण कभी भी पूरी तरह से राजनीतिक प्रोजेक्ट नहीं था। यह एक सामाजिक-आर्थिक ब्लूप्रिंट था जो गांवों को मज़बूत बनाने पर आधारित था और ग्राम स्वराज में उनका अटूट विश्वास उस दृष्टिकोण का मुख्य हिस्सा था।

## 'सबका बीमा, सबकी सुरक्षा' विधेयक, बीमा क्षेत्र में 100% एफडीआई



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बीमा क्षेत्र में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) को 100 प्रतिशत तक बढ़ाने के प्रावधान वाला विधेयक मंगलवार को लोकसभा में पेश किया। 'सबका बीमा सबकी रक्षा (बीमा कानूनों में संशोधन) विधेयक, 2025', बीमा अधिनियम, 1938, जीवन बीमा निगम अधिनियम, 1956 और बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1999 में संशोधन करने के लिए लाया जा रहा है। संशोधन से बीमा क्षेत्र में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश की सीमा 74 प्रतिशत से बढ़कर 100 प्रतिशत हो जाएगी। वित्त मंत्री ने कहा कि विधेयक पॉलिसीधारकों के हितों की रक्षा के लिए पॉलिसीधारक शिक्षा और संरक्षण कोष की स्थापना का प्रावधान करता है। इससे बीमा कंपनियों, मध्यस्थों और अन्य हितधारकों के लिए व्यापार करने में आसानी होगी, विनियमन बनाने में पारदर्शिता आएगी और क्षेत्र पर नियामक निगरानी बढ़ेगी।


## आंगनवाड़ी कार्यकताओं का मानदेय दोगुना करें: सोनिया



राज्यसभा में कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी ने आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के ऊपर काम का जबरदस्त दबाव और उन्हें कम मानदेय दिए जाने का दावा करते हुए सरकार से अनुरोध किया कि देश भर में आईसीडीएस की तीन लाख रिक्तियों को भरा जाए और इनके मानदेय में केंद्र द्वारा दिए जाने वाले अंशदान को दोगुना किया जाए। उन्होंने कहा कि ढाई हजार से अधिक आबादी वाले गांवों में अतिरिक्त आशा कार्यकर्ताओं की नियुक्ति की जाए तथा बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा में मदद के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की संख्या दोगुनी की जाए।


**खबर संक्षेप**

### पंजाब के तीन शहरों में शराब- मांस पर रोक



**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने राज्य के तीन प्रमुख धार्मिक शहरों को लेकर बड़ा फैसला लिया है। गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव आलोक शेखर ने बताया कि पंजाब के राज्यपाल को यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि जिला अमृतसर का चारदीवारी क्षेत्र (वॉल्ड सिटी), जिला रूपनगर का श्री आनंदपुर साहिब नगर और जिला बठिंडा का तलवंडी साबो (श्री दमदमा साहिब) अब पंजाब राज्य के पवित्र शहर होंगे। फैसले के बाद इन इलाकों में शराब, तंबाकू और मांस जैसे उत्पादों की बिक्री और उपयोग पर सख्त प्रतिबंध लगाया जाएगा।

### मंत्री माणिकराव कोकाटे पर गिरफ्तारी का खतरा



**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार के खेल मंत्री माणिकराव कोकाटे पर जिला सत्र न्यायालय के फैसले के बाद गिरफ्तारी का खतरा मंडरा रहा है। उनका मंत्री पद भी खतरे में है। सरकारी कोटे के 10 प्रतिशत फ्लैट्स के गबन के मामले में दो साल की जेल और 10,000 रुपये का जुर्माने की सजा को जिला सत्र न्यायालय ने बरकरार रखा है। इसी साल अगस्त में विधानसभा में रमी खेलते हुए वीडियो वायरल होने के बाद माणिकराव कोकाटे का विभाग बदला गया था। पहले माणिकराव कोकाटे के पास कृषि विभाग था, जिसे बदलकर खेल मंत्रालय दिया गया था।

## निर्वाचन आयोग ने बंगाल में मसौदा मतदाता सूची प्रकाशित की

# एसआईआर में 58 लाख से अधिक नाम हटाए अब 7.08 करोड़ लोगों को ही वोट का अधिकार

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची का मसौदा प्रकाशित किया जिसमें अधिकारियों ने बताया कि मृत्यु, पलायन और गणना प्रपत्र जमा न करने सहित विभिन्न कारणों से 58 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 4 नवंबर से 11 दिसंबर तक आयोजित एसआईआर अभ्यास के बाद मसौदा मतदाता सूची से 58,20,898 नाम हटा दिए गए हैं, जिससे राज्य के मतदाताओं की संख्या 7.66 करोड़ से घटकर 7.08 करोड़ हो गई है। आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि प्रभावित मतदाताओं के लिए सुनवाई प्रक्रिया लगभग एक सप्ताह में शुरू हो जाएगी। इसका कारण सुनवाई नोटिसों की छपाई, संबंधित मतदाताओं को नोटिस भेजने और चुनाव आयोग के डेटाबेस पर उनका 'डिजिटल बैकअप' बनाना है।

निर्वाचन आयोग ने इस बात पर जोर दिया कि मसौदा मतदाता सूची से नाम हटाए जाने का मतलब प्रभावित मतदाताओं के लिए चुनाव प्रक्रिया का अंत नहीं है। प्रभावित व्यक्ति मसौदा सूची के प्रकाशन के बाद 16 दिसंबर, 2025 से 15 जनवरी 2026 तक दावों और आपत्तियों को प्राप्त करने के लिए निर्धारित अवधि के दौरान घोषणा पत्र और सहायक दस्तावेजों के साथ प्रपत्र-6 में अपने दावे प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही आयोग को लगभग 85 लाख मतदाताओं के गणना प्रपत्र प्राप्त हुए हैं, जिनमें 2002 की सूची के साथ नामों में असंगतियां पाई गई हैं। इन्हें भी सुनवाई के लिए तलब किया जा सकता है।

*प्रभावितों के लिए सुनवाई एक सप्ताह बाद शुरू होगी*

*85 लाख वोटर्स के गणना पत्र के नामों में विसंगति*

### सीएम के निर्वाचन क्षेत्र से 44,787 नाम हटाए


नई दिल्ली स्थित केंद्रीय चुनाव आयोग कार्यालय

सीएम ममता बनर्जी का भवानीपुर निर्वाचन क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक के रूप में उभरा है। भवानीपुर में जनवरी 2025 में सूचीबद्ध 2,06,295 मतदाताओं में से 44,787 नाम हटाए गए, जो विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के नंदीग्राम क्षेत्र में हुए हटाए गए नामों (2,78,212 मतदाताओं में से 10,599 नाम) की तुलना में लगभग चार गुना अधिक है।

**सर्वाधिक नाम चौरंगी विधानसभा से हटे**

*राज्य के 294 विधानसभा क्षेत्रों में सबसे अधिक नाम हटाए जाने का मामला उत्तर कोलकाता के चौरंगी में सामने आया, जिसका प्रतिनिधित्व तृणमूल कांग्रेस की विधायक नयना बंद्योपाध्याय करती हैं। यहां 74,553 नाम मतदाता सूची से काटे गए। वरिष्ठ मंत्री और कोलकाता के महापौर फिरहाद हकीम के निर्वाचन क्षेत्र कोलकाता पोर्ट से 63,730 नाम हटाए गए। वहीं, मंत्री आरूप बिस्वास के टॉलीगंज क्षेत्र में 35,309 नाम हटाए गए।*

### यह तो बस शुरुआत है शुभेंदु अधिकारी ने कहा



मतदाता सूची जारी होने के तुरंत बाद सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा और निर्वाचन आयोग पर 'संयुक्त साजिश' का आरोप लगाते हुए दावा किया कि 'लगभग दो करोड़ मतदाताओं की सुनवाई' की संभावना नागरिकों को डराने और उनकी नागरिकता पर सवाल उठाने का एक प्रयास है। भाजपा ने इन आरोपों को खारिज कर दिया। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने इन आरोपों का मजाक उड़ाते हुए कहा कि यह तो बस शुरुआत है। नाश्ता तो अभी शुरू हुआ है। दोपहर का भोजन, चाय और फिर रात का खाना भी होगा।

### 'एक करोड़ रोहिंग्या' का दावा गलत: तृणमूल

तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कृषानु मित्रा ने कहा कि राज्य की मसौदा मतदाता सूची ने भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के इस दावे को पूरी तरह से गलत साबित कर दिया है कि राज्य में 'एक करोड़ रोहिंग्या और बांग्लादेशी' रहते हैं, क्योंकि फर्जी मतदाताओं के तौर पर चिह्नित लोगों की संख्या 1,83,328 बताई गई है। उन्होंने कहा कि हमारे अनुसार लगभग 80 प्रतिशत मुस्लिम बहुल निर्वाचन क्षेत्रों में नाम हटाने की औसत दर 0.6 प्रतिशत है, जबकि मतुआ बहुल क्षेत्रों में यह दर लगभग 9 प्रतिशत है।

### बंगाल के खेलमंत्री विश्वास की इस्तीफे की पेशकश

पश्चिम बंगाल के खेल मंत्री अरूप बिस्वास ने कोलकाता के सॉल्ट लेक स्टेडियम में अर्जेंटीना के मशहूर फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी के कार्यक्रम के कुप्रबंधन को लेकर हाल ही में हुए विवाद के मद्देनजर अपने पद से इस्तीफे की पेशकश की है। तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष ने एक फेसबुक पोस्ट में बिस्वास द्वारा सीएम ममता बेनर्जी को लिखे गए इस्तीफे की प्रति साझा की, जिसमें उन्होंने राज्य के खेल मंत्री के रूप में अपने दायित्वों से मुक्त करने का अनुरोध किया है।



### जांच के लिए एसआईटी गठित

स्टेडियम में हुई तोड़फोड़ की जांच के लिए मुख्य सचिव मनोज पंत ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों वाली चार सदस्यीय एसआईटी गठित की है। मुख्य सचिव ने बताया कि कर्तव्य में लापरवाही के लिए डीसीपी बिधाननगर अनीश सरकार को निलंबित कर दिया गया है और विभागीय कार्यवाही शुरू कर दी गई है। खेल सचिव राजेश कुमार सिन्हा को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है और स्टेडियम के सीईओ नंदन की सेवाएं वापस ले ली गई हैं।

## जस्टिस वर्मा ने दी जांच को चुनौती

# कैश कांड मामले में सुप्रीम कोर्ट याचिका पर सुनवाई के लिए राजी


जस्टिस वर्मा


सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा की उस याचिका पर सुनवाई करने की सहमति दे दी, जिसमें उन्होंने लोकसभा स्पीकर द्वारा गठित जांच समिति की वैधता को चुनौती दी है। यह समिति जज पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कर रही है। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस ऑगस्टाइन जॉर्ज मसीह की पीठ ने लोकसभा स्पीकर के कार्यालय तथा लोकसभा और राज्यसभा के महासचिवों को नोटिस जारी किया और उनसे जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 7 जनवरी 2026 को निर्धारित की गई है। जांच समिति में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश अरविंद कुमार, मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव और कर्नाटक उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता बीवी आचार्य शामिल हैं। यह जांच समिति लोकसभा स्पीकर ओम बिरला द्वारा 12 अगस्त 2025 को जजेस (इंक्वायरी) एक्ट, 1968 की धारा 3(2) के तहत गठित की गई थी।

### दोनों सदनों की मंजूरी जरूरी

जस्टिस वर्मा की याचिका में लोकसभा स्पीकर के 12 अगस्त 2025 के उस निर्णय को असंवैधानिक करार देने की मांग की गई है, जिसमें केवल लोकसभा स्पीकर ने एकतरफा समिति गठित की। याचिका में कहा गया है कि यह संविधान के अनुच्छेद 124, 217 और 218 का उल्लंघन है तथा जजेस (इंक्वायरी) एक्ट, 1968 की निर्धारित प्रक्रिया के विपरीत है। याचिका के अनुसार, जब दोनों सदनों में जज के हटाने का प्रस्ताव पेश किया जाता है या स्वीकार किया जाता है, तो जांच समिति का गठन लोकसभा स्पीकर और राज्यसभा चेयरमैन द्वारा संयुक्त रूप से किया जाना चाहिए, न कि केवल लोकसभा स्पीकर द्वारा एकतरफा। याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि प्रस्ताव दोनों सदनों में पेश होने की स्थिति में समिति का गठन संयुक्त रूप से अनिवार्य है।

### यह है पूरा मामला

यह समिति 14 मार्च 2025 को जस्टिस वर्मा के दिल्ली स्थित सरकारी आवास के स्टोररूम में आग लगने की घटना के बाद मिले जले हुए नकदी के बंडलों से जुड़े आरोपों की जांच कर रही है। आग बुझाने पहुंची दिल्ली फायर सर्विस और पुलिस कर्मियों ने जलें हुए नोटों के ढेर पाए थे, जिसके बाद भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे। इस घटना के बाद जस्टिस वर्मा को दिल्ली हाईकोर्ट से उनके मूल हाईकोर्ट इलाहाबाद ट्रांसफर कर दिया गया और उनकी न्यायिक जिम्मेदारियां छीन ली गईं। पूर्व सीजेआई संजीव खन्ना द्वारा गठित एक इन-हाउस जांच समिति ने भी आरोपों में दम पाया।

## दिल्ली प्रदूषण को मंत्री सिरसा ने बताया बड़ी चुनौती

# मांगी माफी, बोले- 9 से 10 महीने नहीं थे काफी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री, मंजीत सिंह सिरसा ने स्वीकार किया है कि नौ-दस महीनों में प्रदूषण को पूरी तरह खत्म करना किसी भी सरकार के लिए असंभव कार्य है। उन्होंने इसे बड़ी चुनौती बताते हुए दिल्लीवासियों से इस संबंध में माफी मांगी है, लेकिन साथ ही आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के कार्यकाल की तुलना में दैनिक वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) को कम करने के लिए अथक प्रयास करने का आश्वासन भी दिया है। उनका यह बयान स्वीकारोक्ति के साथ-साथ जमीनी हकीकत को भी दर्शाता है।

कल से बिना पीयूसी के वाहनों को नहीं मिलेगा पेट्रोल-डीजल

कंस्ट्रक्शन मटेरियल लाते ट्रक को करेंगे सीज, लगेगा भारी जुर्माना

### आप सरकार पर साधा निशाना


मंत्री मंजीत सिंह सिरसा


दिल्ली एयरपोर्ट पर विमान

मंत्री सिरसा ने अपने बयान में अप्रत्यक्ष रूप से आम आदमी पार्टी सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि मैं दिल्ली के निवासियों को यह आश्वासन देना चाहता हूं कि हमने आम आदमी पार्टी सरकार की तुलना में हर दिन एक्यूआई को कम करने के लिए अथक प्रयास किया है। यह बयान दिल्ली में प्रदूषण की समस्या को लेकर चल रही राजनीतिक बयानबाजी को भी दर्शाता है, जहां विभिन्न दल एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहते हैं।

### दिल्ली आने वाले बीएस-6 मानक से नीचे के वाहन प्रतिबंधित

सिरसा ने कहा कि 18 दिसंबर से राजधानी में बिना पीयूसी के किसी भी वाहन को पेट्रोल या डीजल नहीं दिया जाएगा। गुरुवार से यह नियम पूरी तरह लागू हो जाएगा। नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यदि कोई ट्रक कंस्ट्रक्शन मटेरियल लाता हुआ पाया गया तो संबंधित वाहन को सीज किया जाएगा और उस पर भारी जुर्माना भी लगाया जाएगा। इसके साथ ही दिल्ली के बाहर से आने वाले बीएस-6 मानक से नीचे के वाहनों पर अगले आदेश तक प्रतिबंध जारी रहेगा।

### दिल्ली एयरपोर्ट में कम दृश्यता के कारण 126 उड़ानें रद्द

दिल्ली हवाई अड्डे पर कम दृश्यता के कारण उड़ान संचालन बाधित हुआ जिसके परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि खराब दृश्यता के कारण अब तक 49 प्रस्थान और 77 आगमन उड़ानें रद्द की जा चुकी हैं। दिल्ली हवाई अड्डे ने यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि दिल्ली एयरपोर्ट पर कुछ प्रस्थान और आगमन (की उड़ानें) अभी भी प्रभावित हो सकती हैं। यात्रियों की मदद और जरूरी सहयोग के लिए हमारे ग्राउंड स्टाफ सभी टर्मिनल पर उपलब्ध हैं। इसी बीच, इंडिगो ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि जैसे-जैसे सर्दी का मौसम शुरू हो रहा है, उत्तर भारत में सुबह-सुबह कोहरा छा सकता है, जिससे कभी-कभी उड़ानों की आवाजाही धीमी हो सकती है। दिल्ली हवाई अड्डे पर खराब मौसम के कारण हुई बाधाओं के चलते उसने मंगलवार को 110 उड़ानें रद्द कर दीं। हमारी टीम पूरी तरह से तैयार हैं और मौसम की स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही हैं।

## सीजेआई सूर्यकांत ने मांगा जवाब

# 3 हफ्तों में बताओ, लव जिहाद कानून की जरूरत क्या है?, 28 जनवरी को सुनवाई

*राज्यों को जवाब दाखिल करने के निर्देश*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूपी, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, एमपी, गुजरात समेत कई राज्यों में 'लव जिहाद' और अनैतिक धर्मांतरण को रोकने वाले कानून बन चुके हैं। इन कानूनों को चुनौती देने वाली याचिकाएं अभी सुप्रीम कोर्ट में लंबित हैं। इसी बीच अखिल भारतीय पसमांदा मुस्लिम मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष जावेद मलिक ने इन कानूनों के समर्थन में याचिका दाखिल की है। उनकी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई फिलहाल टल गई है। सुप्रीम कोर्ट अब 28 जनवरी को सुनवाई करेगा।


चीफ जस्टिस सूर्यकांत

चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि वे जनवरी के तीसरे हफ्ते में इस मामले की फाइनल हियरिंग के लिए लिस्ट करेंगे। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों से कहा है कि वे तीन हफ्तों के भीतर अपना जवाब दाखिल करें। जावेद मलिक की याचिका को भी सुप्रीम कोर्ट ने आश्वासन दिया है कि इसे बाकी याचिकाओं के साथ ही सुना जाएगा। जावेद मलिक ने अपनी याचिका में स्पष्ट तौर पर कहा है कि वह इन राज्यों द्वारा बनाए गए कानूनों का समर्थन करते हैं और चाहते हैं कि उन याचिकाओं को खारिज कर दिया जाए, जो इन कानूनों को चुनौती दे रही हैं।

**कानून का गलत इस्तेमाल होने की संभावना**

इन याचिकाओं को जमीयत उलेमा-ए-हिंद और सिटीजन फॉर जस्टिस एंड पीस जैसे संगठन भी दाखिल कर चुके हैं। उनका कहना है कि ये कानून अंतर-धार्मिक जोड़ों को परेशान करने और व्यक्तिगत फैसलों में हस्तक्षेप करने का जरिया बन गए हैं। उनका आरोप है कि इन कानूनों की आड़ में कोई भी व्यक्ति बिना वजह धर्मांतरण के आरोप में फंस सकता है। इस तरह के मामलों में अक्सर लोगों की निजी जिंदगी में दखल दिया जाता है और सामाजिक तनाव भी बढ़ता है।

## मात्र लगभग 50 हजार रुपए की लागत से दो अत्याधुनिक फॉगर मशीनें तैयार कीं

# निगम ने कबाड़ से बनाई फॉगर मशीन, आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाया

**जबलपुर।** नगर निगम ने आत्मनिर्भरता की दिशा में एक नया उदाहरण प्रस्तुत किया। नगर निगम के वर्कशॉप विभाग ने कबाड़ का रचनात्मक उपयोग करते हुए मात्र लगभग 50 हजार रुपए की लागत से दो अत्याधुनिक फॉगर मशीनें तैयार कीं। ये मशीनें अब शहर की वायु गुणवत्ता सुधारने और स्वच्छता कार्यों में सहायक बन चुकी हैं। महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने बताया कि बाजार में इस प्रकार की मशीनों की अनुमानित कीमत 80 लाख से 1 करोड़ रुपए होती है। नगर निगम ने अपने आंतरिक संसाधनों का उपयोग कर इसे केवल 50 हजार रुपए में तैयार किया। यह पहल सरकारी खर्च में भारी बचत और संसाधनों के कुशल उपयोग का उदाहरण है। ये मशीनें केवल पानी छिड़काव के लिए नहीं, बल्कि नाला-नालियों की




सफाई, सड़कों और डिवाइडरों की धुलाई के अलावा निर्माण स्थलों और सड़कों से उठने वाली धूल को नियंत्रित कर शहर की वायु गुणवत्ता सुधारने में सहायक होंगी।

महापौर ने निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार और वर्कशॉप विभाग की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम दर्शाता है कि नगर निगम बाहरी निर्भरता कम कर, अपने कर्मचारियों की मेहनत और नवाचार से बड़े कार्य सफलतापूर्वक कर सकता है। यह कदम 'आत्मनिर्भर नगर निगम' की दृष्टि को मजबूत करता है। इन फॉगर वाहनों को महापौर श्री अन्नू, अध्यक्ष रिंकुज विज और निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने एमआईसी सदस्यों और पार्षदगणों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, विवेकराम सोनकर, दामोदर सोनी, श्रीमती रजनी कैलाश साहू, पार्षदगण, निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार, अपर आयुक्त व्ही.एन. बाजपेयी, कार्यपालन यंत्री जी.एस. मरावी सहित अन्य अधिकारी और नागरिक उपस्थित रहे।



## त्रिपुरी चौक से तिलवारा तक मुख्य मार्ग हुई चकाचक

# नगर निगम का 'मेगा स्वच्छता अभियान' शुरु

**जबलपुर।** नगर निगम ने संभाग क्रमांक 1 के अंतर्गत एक बृहद स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान के दौरान त्रिपुरी चौक से तिलवारा घाट तक लगभग 6 किलोमीटर के मुख्य मार्ग को साफ-सुथरा किया गया और तिलवारा घाट को नया, स्वच्छ स्वरूप प्रदान किया गया।

निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि इस अभियान में लगभग 45 श्रमिकों को मुख्य मार्ग के दोनों किनारों की डीप क्लीनिंग के लिए लगाया गया। सड़क की गहन सफाई के साथ-साथ अस्थाई अतिक्रमणों को हटाया गया, जिससे मार्ग की चौड़ाई बढ़ी और आवागमन सुगम हुआ। अभियान के दौरान मेडिकल अस्पताल तिराहे पर विशेष ध्यान दिया गया। यहाँ 40 दुकानदारों के विरुद्ध चालान और जुर्माना कार्रवाई की गई। दुकानदारों को सड़क पर गंदगी फैलाने, अतिक्रमण करने, डस्टबिन न रखने और प्रतिबंधित पॉलीथिन के उपयोग के लिए दंडित किया गया। अभियान के संचालन में अपर आयुक्त देवेन्द्र सिंह चौहान, उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, अतिक्रमण अधिकारी मनीष तड़से, सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक संतोष माहोर, स्वास्थ्य निरीक्षक अक्षय कोरी समेत अन्य सुपरवाइजर्स उपस्थित रहे।

# प्राचार्य एवं शिक्षक बच्चों की शैक्षणिक गतिविधियों पर ध्यान दें : डीईओ

**जबलपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी द्वारा जिले में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के उद्देश्य से लगातार विद्यालयों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में मझौली विकासखंड के शास. उमावि पोला और शास. कन्या उमावि मझौली का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक संचालक एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी मझौली अतुल चौधरी भी उपस्थित रहे।



निरीक्षण के दौरान शास. कन्या उमावि पोला में अकादमिक अव्यवस्थाएं देखी गईं। निरीक्षण में पाया गया किः शिक्षकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण अध्यापन कार्य नहीं किया जा रहा। वन-लाइनर प्रश्नों का प्रयोग नहीं किया जा रहा। शिक्षक बच्चों को पढ़ाने में पर्याप्त संवेदनशील नहीं दिखे। प्राचार्य द्वारा शिक्षकों की अकादमिक गतिविधियों का विधिवत निरीक्षण नहीं किया गया। शिक्षक पढ़ाई में गाइड का प्रयोग कर रहे थे, जबकि डीईओ द्वारा सभी विद्यालयों में इस पर प्रतिबंध लगाया गया है। शिक्षक अपनी पढ़ाई जाने वाली विषयवस्तु स्पष्ट रूप से प्रस्तुत नहीं कर पा रहे थे। जिला शिक्षा अधिकारी डीईओ घनश्याम सोनी ने प्राचार्य सहित सभी शिक्षकों को "दो वेतन वृद्धि रोकने का कारण बताओ पत्र" जारी किया।

निरीक्षण के दौरान शिक्षकों को निर्देशित किया गया किः बच्चों की पढ़ाई को योजनाबद्ध तरीके से कराएं। प्रत्येक बच्चे की सभी जानकारी संकलित हो, ताकि शिक्षक हर बच्चे पर नजर रख सकें। पढ़ाई में गति और गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए।

### जबलपुर रेलवे स्टेशन पर जीएसटी की बड़ी कार्रवाई, अवैध तांबा और बीड़ी जब्त

**जबलपुर।** कर चोरी और अवैध माल परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए केन्द्रीय जीएसटी, एंटी-इवेज़न शाखा, जबलपुर ने रेलवे स्टेशन पर व्यापक छापेमारी की। इस कार्रवाई का मार्गदर्शन आयुक्त केन्द्रीय जीएसटी लोकेश कुमार लिल्हारे ने किया। जांच के दौरान रेलवे प्लेटफॉर्म क्षेत्र में तांबे (कॉपर) का स्क्रैप और बीड़ी जैसी करयोग्य वस्तुएँ वैध कर दस्तावेजों (टैक्स इनवॉइस या ई-वे बिल) के बिना पाए गए। टीम ने संबंधित माल को अभिरक्षा में ले लिया और माल के प्रेषक तथा प्राप्तकर्ता से आवश्यक दस्तावेज और स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के लिए कहा। कड़ाई से कार्रवाई का अल्टीमेटमः केन्द्रीय जीएसटी आयुक्तालय ने स्पष्ट किया है कि जांच के निष्कर्षों के आधार पर कर, ब्याज और जुर्माने की कार्रवाई कड़ी से कड़ी की जाएगी। आयुक्तालय ने यह चेतावनी भी दी है कि कर चोरी और अवैध माल परिवहन के खिलाफ ऐसी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# निगम का 'अतिक्रमण हटाओ' महा अभियान हुआ तेजः शहर की सड़कों को मिल रही राहत

**जबलपुर।** नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देश पर, शहर में यातायात सुगम बनाने और सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए एक व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत कई महत्वपूर्ण स्थानों से वर्षों पुराने अवैध कब्जे हटाए गए, जिससे शहरवासियों को बेहतर आवागमन और सार्वजनिक स्थानों का सुरक्षित उपयोग सुनिश्चित हुआ। सड़क और यातायात सुधारः करमेता मेन रोड पर असुरक्षित रूप से लटका हुआ बैरियर तुरंत हटाया गया। मंडी मदर टेकरी में सड़क मार्ग से लगकर वर्षों से जमे अतिक्रमणों को हटाकर यातायात सुगम बनाया गया।

**अस्थायी अतिक्रमणों पर कार्रवाई-** तीन पत्ती से लेकर पुराना बस स्टैंड तक की मुख्य सड़क पर जमे 10-15 ठेले, टपरे और अन्य अस्थाई अतिक्रमण हटाए गए। इसके अलावा सड़क पर खड़े चार पहिया वाहनों को भी हटाया गया। कबाड़ और लावारिस वाहनों पर कार्रवाईः गुरंदी क्षेत्र में वर्षों से खड़ी लावारिस गाड़ियों को जब्त किया गया।



**सुरक्षा मानदंडों की जाँच-** तिलहरी रोड स्थित 'लार्ड ऑफ द ड्रिंक पब' में सुरक्षा मापदंडों की गहन जांच की गई। नववर्ष के आयोजन को ध्यान में रखते हुए शहर की प्रमुख होटलों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था की विशेष निगरानी की गई।

**तिलवारा घाट का सौंदर्यीकरण-** धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण तिलवारा घाट में भी विशेष अभियान चलाकर क्षेत्र को साफ-सुथरा और आकर्षक बनाया गया।

अभियान के दौरान अतिक्रमण अधिकारी, नगर निगम के अन्य अधिकारी और सुपरवाइजर्स ने निगरानी रखी और अभियान को व्यवस्थित रूप से संचालित किया। इस महा-अभियान से न केवल शहर की सड़कों पर यातायात सुगम हुआ, बल्कि सार्वजनिक स्थलों की सुरक्षा और सौंदर्यीकरण भी सुनिश्चित हुआ, जिससे जबलपुर शहरवासियों को साफ-सुथरी और व्यवस्थित नगरीय व्यवस्था का अनुभव मिलेगा।



# टीआई ने सब्बल से की खुदाई, जमीन के अंदर से निकला महुआ लाहन

**जबलपुर।** पुलिस ने मंगलवार को तडके अलग अलग रांझी और खमरिया थाना इलाकों में अवैध शराब के मामले में कार्यवाही करते हुए करीब 20 हजार लीटर लाहन बरामद कर उसे नष्ट किया। इस कार्यवाही के दौरान खुद रांझी थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने मोर्चा संभालते हुए बापूनगर के समीपी जंगल में जमीन में छुपाकर रखा गया लाहन को निकालने हाथों में सब्बल उठाई और जैसे ही खुदाई की अंदर लाहन का स्टाक पाया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पुलिस की संयुक्त टीम ने अवैध शराब बनाने के लिए कुख्यात रांझी बाबू नगर खेरमाई मंदिर से लगे जंगल क्षेत्र में छापा मारकर जमीन में छुपाकर रखें गये 10 सिंटेक्स की टंकियां और 30 ड्रमों को बरामद किया। जिसमें करीब 20 हजार लीटर लाहन रखा गया था। इसके अलावा आरोपी द्वारा अन्य स्थानो पर रखा गया महुआ लाहन व कच्ची शराब बरामद करने की कार्यवाही की जा रही है।

### हुई अवैध हथियार व शराब कारोबारियों की धरपकड़ तेज

**जबलपुर।** शहर पुलिस ने जुआ, सट्टा खिलाने वालों एवं अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार, के कारोबार में लिप्त आरोपियों के साथ साथ चोरी, नकबजनी, एवं मारपीट तथा प्रकरणों एवं थानों में लंबित वारंटों को पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने आरोपियों के देशी, अंग्रेजी, कच्ची शराब और चाकू जब्त किया है। कंट्रोलरुम से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 11 आरोपियों के विरूद्ध धारा 129 बी.एन.एस.एस. (110 जा.फौ.) के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 115 व्यक्तियों के विरूद्ध 126/135 (3) बी.एन.एस.एस (107/116 जा.फौ.) के तहत, एवं 17 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 170 बी.एन.एस.एस (151 जा.फौ.) के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 3 गैरम्यादी, 32 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है तथा 12 व्यक्तियों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 70 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 15 लीटर कच्ची शराब, जप्त की गयी तथा 4 व्यक्तियो के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 4 चाकू जप्त किये गये।

## टेलीकाम फैक्टी की भूमि पर सिटी फॉरेस्ट बनाया जाए

# बीएसएनएल ने राज्य सरकार को दिया लीज का ऑफर

**जबलपुर।** शहर के बीचों बीच स्थित बीएसएनएल (टेलीकाम फैक्ट्री) की भूमि किराये या लीज पर देने के लिए मध्यप्रदेश सरकार को आफर दिया है। बीएसएनएल के आफर के अनुसार यह भूमि म.प्र. शासन किराये पर या लीज पर ले सकती है, जिससे 20 हजार पेड़ बचाकर यहां पर सिटी फॉरेस्ट, इकोलॉजी पार्क बनाया जा सकता है। इस आशय की मांग का पत्र नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ. पी.जी. नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा को भेजा है।

उपभोक्ता मंच ने कहा है कि वास्तविकता में 40.9 एकड़ की यह भूमि टेलीग्राम वर्कशाप हेतु अधिग्रहित की गई है। यह अवार्ड दिनांक 06 मई 1944 को दिया गया है। अपर कलेक्टर जबलपुर ने 25.29 एकड़ भूमि म.प्र. शासन को वापिस देने का आदेश दिनांक 15 अक्टूबर 2025 को जारी किया है। इस आदेश के खिलाफ बीएसएनएल ने हाईकोर्ट में याचिका डब्ल्यू.पी.2539/2023 दायर की जिस पर हाईकोर्ट ने 28 अक्टूबर 2023 को यथास्थिति बनाने का आदेश जारी किया है। लिहाजा बीएसएनएल यह भूमि वर्तमान स्थिति में बेच नहीं सकती है। बीएसएनएल के याचिका के खिलाफ डॉ. पी.जी. नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने हाईकोर्ट में हस्तक्षेप याचिका दायर की है।

### सिटी फॉरेस्ट बनाने का प्रोजेक्ट प्रस्तावित

राजस्व मंत्रालय के लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन विभाग द्वारा जबलपुर तथा इंदौर शहरी क्षेत्र में वित्त वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना में नगर वन, सिटी फोरेस्ट विकसित करने का प्रस्तावित किया गया था। लोक परिसम्पत्ति विभाग द्वारा जबलपुर शहरी क्षेत्र में बीएसएनएल द्वारा अधिग्रहित भूमि को पुनः राज्य शासन के पक्ष में बंदोबस्त वैष्ठित कर दिया गया है। यह प्रोजेक्ट अभी भी जारी है। यदि लीज पर टेलीग्राफ फैक्ट्री की भूमि ली जायेगी तो सिटी फॉरेस्ट के प्रोजेक्ट के अनुसार 20 हजार पेड़ बच जायेंगे।

# एसआईआर : मतदाता सूची का अंतिम वाचन आज

**जबलपुर।** निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अंतर्गत जिले के प्रत्येक मतदान केंद्र पर आज बुधवार 17 दिसम्बर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत एवं दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं की सूची का बीएलओ द्वारा वाचन किया जायेगा। सुधार के बाद सिस्टम जनरेटेड इस सूची (एएसडीआर) का यह अंतिम वाचन होगा।
उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति परस्ते के अनुसार अंतिम वाचन के दौरान ऐसा कोई मताद‌ाता जिसका नाम एएसडीआर श्रेणी में शामिल हो गया है, लेकिन यदि वह उस क्षेत्र में मौजूद है तो इसकी सूचना तुरंत बीएलओ को दी जा सकेगी और आवश्यक सुधार कराया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि एएसडीआर श्रेणी में शामिल मतदाताओं की सूची जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराई गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि यदि किसी मतदाता को मतदाता सूची में नाम या पता में संशोधन कराना हो अथवा मोबाईल नम्बर दर्ज कराना या वोटर आई डी कार्ड में रंगीन फोटो लगवानी हो तो वह भी तो मतदान केंद्र पर लगाये जा रहे कैम्प में आकर फार्म -8 भर सकता है। साथ ही ऐसे व्यक्ति जिन्हें गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हुए हैं यह मानकर की उनके नाम मतदाता सूची में नहीं है वे भी एएसडीआर सूची के अंतिम वाचन के दौरान बीएलओ से संपर्क कर अपना नाम जुड़वाने के लिये फॉर्म-6 भर सकते हैं। ज्ञात हो कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनिरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बीएलओ द्वारा मतदाताओं के घर-घर सत्यापन में पाये गये अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत और दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के (एएसडीआर) नाम 23 दिसम्बर को प्रकाशित होने वाली प्रारूप मतदाता सूची में नहीं शामिल होंगे। उनका नाम मतदाता सूची से ऐसे मतदाताओं के नाम मताद‌ाता सूची से हटा दिये जायेंगे। जागरूक मतदाता का परिचय देते हुए अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज करायें।

## लूट की घटना से फैली दहशत, व्यापारियों में गुस्सा और चिंता

## पुलिस ने इलाके की घेराबंदी की, सीसीटीवी फुटेज की जांच में जुटी

# नकाबपोश लुटेरों ने ज्वेलर्स संचालक और पुत्र को मारी गोली, 3 बैग आभूषण लेकर फरार

**जबलपुर।** पनागर में मंगलवार रात एक सनसनीखेज वारदात ने इलाके में दहशत फैलाकर रख दी। भूरा ज्वेलर्स के संचालक सुनील सोनी और उनके पुत्र सम्भव सोनी पर नकाबपोश बदमाशों ने कट्टे से फायर किया। गोली लगने से पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल निजी वाहन से अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार, रात करीब 8 बजे दुकान बंद करने के बाद सुनील सोनी अपने पुत्र के साथ घर लौट रहे थे। तभी पहले से घात लगाए बैठे नकाबपोश लुटेरों ने उनका रास्ता रोक लिया। विरोध करने पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। गोली सुनील सोनी के हाथ में लगी, जबकि उनके पुत्र को भी चोट आई। फायरिंग के बाद बदमाशों ने दुकान से तीन





बैग में भरे आभूषण लूटकर फरार हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार लुटेरों की संख्या दो से तीन थी। घटना की आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया।

पनागर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर इलाके की घेराबंदी और नाकाबंदी कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच भी शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि यह लूट पूर्व नियोजित प्रतीत होती है और आरोपियों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं।

घटना के बाद व्यापारियों में भारी आक्रोश है। स्थानीय व्यापार संघ ने पुलिस सुरक्षा पर सवाल उठाते हुए तुरंत आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। पनागर में इस वारदात के बाद लोगों में भय और चिंता का माहौल है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

### अवैध हथियार व शराब कारोबारियों की धरपकड़

**जबलपुर।** शहर पुलिस ने जुआ, सट्टा खिलाने वालों एवं अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार, के कारोबार में लिप्त आरोपियों के साथ साथ चोरी, नकबजनी, एवं मारपीट तथा प्रकरणों एवं थानों में लंबित वारंटों को पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने आरोपियों के देशी, अंग्रेजी, कच्ची शराब और चाकू जब्त किया है। कंट्रोलरुम से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 11 आरोपियों के विरूद्ध धारा 129 बी.एन.एस.एस. (110 जा.फौ.) के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 115 व्यक्तियों के विरूद्ध 126/135 (3) बी.एन.एस.एस (107/116 जा.फौ.) के तहत, एवं 17 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 170 बी.एन.एस.एस (151 जा.फौ.) के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 3 गैरम्यादी, 32 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है तथा 12 व्यक्तियों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 70 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 15 लीटर कच्ची शराब, जप्त की गयी तथा 4 व्यक्तियो के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 4 चाकू जप्त किये गये।

# 19 को जिला स्तरीय कॅरियर अवसर मेला एवं युवा संगम

**जबलपुर।** म.प्र. शासन के निर्देशानुसार स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय जिला स्तरीय कॅरियर अवसर मेला एवं युवा संगम का आयोजन 19 को प्रातः 10:30 बजे से ओ.एफ.के. शासकीय महाविद्यालय, खमरिया, जबलपुर में किया जा रहा है। संभागीय नोडल अधिकारी प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि मेले का मुख्य उद्देश्य युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ना है। मेले में कॅरियर गाइडेंस, कौशल विकास, उद्यमिता विकास योजनाओं, स्वरोजगार एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के विद्यार्थियों से अधिक संख्या में सहभागिता की अपील की है। जिला रोजगार कार्यालय के एस. एम. मरकाम ने बताया कि मेले में 12वीं से स्नातक स्तर के विद्यार्थियों के लिए प्लेसमेंट का सुनहरा अवसर उपलब्ध रहेगा। लगभग 20 निजी कंपनियों द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की जाएगी, जिसमें फुल टाइम एवं पार्ट टाइम रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। प्राचार्य डॉ. रामकुमार रजक, मेला संयोजक डॉ. श्रुति पटेल एवं डॉ. प्रतिभा दीक्षित ने बताया कि युवाओं में उद्यमिता विकास को प्रोत्साहित करने हेतु रोजगार कार्यालय, उद्योग एवं व्यापार केन्द्र, उद्यमिता विकास केन्द्र, पर्यटन विभाग सहित विभिन्न शासकीय विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से मेले में उपस्थित होकर अधिकतम लाभ उठाने का आग्रह किया है।

# भाजपा महानगर की जिला कार्यकारिणी घोषित



**जबलपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से भाजपा महानगर जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने महानगर के जिला पदाधिकारियों की घोषणा की है। नवनियुक्त पदाधिकारियों में 8 उपाध्यक्ष, 2 महामंत्री, 7 मंत्री, कोषाध्यक्ष, सह कोषाध्यक्ष, कार्यालय मंत्री, 2 सह कार्यालय मंत्री, मीडिया प्रभारी, 2 सह मीडिया प्रभारी, आईटी प्रभारी, सह आईटी प्रभारी, सोशल मीडिया प्रभारी और सह सोशल मीडिया प्रभारी शामिल हैं।

**उपाध्यक्षः** अभय सिंह ठाकुर, राजेश मिश्रा, शंकर श्रीवास्तव, रजनीश यादव, योगेन्द्र राजपूत, प्रनीत वर्मा, श्रीमती अंजू भार्गव, श्रीमती तृष्णा चटर्जी।

**महामंत्रीः** पंकज दुबे, रंजीत पटेल। मंत्रीः अशोक रोहितास, पंकज मिश्रा, संकल्प पाठक, कौशल सूरी, श्रीमती रीना राय, श्रीमती विभा उपाध्याय, मनीष जैन कल्लू,

**कोषाध्यक्षः** विवेक अग्रवाल।

**सह कोषाध्यक्षः** योगेश बिलोहा।

**कार्यालय मंत्रीः** राजेश मिश्रा।

**सह कार्यालय मंत्रीः** कमलेश नामदेव, कुसुम चौबे।

**मीडिया प्रभारीः** श्रीकान्त साहू।

**सह मीडिया प्रभारीः** रवि शर्मा, चित्रकान्त शर्मा।

**आईटी प्रभारीः** अमित जैन।

**सह आईटी प्रभारीः** श्रीमती दिव्या बाजपेयी।

**सोशल मीडिया प्रभारीः** राहुल दुबे।

**सह सोशल मीडिया प्रभारीः** श्रीमती मीना मरकाम।

नवनियुक्त पदाधिकारियों को लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, सांसद आशीष दुबे, राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मीकी, विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएँ दीं है।

# अशोक हॉल स्कूल में आयोजित किया गया विज्ञान महोत्सव



**जबलपुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अशोका हॉल स्कूल में विज्ञान महोत्सव का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस महोत्सव का उद्देश्य कक्षा तीसरी एवं चौथी के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, अनुसंधान की प्रवृत्ति तथा नवाचार की क्षमता का विकास करना रहा। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हुए विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोगों एवं प्रोजेक्ट्स के माध्यम से विज्ञान के महत्व को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने बीज अंकुरण, पौधों के भाग, जल चक्र, पदार्थ की अवस्थाएँ, पाचन तंत्र तथा चाँद के घटने-बढ़ने जैसे विषयों पर आकर्षक मॉडल और प्रयोग प्रस्तुत किए। सभी छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ इस आयोजन में भाग लिया और विज्ञान को समझने का आनंद उठाया। विद्यालय की संस्थापिका श्रीमती अर्पिता मालपाणी ने विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में निरंतर प्रगति के लिए शुभकामनाएँ दीं। यह कार्यक्रम विद्यालय के सीईओ प्रदीप गंगाधरण, प्राचार्या श्रीमती आशिमा जॉन एवं प्रधान अध्यापिका श्रीमती आस्था कथूरिया के मार्गदर्शन तथा समस्त शिक्षकों के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस के तहत शालाओं में हो रहे विशेष आयोजन

# संस्कारों की शिक्षाः स्कूलों में रामायण ज्ञान प्रतियोगिताएं आज और कल भी

हरिभूमि जबलपुर।



चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस के अंतर्गत रामायण के प्रति जन-जागरूकता और संस्कारों के संवर्धन के उद्देश्य से जिले की शालाओं में रामायण ज्ञान प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया है। आयोजन अध्यक्ष अजय विश्नोई, सचिव डॉ. अखिलेश गुमाश्ता, राम जी अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी एवं जिला परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा के मार्गदर्शन में यह प्रतियोगिता 16 दिसंबर से प्रारंभ हुई है, जो 18 दिसंबर तक विभिन्न शालाओं में आयोजित की जाऐगी। प्रतियोगिता के पहले दिन 16 दिसंबर को ग्रामीण क्षेत्र में रत्नेश मिश्रा तथा शहरी क्षेत्र में श्वेता श्रीवास्तव एवं श्रृद्धा नेमा के अथक प्रयासों से लगभग 70 शालाओं जिनमें पंडित लज्जाशंकर झा शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय जबलपुर, ब्रहम्हर्षि बाबरा नर्मदा विद्यापीठ, रानीदुर्गावती स्कूल गंगानगर,माध्यमिक कन्या बरगी शामिल हैं में रामायण ज्ञान प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न कराई गई। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को रामायण के आदर्श पात्रों, जीवन मूल्यों और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार 17 एवं 18 दिसंबर को भी जिले के विभिन्न शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

### कान्फ्रेंस की सफलता हेतु सुंदरकांड पाठों का क्रम जारी

वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस की सफलता और सकारात्मक वातावरण के निर्माण के उद्देश्य से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सुंदरकांड पाठों का आयोजन भी निरंतर किया जा रहा है। इस क्रम में डॉ. श्रीमती रूप लेखा चौहान के निज निवास नयागांव, श्रीमती गीता शरद तिवारी के निज निवास, दुर्गा रामायण मंडल त्रिमूर्ति नगर, दुर्गा मंदिर 90 क्वार्टर अघोरी बाबा मंदिर, कमलेश तिवारी के निज निवास हरदौल मंदिर के पास चेरीताल एवं पंचम तिवारी के निवास त्रिमूर्ति नगर में सुंदरकांड पाठ संपन्न हुए। सुंदरकांड पाठ में पूज्य ज्ञानेश्वरी दीदी, मैत्रैय दीदी, श्रीमती अनीता विनोद दुबे, एम.के. ढिमोले, जे.के. मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेत्री श्रीमती अंजू भार्गव, श्रीमती वर्षा त्रिवेदी, राजेंद्र नेमा एवं बी.के.चौबे सहित बड़ी संख्या में राम भक्त उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि ऐसे आयोजनों से रामायण के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही सम्मेलन को जनसहभागिता का मजबूत आधार मिल रहा है।



# जनेकृविवि में प्रशिक्षण के तहत कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के वानिकी विभाग में कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से सात दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम विभागाध्यक्ष डॉ. एस. बी. अग्रवाल के मार्गदर्शन तथा निदेशक अनुसंधान सेवाएँ डॉ. जी. के. कुट्टू एवं संयुक्त संचालक कृषि श्री के. एस. नेताम के नेतृत्व में संचालित हो रहा है। प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. सोमनाथ सरवदे एवं डॉ. यशपाल सिंह रहे, जबकि विशेष सहयोग डॉ. अजय के. शाह एवं डॉ. मनोज पाठक ने प्रदान किया। प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रशिक्षुओं का मध्य प्रदेश राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर तथा ट्रॉपिकल फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टिट्यूट का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान वन नर्सरी प्रबंधन, वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन, औषधीय पौधों, लाख जीन बैंक, हरबेरियम, संग्रहालय एवं विभिन्न अनुसंधान गतिविधियों की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया गया, जिससे प्रशिक्षुओं को वन नर्सरी स्थापना एवं वर्मी कम्पोस्ट जैसे उद्यमों के व्यावहारिक ज्ञान में वृद्धि हुई। यह प्रशिक्षण सतत कृषि को बढ़ावा देने के साथ-साथ कृषि वानिकी उप-मिशन के उद्देश्यों की पूर्ति में सहायक सिद्ध होगा।

# जल संचय अभियान के तहत किया गया बोरी बंधान कार्य

**पाटन।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, जिला जबलपुर के पाटन विकासखंड अंतर्गत सेक्टर सकरा के ग्राम थाना में जल संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु जल संचय अभियान – बोरी बंधान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अनीता बाई जनकल्याण नवांकुर संस्था, मादा द्वारा जल संरक्षण शपथ के साथ किया गया। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक श्रीमती नूपुर खरे ने ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई और जल स्तर बढ़ाने में जल संचय के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण न केवल मानव जीवन बल्कि पशु-पक्षियों के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। बोरी बंधान जैसे छोटे प्रयास धरती के जल स्तर को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत सभी उपस्थितजनों ने श्रमदान कर बोरी बंधान किया। इस अभियान में नवांकुर संस्था से उमाकांत यादव, प्रेमनारायण चढ़ार, परामर्शदाता रामराजा यादव, कामता प्रसाद, सीएमसीएलडीपी छात्रा महक शर्मा, दिलीप शर्मा, परसोत्तम बैन सहित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मादा-थाना के सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।





# नगर परिषद मझौली में न रैन बसेरा, न अलाव की व्यवस्था

**मझौली।** कड़ाके की ठंड के बावजूद नगर परिषद मझौली द्वारा अब तक न तो बाहर से आने वाले मुसाफिरों के लिए रैन बसेरा की व्यवस्था की गई है और न ही नगर में अलाव लगाए गए हैं। इससे राहगीरों, गरीबों और असहाय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगरवासियों एवं व्यापारी बंधुओं ने नगर परिषद से मांग की है कि शीघ्र ही बाहर से आने वाले यात्रियों के रुकने के लिए रैन बसेरा की व्यवस्था की जाए तथा नगर के प्रमुख तिराहा–चौराहों पर लकड़ी के अलाव जलाए जाएं। ठंड से बचाव के लिए लोग मजबूरी में इधर-उधर आग जलाकर सहारा ले रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष शीत ऋतु में नगर परिषद द्वारा अलाव की व्यवस्था की जाती रही है, लेकिन इस वर्ष अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। नागरिकों ने प्रशासन से जल्द से जल्द आवश्यक व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि कड़ाके की ठंड से राहत मिल सके।

# रेलवे ओवरब्रिज से प्रभावित 17 गरीब परिवारों को मिली राहत



**पनागर।** ग्राम पंचायत पिपरिया कुशनेर में रेलवे ओवरब्रिज निर्माण के लिए अधिग्रहित भूमि से प्रभावित 17 अत्यंत गरीब परिवारों को जनपद पंचायत सदस्य नीरज पांडेय के प्रयासों से राहत मिली है। वर्षों से बंधी मजदूरी कर जीवन यापन करने वाले ये परिवार भूमि अधिग्रहण के कारण रोजी-रोटी और आवास को लेकर चिंता में थे। जनपद सदस्य नीरज पांडेय ने प्रभावित परिवारों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए आर्थिक व सामाजिक सहयोग उपलब्ध कराया। साथ ही प्रशासन और रेलवे विभाग से समन्वय बनाकर समस्याओं को प्राथमिकता से उठाया। उनके भरोसे और समझाइश से प्रभावित परिवारों ने शांतिपूर्ण ढंग से अतिक्रमण हटाया, जिससे रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य बिना किसी विवाद के आगे बढ़ सका। ग्रामीणों का कहना है कि नीरज पांडेय ने यह सिद्ध कर दिया कि विकास कार्यों के साथ-साथ गरीब और कमजोर वर्ग का संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है। प्रभावित परिवारों और ग्रामवासियों ने उनके प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस पहल को समाज सेवा और मानवता की प्रेरणादायक मिसाल बताया।




**श्रीमती मंजूलता नेमा–** पावन भूमि शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री देवेंद्र कुमार नेमा की धर्मपत्नी श्रीमती मंजूलता नेमा (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री देवेंद्र नाथ मिश्रा–** नई बस्ती बिलपुरा कॉलोनी मड़ई निवासी श्री देवेंद्र नाथ मिश्रा (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लखमी चंद मंगलानी–** गोपाल होटल चौक के पास लालमाटी निवासी श्री लखमी चंद मंगलानी (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती उर्मिला व्यास–** नब्बे क्वाटर त्रिमूर्ति नगर निवासी श्री साधूराम व्यास की धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला व्यास (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती दीपा तिवारी–** बेलबाग निवासी श्री सुरेंद्र तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती दीपा तिवारी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री स्वप्न कुमार मुखर्जी–** ललपुर रोड भल्ला कॉलोनी निवासी श्री स्वप्न कुमार मुखर्जी (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती बकुला ताम्बे–** एलआईसी कॉलोनी मदनमहल निवासी श्री प्रभाकर ताम्बे की धर्मपत्नी श्रीमती बकुला ताम्बे (98) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री हरि नाथ पटेल–** सिद्धबाबा गोपाल होटल निवासी श्री हरि नाथ पटेल (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती हेमा बाई छनिया–** सुनरहाई सराफा निवासी श्री कृष्ण कुमार छनिया की धर्मपत्नी श्रीमती हेमा बाई छनिया (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री आलोक शुक्ला–** प्रभात कॉलोनी विवेकानंद वार्ड निवासी श्री आलोक शुक्ला (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विनोद बंशकार–** गोरखपुर महर्षि स्कूल के पास निवासी श्री हीरालाल बंशकार के पुत्र श्री विनोद बंशकार (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती गोपी राव–** डिपो नं. 2 गोरखपुर निवासी श्री बीपी राव की धर्मपत्नी श्रीमती गोपी राव (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नारायण दास कुकरेजा–** खटीक मोहल्ला नरघैया रोड निवासी श्री नारायण दास कुकरेजा (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अजय बर्मन–** सुहागी पन्नी मोहल्ला अधारताल निवासी श्री अजय बर्मन (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती बेला बाई दामन–** न्यू रामनगर अमखेरा निवासी श्री सुंदर लाल दामन की धर्मपत्नी श्रीमती बेला बाई दामन का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती श्वेता जौहरी–** कांति विलास कॉलोनी कजरवारा निवासी श्री मनीष जौहरी की धर्मपत्नी श्रीमती श्वेता जौहरी (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बिरजू राम गौंड़–** वल्दी कोरी की दफाई निवासी श्री बिरजू राम गौंड़ (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती उमा बाई केवट–** चैतन्य सिटी तिलहरी निवासी श्री राम कुमार केवट की धर्मपत्नी श्रीमती उमा बाई केवट (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

# मप्र जूनियर बालिका कबड्डी का 6-दिवसीय प्रशिक्षण शिविर जबलपुर में आज से

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश अमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन द्वारा आयोजित मध्यप्रदेश राज्य जूनियर कबड्डी चैम्पियनशिप 6 से 8 दिसंबर 2025 तक जबलपुर में संपन्न हुई। इस चैम्पियनशिप में प्रतिभागी खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर मध्यप्रदेश टीम का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ी अब जबलपुर एकेडमी कबड्डी संघ द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर में भाग लेंगे। यह प्रशिक्षण शिविर 17 दिसंबर 2025 से 22 दिसंबर 2025 तक इंडोर हॉल में आयोजित होगा। शिविर में प्रशिक्षकों मंजीव सामल, चन्दा सोनी और बुष्पा वंशी (गोबू) के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर के पश्चात, राष्ट्रीय जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी 25 दिसंबर 2025 से 28 दिसंबर 2025 तक मध्यप्रदेश दल का प्रतिनिधित्व करते हुए बंगाल, कोलकाता में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेंगे। सचिव, मध्यप्रदेश कबड्डी एसोसिएशन ने सभी चयनित खिलाड़ियों को सफलता और बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएँ दी हैं।

**आम सूचना स्पष्टीकरण/ संशोधन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा दिनांक 16/12/2025 को प्रकाशित आम सूचना में, मेरे मुवक्किल वीरेंद्र सिंह एवं विक्रेता श्रीमती नीलू सिंह बुंदेला के मध्य संपत्ति के क्रय संबंधी एग्रीमेंट की तिथि अनजाने में टंकण त्रुटि के कारण 02/05/2025 अंकित हो गई थी। जबकि उक्त एग्रीमेंट की सही एवं वास्तविक तिथि 02/05/2024 है। उक्त के अतिरिक्त पूर्व प्रकाशित सूचना की अन्य समस्त शर्तें, विवरण एवं तथ्य यथावत एवं अपरिवर्तित रहेंगे। यह संशोधन सूचना जनहित में एवं भ्रम की स्थिति से बचाव हेतु प्रकाशित की जा रही है।

दिनांक: 17/12/2025

स्थान जबलपुर

प्रियंका तिवारी अधिवक्ता
उच्च न्यायालय, जबलपुर
आफिस - प्लाट नं. 16 सनमति नगर जैन मंदिर के सामने, आधारताल जबलपुर (म.प्र.)
मो.नं. 7067259684

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं लता रावत उम्र 66 वर्ष पति श्री अजय रावत निवासी - एचआईजी 6, एमपी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, कटंगा, जबलपुर, म.प्र. 482001 शपथपूर्वक निम्न कथन करती हूँ कि -

1. यह कि मेरे प्रायः सभी दस्तावेजों / आधार कार्ड / पेनकार्ड / बैंक पास बुक आदि में मेरा नाम लता रावत पति श्री अजय रावत लिखा है।
2. यह कि मेरे पासपोर्ट क्रं. L9924774 में मेरा नाम प्रेमलता रावत लिखा हुआ है
3. अतः अब से मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम प्रेमलता रावत की जगह लता रावत के नाम से जाना-पहचाना व पढ़ा-लिखा जावे।

दिनांक-17.12.2025
स्थान-जबलपुर
SS

**नाम सुधार सूचना**

मैं SHAFQAT NAWAZ KHAN पिता फैज अहमद खान वर्तमान निवासी- म.नं. 912, गली नं.1, मक्का नगर, रजा चौक अधारताल जिला जबलपुर म.प्र. शपथपूर्वक कथन करता हूं कि-1.यह कि, पूर्व मेरा नाम SHAFQUAT NAWAZ KHAN पिता फैज अहमद खान वर्तमान निवासी- म.नं. 912, गली नं.1, मक्का नगर, रजा चौक अधारताल जिला जबलपुर म.प्र. था तथा मेरे पासपोर्ट नं. G8974497 में त्रुटिवश दर्ज हो गया था। 2. यह कि, मेरा वर्तमान नाम अंग्रेजी में SHAFQAT NAWAZ KHAN है जो कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, परिचय पत्र एवं बैंक के दस्तावेज एवं अंकसूची में भी दर्ज है तथा मैं सभी जगह यही नाम लिखता पढ़ता हूं। 3. इस शपथ पत्र का उद्देश्य मेरे पासपोर्ट में नाम सुधार करवाकर नवीनीकरण करवाना है।

पुराना नाम
SHAFQUAT NAWAZ KHAN
वर्तमान नाम
SHAFQAT NAWAZ KHAN

## खबर संक्षेप




### भारतीय निवेशक विदेशी बाजार में निवेश बढ़ा रहे

**नई दिल्ली।** भारतीय निवेशक अब सिर्फ एक-दो शेयर बाजारों में निवेश तक सीमित न रहते हुए अमेरिकी इक्विटी, सूचकांक और क्षेत्र आधारित ईटीएफ, निजी बाजार के अवसरों सहित विदेशी बाजारों में अपनी भागीदारी लगातार बढ़ा रहे हैं। वेस्टेड फाइनेंस की 'हाउ इंडिया इन्वेस्ट्स ग्लोबली 2025' शीर्षक वाली रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। इससे पोर्टफोलियो बनाने के लिए अधिक सुनियोजित तरीका और वैश्विक बाजार में भागीदारी को लेकर बढ़ते भरोसे का पता चलता है।

### गुजरात किडनी का आईपीओ 22 दिसंबर को खुलेगा

GH Gujarat Superspeciality Hospital

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य सेवा कंपनी गुजरात किडनी एंड सुपर स्पेशलिटी लिमिटेड ने अपने 251 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 108-114 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि आईपीओ 22 दिसंबर को खुलेगा और 24 दिसंबर को बंद होगा।आईपीओ पूर्णतः 2.2 करोड़ शेयर का नया निर्गम है जिसमें कोई बिक्री पेशकश शामिल नहीं है।

### भारत ने चीन के साथ कम किया अपना व्यापार घाटा



**नई दिल्ली।** भारत पेट्रोलियम उत्पाद एवं इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का निर्यात बढ़ाकर चीन के साथ अपने भारी-भरकम व्यापार घाटे को कम करने में कुछ हद तक सफल हुआ है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-नवंबर 2024 के दौरान देश से चीन को निर्यात 32.83 प्रतिशत बढ़कर 12.22 अरब डॉलर हो गया। पिछले साल की समान अवधि में यह आंकड़ा सिर्फ 9.20 अरब डॉलर था।

### एप्रावा एनर्जी को एआई समाधान के लिए पुरस्कार



**नई दिल्ली।** एकीकृत ऊर्जा समाधान मुहैया कराने वाली कंपनी एप्रावा एनर्जी ने कहा कि उसे कृत्रिम मेधा (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) समाधान के लिए राष्ट्रीय मान्यता मिली है। इनसे भारत के लिए डेटा आधारित, उपभोक्ता केंद्रित और भविष्य के ऊर्जा समाधान बनाने में मदद मिलेगी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह पुरस्कार बिजली मंत्रालय के राष्ट्रीय सम्मेलन में दी गई, जिसका विषय - 'नवीनीकृत वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के तहत बिजली वितरण क्षेत्र में एआई और एमएल का उपयोग' था।

### पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक ने नीतिगत दर में की कटौती



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक ने अप्रत्याशित कदम उठाते हुए नीतिगत ब्याज दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती कर इसे 10.5 प्रतिशत कर दिया। 'स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान' (एसबीपी) ने मौद्रिक नीति समीक्षा के बाद नीतिगत दर में कटौती की घोषणा की। एसबीपी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, 'मौद्रिक नीति समिति ने 16 दिसंबर, 2025 से नीतिगत ब्याज दर को 0.50 प्रतिशत घटाकर 10.5 प्रतिशत करने का फैसला किया है।'

# मुकेश अंबानी 2025 में सबको पछाड़ कमाई में बने नबंर-1, अदाणी तीसरे स्थान पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

साल 2025 में भारतीय घरेलू शेयर बाजार ने बड़े उद्योगपतियों के वैल्यूएशन में जबरदस्त उछाल की है। दलाल स्ट्रीट पर रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में जबरदस्त तेजी देखनी को मिली। कंपनी शेयरों में आई इस तेजी से न सिर्फ कंपनी के निवेशकों को फायदा हुआ, बल्कि कंपनी चेयरमैन मुकेश अंबानी की संपत्ति में भी तगड़ा इजाफा देखने को मिला है। रिलायंस शेयरों में आए उछाल के चलते अंबानी 100 अरब डॉलर क्लब में अपनी जगह बनाए हुए हैं और इस साल कमाई के मामले में वह सबसे आगे नजर आ रहे हैं। वहीं गौतम अदाणी तीसरे नंबर पर फिसल गए हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार दूसरे स्थान पर आर्सेलरमित्तल के लक्ष्मी मित्तल ने जगह बनाई।

- रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में जबरदस्त तेजी से अंबानी की नेटवर्थ बढ़ी

### अंबानी की संपत्ति में हुआ इजाफा



ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार, मुकेश अंबानी साल 2025 में सबसे ज्यादा मुनाफा कमाने वाले इकलौते भारतीय सेंटिबिलियनेयर हैं। शेयर बाजार में रिलायंस के शेयरों में इस साल अब तक 27 फीसदी की तेजी दर्ज की गई है। जिससे मुकेश अंबानी की संपत्ति में 15.3 अरब डॉलर यानी भारतीय रुपयों में करीब 1.3 लाख करोड़ रुपए का इजाफा हुआ है। शेयरों में आई इस तेजी ने उन्हें इस साल सबसे ज्यादा कमाई करने वाला व्यक्ति बनाने में मदद की है।

### कमाई के मामले में ये बने नंबर 2



ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के मुताबिक, साल 2025 में कमाई के मामले में मुकेश अंबानी के बाद दूसरा स्थान लक्ष्मी मित्तल का रहा है। लक्जमबर्ग स्थित ग्लोबल स्टील और माइनिंग कंपनी आर्सेलरमित्तल के मालिक लक्ष्मी मित्तल की संपत्ति में इस साल 11.7 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है, जिससे उनकी कुल नेटवर्थ बढ़कर 31.40 अरब डॉलर हो गई है।

### अदाणी की संपत्ति बढ़कर 85.2 अरब डॉलर रही



दिलचस्प बात यह है कि भले ही गौतम अदाणी देश के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति हैं, लेकिन इस साल कमाई के लिहाज से वह दूसरे नंबर पर नहीं रहे। कमाई के मामले में गौतम अदाणी तीसरे स्थान पर रहे। उनकी संपत्ति इस कैलेंडर ईयर में 6.52 अरब डॉलर बढ़कर 85.2 अरब डॉलर हो गई। अदाणी पावर लिमिटेड, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड और अदाणी पोर्ट्स लिमिटेड जैसी अदाणी कंपनियों के शेयरों में 2025 में अब तक 23-36 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि एसीसी लिमिटेड, एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस , अदाणी टोटल गैस लिमिटेड और एनडीटीवी के शेयरों में

## आईटी सचिव कृष्णन ने कहा, सरकार नए कानून लाने से बचना चाहती है

# एआई को नियंत्रित करने के लिए 'बेहद आवश्यक' होने पर ही लाए जाएंगे नए कानून

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी सचिव एस. कृष्णन ने मंगलवार को कहा कि सरकार कृत्रिम मेधा (एआई) के लिए नए कानून या नियम लाने से बचना चाहती है, जब तक कि यह 'बेहद आवश्यक' न हो। उन्होंने कहा कि उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (डीपीडीपी) अधिनियम जैसे मौजूदा कानूनी ढांचे का इस्तेमाल किया जाएगा।

उद्योग संघ एसोचैम की 'एआई लीडरशिप मीट' में कृष्णन ने कहा कि सरकार का नियामक दृष्टिकोण विचारशील एवं सावधानीपूर्वक है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह उभरते प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नवाचार में बाधा न डाले।

**हम किसी भी परिस्थिति में नवाचार के रास्ते में बाधा नहीं बनना चाहते**

### उभरती चुनौतियों से निपटने मौजूदा ढांचे का उपयोग किया जाएगा

#### हमारे देश में कई कानून हैं

सचिव ने कहा, 'वैसे भी, हमारे देश में कई कानून हैं... इसलिए मेरी हमेशा यही प्रवृत्ति रहती है कि जब तक बिलकुल जरूरी न हो, कोई नया कानून या नियम न बनाया जाए। पहले यह देखने की कोशिश करें कि मौजूदा कानूनों के साथ क्या किया जा सकता है।'



#### एआई के विकास को संभव बनाएंगे

सचिव ने कहा, ''समय आने पर विनियमन की आवश्यकता होगी या नहीं, इस पर हम अन्य पहलुओं के साथ विचार करेंगे।'' उन्होंने कहा, '' हमारा जोर उन नियमों को लागू करने पर होगा जो कृत्रिम मेधा के विकास को संभव बनाएंगे।''

#### हमारा दृष्टिकोण बेहद व्यावहारिक रहा

कृष्णन ने कहा, अब तक एआई के नियमन के प्रति हमारा दृष्टिकोण बेहद व्यावहारिक रहा है और यह बिल्कुल स्पष्ट है कि हम किसी भी परिस्थिति में नवाचार के रास्ते में बाधा नहीं बनना चाहते।'' उन्होंने कहा कि बौद्धिक संपदा (आईपी) अधिनियम और हाल ही में अधिसूचित डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों में एआई के उपयोग से संबंधित काफी सारे मुद्दे पहले से ही शामिल किए गए हैं।

#### हमारा मानव संसाधन अन्य देशों से बेहतर

कृष्णन ने कहा, '' हमारा मानव संसाधन भी अन्य कई देशों की तुलना में एआई बदलाव को संभालने के लिए बेहतर स्थिति में है और उनका वितरण भी बेहतर है।'' 'एआई लीडरशिप मीट', एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के लिए एक आधिकारिक पूर्व-समिति कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया गया। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 'इंडिया एआई-इम्पैक्ट समिट' 2026 का आयोजन 19-20 फरवरी 2026 को नयी दिल्ली में किया जाएगा।

#### कुछ नौकरियां भले समाप्त हो नई सृजित होंगी

कृत्रिम मेधा (एआई) के कारण होने वाले नौकरियों के विस्थापन से संबंधित चिंताओं को लेकर कृष्णन ने स्वीकार किया कि कुछ नौकरियां भले ही समाप्त हो जाएं, लेकिन अन्य नौकरियां सृजित होंगी। उन्होंने तर्क दिया कि सैद्धांतिक एआई से वास्तविक अनुप्रयोगों और कार्यान्वयन की ओर बदलाव में भारत को एक विशिष्ट लाभ मिलता है।

#### एआई एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है : आईबीएम

आईबीएम के भारत एवं दक्षिण एशिया के प्रबंध निदेशक संदीप पटेल ने इस बात पर जोर दिया कि कि दुनिया एक ऐसे महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंच गई है जहां कृत्रिम मेधा (एआई) केवल परिकल्पना न रहकर वास्तविक उत्पाद में तब्दील हो चुकी है और इसके प्रचार की बजाय इसको सही दिशा में आगे बढ़ाने की जरूरत है। यहां '9वीं एआई लीडरशिप मीट' में पटेल ने कहा कि एआई के प्रभाव को टिकाऊ बनाने के लिए उद्योग को शुरुआती उत्साह से आगे बढ़कर सुरक्षा, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता का समर्थन करने वाले सुरक्षा उपायों को लागू करना होगा।

**SHRI RAM COLLEGE, JABALPUR**
Near ITI, Madhotal, Jabalpur (M.P.)
Affiliated to Rani Durgawati Vishwavidyalaya, Jabalpur
ESTD 2001

**Required Assistant Professor for UG & PG Course**

Under College Code-28 as per UGC/RDVV Norms for following subjects.

History - 04, Political Science - 02, Sociology - 02, Psychology - 02, English - 04, Economics - 02, Commerce - 20, #Management (BBA) - 20, Mathematics - 04, #Computer Application (BCA) - 20, Chemistry - 02, Biotechnology - 04, Botany - 04, Zoology - 04, Hindi - 04, #BBA (Hotel Management) - 04, Sports Officer - 01, Librarian - 01.

Qualification : Minimum 55% in Post Graduate in relevant Subject with NET/SET exam qualified/Ph.D. Experience candidates are preferred. Reservation & Salary as per UGC and M.P. Government Norms. Send/Submit your application along with complete Bio-data and all supporting documents with 2 recent passport size Photographs on or **before 20.12.2025.**

**# BBA (Hotel Management)/BBA/BCA :** According to rules of AICTE.

Contact : 9755042292/93

Email : srccjabalpur@gmail.com

Chairman

**श्री राम इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ, जबलपुर**
आई.टी.आई. के पास, माढ़ोताल, जबलपुर (म.प्र.) 482002
ESTD 2001

श्री राम इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ, जबलपुर कॉलेज कोड-28 के अंतर्गत सहायक प्राध्यापक चयन हेतु, आवेदक की शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव संबंधी प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति एवं 2 फोटोग्राफ सहित ओवदन पत्र आमंत्रित करता है, आवेदन की अंतिम तिथि विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस के अंदर।

| क्रं. | पद | विषय | पदों की संख्या | योग्यता एवं अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक प्राध्यापक | विधि (लॉ) | 30 | UGC के मापदंडों के अनुसार |
| 2 | सहायक प्राध्यापक | अंग्रेजी | 02 | |
| 3 | सहायक प्राध्यापक | अर्थशास्त्र | 02 | |
| 4 | सहायक प्राध्यापक | इतिहास | 01 | |
| 5 | सहायक प्राध्यापक | राजनीति विज्ञान | 02 | |
| 6 | सहायक प्राध्यापक | मैनेजमेन्ट | 02 | |
| 7 | सहायक प्राध्यापक | कॉमर्स | 02 | |

नोट :- 1. उपरोक्त पदों के चयन हेतु UGC के नियम प्रभावशील होंगे।
2. आवेदक अपना आवेदन पत्र महाविद्यालय के प्राचार्य के उपरोक्त पते पर स्वयं उपस्थित होकर, डाक द्वारा अथवा ई-मेल - sriljabalpur@gmail.com पर अंतिम तिथि के पूर्व भेज सकते हैं।
3. अधिक जानकारी के लिए महाविद्यालय के इस नं. 8770097601 पर संपर्क कर सकते हैं।

प्राचार्य

# इंडिगो की उड़ानें रद्द होने से विमान ईंधन की बिक्री घटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस महीने की शुरुआत में बड़ी संख्या में इंडिगो की उड़ानें रद्द होने से दिसंबर के पहले पखवाड़े में विमान ईंधन (एटीएफ) की बिक्री चार प्रतिशत से अधिक घट गई। उद्योग के शुरुआती आंकड़ों से मंगलवार को यह जानकारी मिली। कोविड महामारी से पैदा हुए व्यवधानों से उबरने के बाद पिछले दो वर्षों से भारत में विमान ईंधन या एटीएफ की मांग लगातार बढ़ रही थी। हालांकि बड़ी संख्या में इंडिगो की उड़ानें रद्द होने से दिसंबर 2025 में यह सिलसिला टूट गया। इंडिगो पायलट के नये कार्य अवधि नियमों, चालक दल की कमी और सर्दियों में धुंध जैसी समस्याओं से जूझ रही थी। एयरलाइन ने कुल मिलाकर लगभग 5,000 उड़ानें रद्द कीं। एटीएफ की बिक्री 1-15 दिसंबर तक 3,31,400 टन रही, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह आंकड़ा 3,45,400 टन था। मासिक आधार पर बिक्री में 7.2 प्रतिशत की गिरावट आई। विमान ईंधन के विपरीत समीक्षाधीन अवधि में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी जैसे अन्य प्रमुख ईंधन की बिक्री बढ़ी।

# बेरोजगारी दर नवंबर में घटकर सात माह के निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अनुसार 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के बीच बेरोजगारी दर नवंबर 2025 में घटकर 4.7 प्रतिशत हो गई, जो अप्रैल 2025 के बाद का सबसे निचला स्तर है। यह इससे पहले अक्टूबर 2025 में 5.2 प्रतिशत थी। मंत्रालय ने कहा कि नवंबर 2025 में ग्रामीण बेरोजगारी दर घटकर नए निचले स्तर 3.9 प्रतिशत पर आ गई, जबकि शहरी बेरोजगारी दर घटकर 6.5 प्रतिशत रह गई, जो अप्रैल 2025 में दर्ज किए गए इसके पिछले न्यूनतम स्तर के बराबर है। अप्रैल 2025 में बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत थी। बयान के अनुसार कुल मिलाकर रुझान श्रम बाजार की स्थितियों के मजबूत होने का संकेत देते हैं, जिन्हें ग्रामीण रोजगार में बढ़ोतरी, महिला भागीदारी में वृद्धि और शहरी श्रम मांग में क्रमिक सुधार का समर्थन मिला है। नवंबर 2025 में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुरुषों और महिलाओं, दोनों के लिए बेरोजगारी दर में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई।

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर, जबलपुर (म.प्र.)**
// प्रथम निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से ऑनलाईन निवदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_469064_1 Date- 17/12/2025 PRO- 675 | नगर निगम जबलपुर के शहीद गुलाब सिंह वार्ड में संजीवनी क्लीनिक के सामने सामुदायिक भवन के बाजु से नया हाल निर्माण कार्य। | 03 माह<br>रू 21.182 लाख | 5000/-<br>15888/- | 17/01/2026 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा

कार्यपालन यंत्री, (लोककर्म विभाग)
नगर निगम जबलपुर

**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग सरगुजा वनमण्डल, अम्बिकापुर (छ. ग.)**
नीलाम सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि सरगुजा वनमण्डल, के अधीनस्थ काष्ठागार अम्बिकापुर में भण्डारित ईमारती काष्ठ का दर्शित तिथि एवं समय में ई-ऑक्शन किया जावेगा। इच्छुक व्यापारियों एवं अन्य क्रेताओं से अनुरोध है कि वे ई-ऑक्शन में भाग लेवें। ई-ऑक्शन से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय/ काष्ठागार अम्बिकापुर से प्राप्त की जा सकती है।

काष्ठागार अम्बिकापुर नीलाम दिनांक - 24.12.2025 समय - प्रात: 09.00 बजे से

| प्रजाति | नया वनोपज | | पुराना वनोपज | | योग वनोपज | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | लटठा (घ.मी.) | बल्ली (नग) | लटठा (घ.मी.) | बल्ली (नग) | लटठा (घ.मी.) | बल्ली (नग) |
| सागौन | 0.000 | 0 | 129.394 | 2746 | 129.394 | 2746 |
| साल | 164.589 | 322 | 3123.369 | 1668 | 3287.958 | 1990 |
| साजा | 0.000 | 0 | 30.578 | 70 | 30.578 | 70 |
| खम्हार | 0.000 | 0 | 13.560 | 307 | 13.560 | 307 |
| धावड़ा | 1.518 | 0 | 32.031 | 19 | 33.549 | 19 |
| सलैया | 0.402 | 10 | 62.478 | 6 | 62.880 | 16 |
| हल्दू | 0.000 | 0 | 15.035 | 0 | 15.035 | 0 |
| अन्य | 27.033 | 0 | 688.409 | 1191 | 715.442 | 1191 |
| योग:- | 193.542 | 332 | 4094.854 | 6007 | 4288.396 | 6339 |
| जलाऊ | 161.000 | Chatta | 1406.000 | Chatta | 1567.000 | Chatta |

टीप :- 1. क्रेताओं को ई-ऑक्शन से पूर्व एम. एस. टी. सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। 2. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। 3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉग इन करके देख सकते हैं 4. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 20 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 20 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

वनमण्डलाधिकारी
G-252605504/4 सरगुजा वनमण्डल अम्बिकापुर (छ.ग.)

### एचडीएफसी बैंक को इंडसइंड बैंक में हिस्सेदारी बढ़ाने की मंजूरी

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी बैंक को भारतीय रिजर्व बैंक से इंडसइंड बैंक में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर 9.5 प्रतिशत करने की मंजूरी मिल गई है। इंडसइंड बैंक ने शेयर बाजार को दी सचूना में कहा, '' हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 15 दिसंबर 2025 के पत्र के माध्यम से एचडीएफसी बैंक (आवेदक) को इंडसइंड बैंक की चुकता शेयर पूंजी या मतदान अधिकार के 9.50 प्रतिशत तक की 'कुल हिस्सेदारी' हासिल करने की मंजूरी दे दी है।'' इसमें कहा गया कि आरबीआई ने मंजूरी देते समय यह भी स्पष्ट कर दिया है कि यदि आवेदक आरबीआई पत्र की तारीख से एक वर्ष की अवधि के भीतर प्रमुख शेयरधारिता हासिल करने में विफल रहता है, तो मंजूरी रद्द कर दी जाएगी। यदि 'कुल हिस्सेदारी' पांच प्रतिशत से कम हो जाती है, तो इसे बैंक की कुल चुकता शेयर पूंजी या मतदान अधिकारों के पांच प्रतिशत या उससे अधिक तक बढ़ाने के लिए आरबीआई की पूर्व स्वीकृति आवश्यक होगी।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई (छ.ग.)**
क्र./ परि.शा./न.नि./2025/3229/355 भिलाई दिनांक 12/12/2025
// रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) //

नगर पालिक निगम भिलाई नव निर्मित गारमेंट फैक्ट्री हेतु मशीनरी एवं अन्य सामग्री स्थापित करने एवं संचालन पी.पी.पी. मोड पर EOI दिनांक 05.01.2026 तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त EOI दिनांक 08.01.2026 को प्रातः 11:00 बजे उपस्थित एजेंसी अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी।

कार्य की विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय में परियोजना शाखा एवं मुख्य कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई की वेबसाईट www.bhilainagarnigam.com एवं www.uad.cg.gov.in संचालनालय की वेबसाईट से भी देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता

**पश्चिम मध्य रेल**
सामग्री प्रबंधन विभाग
(भंडार आपूर्ति हेतु ई- निविदा सूचना, संख्या/ईपीएस/110/2025)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम रेल भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई- खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते है। कोई भी हस्तालिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नही किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए वेबसाईट https://ireps.gov.in" पर 'ई' निविदा संबधी जानकारी प्राप्त की सकती है।

| क्रं. | टेण्डर नं. | संक्षिप्त वर्णन | निविदा मात्रा | नियत तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 38251714B | New Doorway स्टिफनिंग क्रॉसबार | 8264 नंबर | 02.01.2026 |
| 2 | 40252751B | 4.5 KW अंडर slung कांस्टेंट वोल्टेज रेगुलेटेड | 228 नंबर | 05.01.2026 |
| 3 | 8125WCR TP-02 | Manufacture एंड सप्लाई ऑफ CMS क्रासिंग 1 in 12, 60 Kg | 463 सेट | 08.01.2026 |
| 4 | 50245196A | सप्लाई ऑफ 24 फाइबर Armoured ऑप्टिकल फाइबर केबल | 359.37 किलोमीटर | 05.02.2026 |

50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है।

(हस्ता)
कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**HDFC BANK**

**एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड**
शाखाः अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर, फोन : 0771-4243149/240
CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

**मांग-सूचना**

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) की धारा 13 (2) के तहत, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ें। जबकि अधोहस्ताक्षरी प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का माननीय एनसीएलटी-मुंबई द्वारा दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश द्वारा अनुमोदित समामेलन की एक योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी) का प्राधिकृत अधिकारी है। वित्तीय संपत्ति और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत मांग नोटिस जारी किए गए। , यहां नीचे सूचीबद्ध उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों से संबंधित नोटिस/नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर संबंधित मांग नोटिस/नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान करने का आह्वान किया गया है। नीचे दिए गए विवरण के अनुसार. अधोहस्ताक्षरी ने इन नोटिसों को उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों के अंतिम ज्ञात संबंधित पते के परिसर में चिपकाया है। उक्त नोटिस की प्रतियां अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध हैं, और उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि, यदि चाहें तो, किसी भी कार्य दिवस पर संबंधित प्रति अधोहस्ताक्षरी से प्राप्त कर सकते हैं। सामान्य कार्यालय समय.

उपरोक्त के संबंध में, एक बार फिर उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों को नोटिस दिया जाता है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर एचडीएफसी को भुगतान करें। यहां नीचे दी गई राशियां उनके संबंधित नामों में अतिरिक्त ब्याज के साथ दी गई हैं। जैसा कि उक्त डिमांड नोटिस में बताया गया है, नीचे कॉलम (सी) में उल्लिखित संबंधित तारीखों से लेकर भुगतान और/या वसूली की तारीख तक, ऋण समझौते और उक्त उधारकर्ता द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेजों/लेखों, यदि कोई हो, के साथ पढ़ा जाए। . ऋण के उचित पुनर्भुगतान के लिए सुरक्षा के रूप में, निम्नलिखित सुरक्षित संपत्ति को क्रमशः उक्त उधारकर्ता द्वारा एचडीएफसी के पास गिरवी रखा गया है।

सुरक्षित संपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

| क्रं. | ऋणी/जमानतदार का नाम एवं पता | बकाया राशि | मांग सूचना तिथि | बंधक संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| | (ब) | (स) | (द) | (इ) |
| 01. | **श्रीमती सुमन सिंह** पति श्री सिंह संदीप (उधारकर्ता) मृत्यु पश्चात् अन्य ज्ञात एवं अज्ञात कानूनी वारिस, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और नियोक्ता, खसरा संख्या 1340/2 एवं 1341/1 (भाग), मकान संख्या 21 नया 25, प्लॉट संख्या 788, लेआउट संख्या 23 एवं 24 (भाग), कॉलोनी सन सिटी, मौजा मंगला, शुभम विहार, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001.<br>**श्रीमती सुमन सिंह** पति श्री सिंह संदीप (उधारकर्ता) दिवंगत की पत्नी एवं श्री सिंह संदीप दिवंगत के अन्य ज्ञात एवं अज्ञात कानूनी वारिस, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और नियोक्ता, मकान संख्या ए-15, सन सिटी कॉलोनी, शुभम विहार - बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001.<br>**श्रीमती सिंह नमिता** (सह-उधारकर्ता) खसरा संख्या 1340/2 एवं 1341/1 (भाग), मकान संख्या 21 न्यू 25, प्लॉट संख्या 788, लेआउट संख्या 23 एवं 24 (भाग) कॉलोनी सन सिटी, मौजा मंगला, शुभम विहार बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001.<br>**श्रीमती सिंह नमिता** (सह-उधारकर्ता) मकान संख्या ए-15, सन सिटी कॉलोनी, शुभम विहार - बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001.<br>**श्रीमती सिंह नमिता** (सह-उधारकर्ता) मकान संख्या 1750, भदपुरा, न्यू शोभपुर व्हीकल फैक्ट्री रोड, जबलपुर मध्य प्रदेश, 483053.<br>**श्रीमती सिंह नमिता** (सह-उधारकर्ता) सरकारी प्रोफेसर, पॉलिटेक्निक कॉलेज, बालाघाट, मध्य प्रदेश 481001.<br>**सुश्री देविका सिंह** पुत्री श्री सिंह संदीप (उधारकर्ता) मृत्यु पश्चात् अभिभावक (माता) श्रीमती सुमन सिंह एवं श्री सिंह संदीप दिवंगत के अन्य ज्ञात एवं अज्ञात कानूनी वारिस, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और नियोक्ता, खसरा संख्या 1340/2 एवं 1341/1 (भाग), मकान संख्या 21 नया 25, प्लॉट संख्या 788, लेआउट संख्या 23 एवं 24 (भाग), कॉलोनी सन सिटी, मौजा मंगला, शुभम विहार, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001.<br>**सुश्री देविका सिंह** पुत्री श्री सिंह संदीप (उधारकर्ता) दिवंगत की पुत्री सुश्री देविका सिंह, उनकी प्राकृतिक अभिभावक (माता) श्रीमती सुमन सिंह एवं श्री सिंह संदीप दिवंगत के अन्य ज्ञात और अज्ञात कानूनी वारिस, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और नियोक्ता, मकान नंबर ए-15, सन सिटी कॉलोनी, शुभम विहार - बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001. | ₹ 17,57,193/- as on 31 अक्टूबर-25 | 04 दिसम्बर-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग का प्लॉट नंबर 788, लेआउट प्लॉट संख्या 23, 24 (भाग) ए/15, प.ह.नं. -21 (एन) पुराना 25 खसरा संख्या 1340/2 (भाग), 1341/1 (भाग), सन सिटी कॉलोनी, शुभम विहार, विकासखंड-बिल्हा, रानिमं.-बिलासपुर, छत्तीसगढ़. |

*अतिरिक्त ब्याज के साथ। भुगतान और/या वसूली की तारीख तक किए गए आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क जैसा लागू हो आदि।

यदि उक्त उधारकर्ता उपर्युक्त के अनुसार एचडीएफसी को भुगतान करने में विफल हो जाते हैं, तो एचडीएफसी उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्ति के खिलाफ कार्रवाई करेगा, जो पूरी तरह से जोखिम में है। उक्त उधारकर्ता(ओं)/कानूनी वारिस(ओं)/कानूनी प्रतिनिधियों(ओं) की लागत और परिणाम के बारे में।

उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि को उक्त अधिनियम के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्ति को हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है, चाहे वह बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से हो। एचडीएफसी की पूर्व लिखित सहमति। कोई भी व्यक्ति जो अधिनियम या उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन के लिए उकसाता है, वह अधिनियम के तहत प्रावधान के अनुसार कारावास और/या दंड के लिए उत्तरदायी होगा।

स्थान : जबलपुर
दिनांक : 17.12.2025
पंजीकृत पता- एचडीएफसी बैंक हाऊस, सेनापती बापट मार्ग, लोवर परेल (पश्चिम), मुंबई-400013
कृते / प्राधिकृत अधिकारी
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

## चिंतन

# भारत-जॉर्डन साझेदारी को मिलेगी नई गति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जॉर्डन यात्रा आर्थिक, रणनीतिक और कूटनीतिक दृष्टि से काफी अहम रही। इससे न केवल साझेदारी और सहयोग को गति मिलेगी, बल्कि आपसी रिश्ते भी और मजबूत होंगे। यह दौरा दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने और सहयोग बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह भारत की एक्ट ईस्ट नीति का हिस्सा है और पश्चिम एशिया में भारत के प्रभाव को बढ़ाने के लिए एक अहम कदम भी है। अक्सर देखने में आ रहा है कि जब भी पीएम नरेंद्र मोदी विदेश दौरे पर रवाना होते हैं, तो यह केवल एक औपचारिक दौरा नहीं होता, बल्कि देश के भविष्य से जुड़ा एक महत्वपूर्ण कदम भी होता है। जो देश के विकास और मजबूती को नया आयाम देता है। बता दें कि किसी भारतीय प्रधानमंत्री की 37 वर्षों में जॉर्डन की यह पहली पूर्ण द्विपक्षीय यात्रा रही है। दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हुई इस यात्रा से भारत-जॉर्डन साझेदारी को नई गति मिली है और दोनों देशों के बीच विश्वास तथा आपसी समझ भी बढ़ी है। पीएम मोदी की यह यात्रा इसलिए भी महत्व रखती है कि जॉर्डन दुनिया के उन देशों में से एक है, जिसने स्वतंत्र देश के रूप में भारत से शुरुआती दौर में राजनयिक संबंध स्थापित किए थे। दोनों देशों के बीच सहयोग और मैत्रीपूर्ण संबंधों के लिए पहला द्विपक्षीय समझौता 1947 में हुआ था और 1950 में दोनों देशों के बीच पूर्ण राजनयिक संबंध स्थापित हो गए थे। दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंध भी दशकों से मजबूत रहे हैं। दोनों देश शीर्ष नेतृत्व के स्तर पर द्विपक्षीय संबंधों की स्थिति का जायजा लेने के लिए नियमित रूप से एक-दूसरे के संपर्क में रहते हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय बिन अल-हुसैन के साथ व्यापक बातचीत की। वहीं, जॉर्डन ने भी आतंकवाद के मुद्दे पर भारत के रुख का समर्थन किया और भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की। बता दें कि जॉर्डन भारत को फॉस्फेटिक उर्वरकों का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। भारत की बढ़ती उर्वरक मांग को पूरा करने के लिए दोनों देशों की कंपनियों ने जॉर्डन में और निवेश करने के लिए बातचीत की। पीएम मोदी ने अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को पांच अरब डॉलर तक बढ़ाने का प्रस्ताव रखा। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा, सूचना प्रौद्योगिकी, जल प्रबंधन और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग पर अहम चर्चा हुई। रुपे कार्ड के उपयोग सहित डिजिटल लेनदेन के एक आशय पत्र, स्वच्छ ऊर्जा विकल्प के रूप में नागरिक परमाणु ऊर्जा पर भी बात हुई। इसके अलावा पर्यटन और सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए जॉर्डन के पेट्रा और भारत के एलोरा पर्यटन स्थलों के बीच संबंध स्थापित करने के समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। जॉर्डन के बाद मोदी इथोपिया और ओमान का दौरा भी करेंगे। पीएम के विदेश दौरे दर्शाते हैं कि आज भारत को एक उभरती हुई वैश्विक शक्ति के रूप में देखा जा रहा है। उनकी यह यात्रा भारत की उसी छवि को और सशक्त करती है। वैश्विक मुद्दों पर भारत की भूमिका को मजबूती मिलने की उम्मीद है, जिससे अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश की आवाज और प्रभाव बढ़ेगा।



नशामुक्ति
डॉ. रमेश ठाकुर

# नशे के खिलाफ मालदीव मॉडल जरूरी

**मालदीव ने अपनी मौजूदा और आगामी पीढ़ी को सेहतमंद रखने के लिए मुल्क को धूम्रपान मुक्त बनाने का बीड़ा उठा लिया है। कोई युवा धूम्रपान न कर सके, इसके लिए 'जेनरेशनल स्मोकिंग बैन' नाम का एक सख्त और बेहद कठोर कानून बनाया है। नशा-धुम्रपान की बढ़ती समस्या को देखकर अब इतना तो तय है जब तक मालदीव जैसे सख्त कानून नहीं बनाए जाएंगे, स्थिति में सुधार नहीं होगा। मालदीव की भांति ज्यादा से ज्यादा देश अपने यहां ऐसे ही कानूनों को पारित कर अमल में लाने की दरकार है। युवा पीढ़ी की सेहत को बचाने के लिए सभी मुल्कों को ऐसे कानून बनाने चाहिए। मालदीव का धूम्रपान पर अंतिम प्रहार दुनिया के लिए सबक है।**

मालदीव ने अपनी मौजूदा और आगामी पीढ़ी को सेहतमंद रखने के लिए मुल्क को धूम्रपान मुक्त बनाने का बीड़ा उठा लिया है। कोई युवा धूम्रपान न कर सके, इसके लिए 'जेनरेशनल स्मोकिंग बैन' नाम का एक सख्त और बेहद कठोर कानून बनाया है। कानून के मुताबिक वर्ष-2007 के बाद मालदीव में जन्में लोग अब भविष्य में कभी भी किसी सूरत में स्मोकिंग नहीं कर पाएंगे। अगर ऐसा किसी ने भूलवश किया, तो उसे भारी जुर्माना चुकाना होगा। कानून को पिछले महीने यानी 15 नवंबर से पूरे देश में लागू कर दिया गया है। मालदीव में अब तंबाकू-खैनी, गुटखा, बीड़ी सिगरेट, चरस-गांजा, अफीम या ई-सिगरेट को खरीदना और बेचना अपराध की श्रेणी में है।

कोई दुकानदार अगर खुदा न खास्ता चोरी छिपे किसी को तंबाकू बेचता पकड़ा गया, तो उसे 50,000 मालदीवियन रूफिया यानी 2.88 लाख रुपये का जुर्माना देना पड़ेगा। वहीं, ई-सिगरेट या वेपिंग करते पकड़े जाने पर 5,000 रूफिया यानी 29,000 हजार रुपये बतौर जुर्माना देने होंगे। दूसरी बार जुर्माना लगने पर ड्राइविंग लाइसेंस को हमेशा के लिए निरस्त करने का प्रावधान है। ये नियम मालदीव जाने वाले अन्य देशों के लोगों पर भी लागू है। इस अनोखे कानून का सबसे सुखद पहलू ये है कि उसे सत्ता और विपक्ष की आम सहमति से संसद में पारित किया गया। देश वासियों ने बाकायदा जश्न मनाया। कानून बनने की खुशी में पक्ष-विपक्ष के सांसदों ने मिलकर पार्टी भी आयोजित की और एक-दूसरे को बधाइयां दीं। दरअसल, धूम्रपान ऐसी आधुनिक बीमारी के रूप में उभर चुकी है जिसने तकरीबन प्रत्येक के दरवाजे पर दस्तक दे दी है। वाजिब सवाल यहां ये उठता है कि आखिर धूम्रपान के विरुद्ध मालदीव की तरह कठोर कदम भारत में क्यों नहीं उठाया जा सकता?

किस बात की दिक्कत है। जबकि, डब्ल्यूएचओ के मुताबिक भारत में नशे से मरने वालों की संख्या सर्वाधिक है। भारत में कुछ प्रदेशों के युवा नशे में उड़ रहे हैं। घर के घर तबाह हैं। ऐसों को देखकर फिल्ममेकर 'उड़ता पंजाब' जैसी फिल्में भी बनाने लगे हैं। फिर भी कोई सुधार नहीं होता दिखता। नशेड़ियों का हर पल, हर जगह, उपहास उड़ता है। बावजूद इसके अपनी हरकतों से वो बाज नहीं आते? दुनिया में हर बरस 80 लाख मौतें होती हैं फिर भी कोई नहीं डर रहा। नशा-धूम्रपान की बढ़ती समस्या को देखकर अब इतना तो तय है जब तक मालदीव जैसे सख्त कानून नहीं बनाए जाएंगे, स्थिति में सुधार नहीं होगा। मालदीव की भांति ज्यादा से ज्यादा देश अपने यहां ऐसे ही कानूनों को पारित कर अमल में लाने की दरकार है। हिंदुस्तान तंबाकू का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता और उत्पादक देश है। सरकार राजस्व का बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से जुटाती है। भारत में तंबाकू-धूम्रपान से सालाना 13.5 लाख लोग असमय मरते हैं।

'सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेशन' के मुताबिक भारत सरकार प्रत्येक बरस अपने मरीजों पर 1.77 करोड़ रुपये खर्च करती है। ये जानते हुए भी कि तंबाकू कैंसर, फेफड़ों की बीमारी और हृदय रोग सहित कई पुरानी बीमारियों का प्रमुख कारण है। फिर भी लोग गुटखा-खैनी इस्तेमाल करते हैं। पंजाब पाकिस्तान के बॉर्डर से सटा है, जहां से चोरी छिपे हर दिन सैकड़ों किलो मादक पदार्थों की खेप पहुंचती हैं। तस्कर इसके




लिए ड्रोन का इस्तेमाल करते हैं। देखा जाए तो मालदीव ने अपनी पीढ़ियों को बचाने के लिए जो इच्छाशक्ति दिखाई है, वह अन्य मुल्कों के लिए एक नायाब उदाहरण जैसा है। उनका यह निर्णय नशे से प्रभावित देशों को धूम्रपान से लड़ने के लिए ना सिर्फ हिम्मत देगा, बल्कि स्वास्थ्य सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाएगा। मालदीव का नशा मुक्ति पर लिया कठोर निर्णय निश्चित रूप से साहसिक कदम कहा जाएगा। ऐसा करके मालदीव विश्व का पहला मुल्क बना है, जहां साल 2007 के बाद जन्मा कोई इंसान कश से दूर रहेगा। मालदीव में धूम्रपान से सालाना मात्र 150 लोग ही जान गवाते हैं, फिर भी सरकार अपने नागरिकों के लिए इतनी फिक्रमंद है। कानून से जुड़ी एक अच्छी बात ये भी है कि यह नियम वहां पहुंचने वाले सैलानियों पर भी लागू रहेंगे। विश्व की सरकारें अगर ईमानदारी से जनहित की नीतियों पर मंथन करें, तो धूम्रपान पर मुक्ति पाना असंभव नहीं? मॉर्डन स्टेटस कहें, या पश्चिमी सभ्यता का विस्तार? देखा-देखी युवा नशे की लत में घुसते जा रहे हैं। मालदीव ही नहीं, विश्व का कोई देश इस समय अछूता नहीं बचा, जहां के टीनएजर्स इस समस्या की गिरफत में न समाए हों? इस मामले में एशिया पहले पायदान पर है जहां बड़े स्तर पर मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त जारी है। मालदीव सरकार द्वारा पारित 'जेनरेशनल स्मोकिंग बैन' दुनिया का पहला 'तम्बाकू मुक्त' कानून है। हालांकि, हिंदुस्तान में धूम्रपान पर पीढ़ीगत प्रतिबंध के संबंध में कोई विशेष कानून नहीं है। पर, राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम जैसे कई कानून पहले से हैं। इसके अलावा समय-समय पर प्रदेश सरकारें अपने स्तर पर प्रतिबंध लगाती रहती हैं। जैसे, इस समय पंजाब सरकार ने नशा मुक्ति को लेकर अभियान छेड़ा हुआ है। अभियान के तहत महीने भर से मादक पदार्थों की धरपकड़ जारी है। दुर्भाग्य से इस तरह के अभियान या प्रदेश सरकारों की सख्तियां कारगर साबित नहीं हो पाती। कुछ समय बाद ही दम तोड़ देती हैं। हमारे यहां कागजों में ही ऐसी पाबंदियों की भरमार हैं जिनमें शिक्षण संस्थाओं जैसे स्कूल-कॉलेजों के सौ मीटर दूरी तक पान-मसाला बेचने की मनाही होती है। लेकिन अब स्कूलों के भीतर भी मादक पदार्थ पकड़े जाने लगे हैं। बीते दिनों ग्रेटर नोएडा के एक नामी कॉलेज में छात्रों के पास से पुलिस ने नशे की ढेर सारी सामग्रियां बरामद की। वैश्विक स्तर धूम्रपान के विरुद्व लड़ाई लड़ने की जरूरत अब महसूस होने लगी है। इस लड़ाई में पहला कदम मालदीव ने बढ़ा दिया है।

अब कोई ये भी नहीं कहेगा कि 'बिल्ली के गले में कौन बांधे घंटी'। ऐसी पहल का इंतजार सभी को था लेकिन अब हो गई। कितनी सुखद खबर है कि दुनिया में पहली बार किसी देश ने तय किया कि उसकी आने वाली पीढ़ियां कभी सिगरेट, तंबाकू से अपने फेफड़े नहीं जलाएंगी। मालदीव की आबादी मात्र 5 से 7 लाख है और जीडीपी पूरी तरह पर्यटन पर निर्भर है। मालदीव स्वास्थ्य मंत्रालय ने आधिकारिक रूप से पुष्टि की है कि 1 नवम्बर 2025 से तंबाकू-मुक्त पीढ़ी कानून लागू हो चुका है। यह नियम विदेशी पर्यटकों पर भी लागू होगा। दुकानदारों को खरीदार की उम्र की अनिवार्य जांच करनी होगी। मालदीप ने वर्ष 2024 में 40 करोड़ सिगरेट आयात की थी। कमाई की परवाह न करते हुए भी मालदीव ने अपने यहां पहुंचने वाले सैलानियों पर भी कानून लागू किया है। साफ-सफाई और सुंदरता में उसका कोई मुकाबला नहीं कर सकता। हालांकि, वहां ई-सिगरेट और वेपिंग पर रोक करीब दशक भर पहले से थी। पर, अब पूर्ण प्रतिबंधित कर दिया है। युवा पीढ़ी की सेहत को बचाने के लिए सभी मुल्कों को ऐसे कानून बनाने चाहिए। मालदीव का धूम्रपान पर अंतिम प्रहार दुनिया के लिए सबक है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

बदलाव
महेन्द्र तिवारी




# मनरेगा के बाद ग्रामीण रोजगार की नई रूपरेखा

ग्रामीण भारत के विकास की यात्रा में मनरेगा एक ऐतिहासिक पड़ाव रहा है। वर्ष 2005 में जब यह कानून अस्तित्व में आया था, तब देश के ग्रामीण समाज की जरूरतें, चुनौतियां और संरचना आज से बिल्कुल अलग थीं। उस समय व्यापक गरीबी, सीमित आजीविका के साधन और सामाजिक सुरक्षा के अभाव ने सरकार को एक ऐसे अधिकार-आधारित कानून की ओर प्रेरित किया, जो ग्रामीण नागरिक को काम का वैधानिक भरोसा दे सके। दो दशक बाद सरकार अब मनरेगा की जगह विकसित भारत–गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) या "विकसित भारत जी राम जी" नाम से नए कानून को लाने की तैयारी कर रही है। यह बदलाव केवल योजना का नहीं, बल्कि सोच और नीति के ढांचे का भी संकेत देता है। सरकार का दावा है कि नया कानून मनरेगा की कमजोरियों को दूर करेगा और ग्रामीण भारत को अधिक मजबूत, आत्मनिर्भर और भविष्य के प्रति सक्षम बनाएगा। 100 दिनों की जगह 125 दिनों की रोजगार गारंटी, साप्ताहिक भुगतान, डिजिटल निगरानी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित नियंत्रण और टिकाऊ परिसंपत्तियों के निर्माण जैसे प्रावधान निस्संदेह आकर्षक लगते हैं। जल संरक्षण, जलवायु अनुकूलन, आजीविका आधारित अवसंरचना और बाजार से जुड़ाव जैसे क्षेत्रों पर जोर यह दर्शाता है कि सरकार अब ग्रामीण रोजगार को केवल राहत के उपाय के रूप में नहीं, बल्कि दीर्घकालिक विकास की रणनीति के रूप में देख रही है। राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना संग्रह में परिसंपत्तियों का पंजीकरण इस सोच को और स्पष्ट करता है कि गांवों में होने वाला हर कार्य राष्ट्रीय विकास की बड़ी तस्वीर से जुड़ा हो। यह भी सच है कि पिछले वर्षों में ग्रामीण भारत में कई सकारात्मक बदलाव आए हैं। गरीबी दर में गिरावट, डिजिटल भुगतान की व्यापकता, आधार से जुड़ी सेवाएं और ग्रामीण आजीविका के नए अवसरों ने मनरेगा के मूल स्वरूप को कुछ हद तक अप्रासंगिक बना दिया है। मनरेगा के अंतर्गत दुरुपयोग, कागजों पर बने काम, मशीनों का अनुचित इस्तेमाल और फर्जी उपस्थिति जैसी शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं। ऐसे में सरकार का यह कहना कि एक अधिक अनुशासित, पारदर्शी और परिणामोन्मुखी ढांचे की जरूरत है, पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता। फिर भी, इस नए कानून को लेकर सबसे बड़ा सवाल उसके मूल दर्शन से जुड़ा है। मनरेगा की आत्मा यह थी कि काम मांगने पर काम देना राज्य का कानूनी दायित्व है। यह अधिकार गरीब ग्रामीण नागरिक को प्रशासन के सामने खड़ा होने का नैतिक और कानूनी बल देता था। नए कानून में मांग आधारित व्यवस्था की जगह मानक वित्तपोषण को अपनाने की बात कही गई है, जिसमें राज्यों के लिए बजट की एक तय सीमा होगी। भले ही सरकार यह आश्वासन दे कि रोजगार का अधिकार सुरक्षित रहेगा और समय पर काम न मिलने पर बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा, लेकिन व्यवहार में यह व्यवस्था अधिकार की धार को कुछ कुंद करती दिखाई देती है। जब संसाधन पहले से सीमित होंगे, तो काम मांगने की स्वतंत्रता स्वतः ही सीमित हो सकती है। कृषि मौसम में 60 दिनों तक सार्वजनिक कार्यों को रोकने का प्रावधान भी दोहरे अर्थ रखता है। एक ओर यह किसानों के हित में बताया जा रहा है, ताकि बुआई और कटाई के समय मजदूरों की कमी न हो और कृषि लागत न बढ़े। दूसरी ओर, यह प्रावधान प्रशासनिक विवेक पर अत्यधिक निर्भर हो सकता है। यदि किसी क्षेत्र में खेती के मौसम के बावजूद बेरोजगारी की स्थिति बनी रहती है, तो मजदूर के पास काम मांगने का विकल्प सीमित हो जाएगा। बिना स्पष्ट दिशा-निर्देश और अपील की व्यवस्था के यह प्रावधान नियंत्रण का औजार भी बन सकता है। राज्यों पर वित्तीय बोझ का प्रश्न भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। केंद्र और राज्य के बीच 60:40 का वित्तीय अनुपात अपेक्षाकृत सक्षम राज्यों के लिए भले ही व्यावहारिक हो, लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर राज्यों के लिए यह चुनौतीपूर्ण हो सकता है। यदि राज्य अपने हिस्से का भुगतान समय पर नहीं कर पाते, तो रोजगार और मजदूरी दोनों प्रभावित होंगी। ऐसे में यह स्पष्ट होना जरूरी है कि अंतिम जिम्मेदारी किसकी होगी और गरीब नागरिक को अपने अधिकार के लिए किस दरवाजे पर जाना होगा। पारदर्शिता और निगरानी के लिए प्रस्तावित तकनीकी उपाय सैद्धांतिक रूप से मजबूत हैं, लेकिन अधिकार की भावना कमजोर पड़ी और क्रियान्वयन में राज्यों व पंचायतों की भूमिका सीमित हुई, तो यह सुधार के नाम पर एक महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा कवच के क्षरण का कारण भी बन सकता है। विकसित भारत की नींव मजबूत तभी होगी, जब विकास के साथ अधिकार और विश्वास भी समान रूप से मजबूत रहें।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मृत्युंजय मंत्र यानी मृत्यु पर विजय का मंत्र



संकलित
दर्शन

शिव का मृत्युंजय मंत्र वैदिक परंपरा में सबसे प्रतिष्ठित मंत्रों में से एक है। मृत्युंजय का अर्थ है मृत्यु पर विजय। आत्मा की कोई मृत्यु नहीं है। यह एक शरीर से दूसरे शरीर में जाती है। मृत्युंजय का अर्थ है क्षणभंगुर पर मन की विजय और शाश्वत की ओर बढ़ना। जब मन को यह एहसास होता है कि मैं शाश्वत हूं। मुझमें कुछ ऐसा है जो बदल नहीं रहा है। फिर कोई भय नहीं रहता। भय मृत्यु के लक्षणों में से एक है। जब आप भय पर विजय प्राप्त करेंगे, तब नाशवान के साथ पहचान की लघु मानसिकता पर विजय प्राप्त कर लेंगे और अविनाशी की ओर बढ़ेंगे। हम इन दोनों का मिश्रण हैं। हमारी आत्मा अविनाशी है और शरीर नाशवान है। अक्सर हमारा मन नाशवान से जुड़ा होता है और उसे लगता है कि वह मर रहा है। मृत्युंजय मंत्र हमारे मन को सीमित पहचान से असीमित पहचान की ओर ले जाता है। इसमें एक प्रार्थना है- शिव मुझे सबल बनाएं। उन्हें मुझे दृढ़ बनाने दो, वह मुझे बंधन से मुक्ति दिलाएं। आमतौर पर लोग पूछते हैं कि जीवन का उद्देश्य क्या है? सृजन का उद्देश्य क्या है? यह ब्रह्मांड किसी स्थान पर जाने की यात्रा नहीं है। सृष्टि का कोई उद्देश्य नहीं है। यह मात्र चेतना का एक खेल और प्रदर्शन है। जैसे नर्तक और नृत्य अलग नहीं हो सकते, वैसे ही सृष्टि और रचयिता दो अलग वस्तुएं नहीं हैं। इस सत्य को नटराज (शिव के रूपों में से एक) के रूप में दर्शाया गया था। नटराज स्वयं चेतना हैं, उनमें पांच तत्वों को दर्शाया गया है। चेतना का नृत्य संपूर्ण ब्रह्मांड है। यह ब्रह्मांड संघर्ष या कष्ट नहीं दे रहा है; यह हर क्षण उत्सव मना रहा है।

## स्वयं के धर्म की चिंता



संकलित
प्रेरणा

एक आदमी तालाब के किनारे बैठ कर कुछ सोच रहा था। तभी उसने पानी में किसी के डूबने की आवाज सुनी और उसने तालाब की तरफ देखा तो उसे एक बिच्छू तालाब में डूबता दिखाई दिया। अचानक ही वह आदमी उठा और तालाब में कूद गया। उस बिच्छु को बचाने के लिए उसने उसे पकड़ लिया और तालाब के बाहर लाने लगा। इससे घबराकर बिच्छू ने उस आदमी को डंक मारा। आदमी का हाथ खून से भर गया वो जोर-जोर से चिल्लाने लगा, उसका हाथ खुल गया और बिच्छू फिर पानी में गिर गया।

आदमी फिर उसके पीछे गया। उसने बिच्छु को पकड़ा। लेकिन बिच्छू ने फिर से उसे काट लिया। यह बार-बार होता रहा। यह पूरी घटना दूर बैठा एक आदमी देख रहा था। वो उस आदमी के पास आया और बोला - अरे भाई ! वह बिच्छू तुम्हे बार-बार काट रहा है। तुम उसे बचाना चाहते हो, वो तुम्हे ही डंक मार रहा है। तुम उसे जाने क्यूँ नहीं देते? मर रहा हैं अपनी मौत, तुम क्यूँ अपना खून बहा रहे हो? तब उस आदमी ने उत्तर दिया - भाई ! डंक मरना तो बिच्छू की प्रकृति है। वह वही कर रहा है लेकिन मैं एक मनुष्य हूँ, और मेरा धर्म है दूसरों की सेवा करना और मुसीबत में उनका साथ देना। अतः बिच्छू अपना धर्म निभा रहा हैं और मैं मेरा।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**श्रमिकों का बुढ़ापा भी सुरक्षित हो**

देश की आर्थिकी को मजबूती प्रदान करने के लिए कृषि के बाद अगर कोई दूसरी चीज है तो वो है उद्योग जगत और उद्योग जगत को कामयाब बनाने में श्रमिकों का भी कोई कम योगदान नहीं होता है। यह अलग बात है कि आज आजाद देश में कुछ लोग श्रमिकों को अपना गुलाम समझते हैं और आज भी श्रमिकों को उनके उतने अधिकार नहीं मिलते जितने मिलने चाहिए। अब मोदी सरकार ने श्रमिकों को अपनी तरफ से राहत देने के लिए इन्हें और सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नई श्रम संहिता नीति को हरी झंडी दी है। लेकिन नई श्रम संहिता में सरकार ने श्रमिकों के बुढ़ापे को सुरक्षित करने और आर्थिक मदद के लिए श्रमिकों को उचित पेंशन का प्रावधान क्यों नहीं किया? उनका बुढ़ापा सुरक्षित होना चाहिए।

- **प्रखर जोशी**, दुर्ग

### ट्रेंड

**हमारे लिए देश पहले**



तमाम विपक्षी दलों को समझना होगा कि एसआईआर विषय केवल चुनाव जीतने और हारने का नहीं बल्कि देश का विषय है। हमारे लिए देश पहले होना चाहिए इसके बाद बाकी विषय होना चाहिए।

**-जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**

**ग्राम-स्वराज का सपना**



पीएम मोदी को दो चीजों से पक्की नफरत है महात्मा गांधी के विचारों से और गरीबों के अधिकारों से। मनरेगा, महात्मा गांधी के ग्राम-स्वराज के सपने का जीवंत रूप है। मगर, आज मोदी जी मनरेगा का नामो-निशान मिटाने पर आमादा है।

**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

**सरकार मिशन मोड में**



27 वर्षों से जिन समस्याओं से दिल्ली जूझ रही थी, उनके स्थायी समाधान में हमारी सरकार पूरी ईमानदारी से जुटी है। नालों की डी-सिल्टिंग का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। इस लक्ष्य को चरणबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए हमारी सरकार मिशन मोड में काम कर रही है।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

**नेशनल हेराल्ड मामला**




नेशनल हेराल्ड मामले में राउज़ एवेन्यू कोर्ट का फैसला मोदी सरकार के षड्यंत्रों पर करारा तमाचा है। कोर्ट ने ईडी की शिकायत खारिज कर यह साबित कर दिया है कि सोनिया गांधी व राहुल के खिलाफ यह केस राजनीतिक द्वेष से बनाया गया था।

**- अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

## करंट अफेयर

# ट्रंप ने फेंटानिल को 'सामूहिक विनाश का हथियार' बताया



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फेंटानिल को 'सामूहिक विनाश का हथियार' करार देने वाले कार्यकारी आदेश पर सोमवार को दस्तखत कर दिए। ट्रंप ने ओवल ऑफिस (अमेरिका का राष्ट्रपति कार्यालय) में रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ, ज्वाइंट चीफ्स के चेयरमैन जनरल डैन केन, व्हाइट हाउस में सीमा से जुड़े मामलों के प्रमुख टॉम होमन और अन्य शीर्ष सैन्य अधिकारियों की मौजूदगी में इस आदेश पर हस्ताक्षर किए। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि उनका प्रशासन 'फेंटानिल को आधिकारिक तौर पर सामूहिक विनाश के हथियार के रूप में वर्गीकृत कर रहा है, जो वास्तव में वही है। कोई भी बम वह काम नहीं कर सकता, जो यह (फेंटानिल) कर रहा है।' हालांकि, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि नये कार्यकारी आदेश के अमल में आने के फेंटानिल की लत के शिकार लोगों और इसकी तस्करी में शामिल अपराधियों के लिए क्या मायने होंगे तथा इससे ट्रंप प्रशासन की नीति में क्या बदलाव आएगा। सामूहिक विनाश के हथियार शब्द का इस्तेमाल आमतौर पर परमाणु, जैविक, रासायनिक या साइबर खतरों के लिए किया जाता है, जो किसी आबादी, बुनियादी ढांचे या पर्यावरण को भारी एवं स्थायी नुकसान पहुंचाने में सक्षम होते हैं। इराक पर अमेरिका के आक्रमण के बाद वाशिंगटन के सियासी गलियारों में इस शब्द पर जमकर बहस हुई है।

## ऑफ बीट

# आपकी विशिष्ट गंध बता सकती है क्या बीमारी है



हमारे शरीर से हर सेकंड सैकड़ों रसायन हवा में प्रवाहित होते हैं। ये रसायन हवा में आसानी में घुल जाते हैं क्योंकि इनमें वाष्प का दबाव अधिक होता है, जिसका अर्थ है कि वे उबल जाते हैं और कमरे के तापमान पर गैस में बदल जाते हैं। वे इस बात का पता देते हैं कि हम कौन हैं और कितने स्वस्थ हैं। प्राचीन यूनानी काल से, हम जानते हैं कि जब हम अस्वस्थ होते हैं तो हमारी गंध अलग-अलग होती है। जबकि आज हम रक्त विश्लेषण पर भरोसा करते हैं, प्राचीन यूनानी चिकित्सक बीमारियों के निदान के लिए गंध का उपयोग करते थे। आपकी सांस का एक झोंका लेकर वह बता सकते थे कि आपको फेटोर हेपेटिकस (मतलब खराब लीवर) है, तो इसका मतलब होता था कि आप लीवर की बीमारी की ओर बढ़ सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति की सांस की हवा में मीठापन या फलों की गंध होती थी, तो चिकित्सकों का निष्कर्ष होता था कि पाचन तंत्र में शर्करा टूट नहीं रही है, और उस व्यक्ति को संभवतः मधुमेह है। विज्ञान ने तब से दिखाया है कि प्राचीन यूनानी सही थे – जिगर की विफलता और मधुमेह तथा संक्रामक रोगों सहित कई अन्य बीमारियाँ आपकी सांसों को एक विशिष्ट गंध देती हैं। 1971 में, नोबेल पुरस्कार विजेता रसायनज्ञ लिनुस पॉलिंग ने सांस में 250 विभिन्न गैसीय रसायनों की गिनती की।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में समग्र औद्योगिक विकास की ओर बढ़ रहा मप्र

## पीएम मित्र पार्क में 89 परिवारों के पुनर्वास का पहला चरण, 24 परिवारों को सौंपे गए पक्के घर

# औद्योगिक परियोजनाएं सिर्फ निवेश ही नहीं, समाज के समग्र विकास के लिए

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में औद्योगिक परियोजनाओं को केवल निवेश के रूप में नहीं, बल्कि समाज के समग्र विकास से जोड़कर आगे बढ़ाया जा रहा है।

इसी सोच के साथ धार जिले के ग्राम भैंसोला में विकसित हो रहे देश के पहले पीएम मित्र पार्क में विस्थापित परिवारों के पुनर्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। मित्र पार्क की भूमि पर निवासरत कुल 89 परिवारों के पुनर्वास के लिए एमपीआईडीसी द्वारा समीप ही सुव्यवस्थित आवासीय कॉलोनी विकसित की जा रही है।

इस पुनर्वास योजना के प्रथम चरण में 24 परिवारों को पक्के मकान बनाकर सौंपे गए और विधि-विधान के साथ उनका गृह प्रवेश कराया गया। शेष परिवारों को भी चरणबद्ध रूप से आवास उपलब्ध कराए जाएंगे।



पीएम मित्र पार्क में विस्थापित परिवारों को सौंपे गए पक्के घर।

### 89 पक्के मकान, 140 भूखण्ड और पूर्ण सुविधाएं

पीएम मित्र पार्क के लिए विकसित की जा रही पुनर्वास कॉलोनी में कुल 89 टू बीएचके पक्के मकान तथा 140 विकसित भूखण्ड शामिल हैं। कॉलोनी में बिजली, नल से जल, सड़क, नाली और एसटीपी जैसी सभी आवश्यक सुविधाओं के साथ आंगनवाड़ी केंद्र, प्राथमिक विद्यालय, पार्क और सामुदायिक भवन विकसित किए गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से पूरे परिसर को बाउंड्रीवॉल से कवर किया गया है। प्रदेश सरकार की नीति के अनुसार औद्योगिक विकास करते हुए हर परिवार का ख्याल रखा जाएगा। इसी नीति के तहत पीएम मित्र पार्क के लिए प्रभावित परिवारों को केवल आवास ही नहीं बल्कि बेहतर जीवन उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया गया है।

### 13.48 करोड़ रुपए की पुनर्वास योजना होगी पूर्ण

यह संपूर्ण पुनर्वास परियोजना लगभग 13.48 करोड़ की लागत से विकसित की जा रही है। प्रत्येक मकान की लागत लगभग 6 लाख रुपए है। परियोजना को अप्रैल 2026 तक पूरा कर शेष सभी हितग्राहियों को चरणबद्ध रूप से मकान सौंपे जाएंगे। विकसित किए गए 140 भूखण्ड भविष्य में अन्य विस्थापन कार्यों के लिए उपयोग में लाए जाएंगे। देश के पहले पीएम मित्र पार्क में उद्योग स्थापना और पुनर्वास का यह संतुलित मॉडल यह दर्शाता है कि प्रदेश सरकार के लिए औद्योगिक प्रगति के साथ सामाजिक जिम्मेदारी भी समान रूप से महत्वपूर्ण है।

---

प्रदेश में 45 रोड सेफ्टी एण्ड इन्फोर्समेंट प्वाइंट के माध्यम से जांच

## परिवहन विभाग के प्रवर्तन अमले को चालानी कार्रवाई के लिए मिली पीओएस मशीनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

परिवहन विभाग ने प्रदेश में वाहन चेकिंग की पारदर्शी व्यवस्था लागू करने तथा सुशासन के उद्देश्य से ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत राज्य के परिवहन चेकपोस्टों को बंद कर दिया है। इनके स्थान पर 45 रोड सेफ्टी एण्ड इन्फोर्समेंट चेकिंग प्वाइंट जांच का कार्य कर रहे हैं। जांच कार्य के लिए प्रवर्तन बल (इन्फोर्समेंटफोर्स) को बॉडीवॉर्न कैमरे उपलब्ध कराए गए हैं। इन कैमरों की निगरानी में पीओएस मशीन के माध्यम से वाहनों के विरुद्ध ऑनलाइन चालानी कार्रवाई की जा रही है।

राज्य में प्रवेश करने वाले अन्य राज्यों के वाहनों की ओर से ई-चेकपोस्ट मॉडल के माध्यम से ऑनलाइन मोटरयान कर जमा करने की सुविधा दी गई है। प्रवर्तन अमले की ओर से बॉडीवॉर्न कैमरे का उपयोग करने से वाहन चेकिंग के दौरान प्रत्येक कार्रवाई की मॉनीटरिंग वास्तविक समय में कंट्रोल एण्ड कमाण्ड सेंटर के माध्यम से की जा रही है। परिवहन विभाग की इस व्यवस्था से न केवल वाहन चालकों में विश्वास बढ़ा है, बल्कि वाहन चेकिंग के दौरान आने वाली अवैध वसूली की शिकायतें भी काफी कम हो गई हैं। इस व्यवस्था से परिवहन विभाग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इण्डिया के सपने को साकार किया है। परिवहन विभाग के अमले को पीओएस मशीन उपलब्ध कराने से वाहनों के विरुद्ध की जाने वाली चालानी कार्रवाई को ऑनलाइन तथा कैशलेस रूप में किया जा रहा है। प्रदेश में मोटरयान परिवहन से संबंधित प्रावधानों के उल्लंघन पर स्व-चलित पद्धति ई-डिटेक्शन को नवम्बर-2025 से लागू कर दिया गया।

## भारतीय मजदूर संघ की कार्यशाला आयोजित

**भोपाल।** भारतीय मजदूर संघ मप्र द्वारा स्वावलंबी भारत अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय अध्यक्ष हिरण्मय पंड्या, अखिल भारतीय उपाध्यक्ष केपी सिंह, क्षेत्रीय संगठन मंत्री मप्र-छग सुनील किरवई, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्यप्रांत के प्रांत कार्यवाह हेमंत सेठिया, क्षेत्र संगठन मंत्री स्वदेशी जागरण मंच के केशव दुबोलिया सहित अन्य उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मध्यप्रदेश के 55 जिलो से संयोजकों सहित 86 कार्यकर्ताओं की उपस्थित रही।

---

## पौष माह के कृष्ण पक्ष की सफला एकदशी पर मंदिरों एवं घरों में की गई भगवान की आराधना

# सफला एकादशी पर दीप जलाकर की गई भगवान विष्णु और बांके बिहारी की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पौष माह के कृष्ण पक्ष की सफला एकादशी सोमवार को राजधानी के बिड़ला मंदिर,श्रीजी मंदिर व बांके बिहारी लाल मार्कण्डेय मंदिर में विशेष-पूजा-पाठ की गई। भक्तों ने सौभाग्य व घर-परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। बांके बिहारी लाल मार्कण्डेय मंदिर में महिलाओं ने दीप जलाकर भगवान बांके बिहारी और विष्णु जी की पूजा-पाठ की। मां चामुंडा दरबार के पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि पौष माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी को सफला एकादशी कहा जाता है। मान्यता है कि इस एकादशी का व्रत करने से सर्वत्र सफलता प्राप्त होती है। हिंदू धर्म में एकादशी की तिथि भगवान श्रीहरि को समर्पित की गई है। यही कारण है कि इस दिन भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। इस दिन किए गए उपायों से व्यक्ति का सौभाग्य जागता है और उसके सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं।


इतवारा स्थित राधा वल्लभ मंदिर का दृश्य।

### एकादशी पर हुआ विशेष श्रृंगार, ठाकुर जी ने किया मुकुट धारण

पुत्रदा एकादशी के अवसर पर इतवारा स्थित श्री हित रसिक राधावल्लभ मंदिर में ठाकुर श्री राधावल्लभ लाल का विशेष श्रृंगार एवं मुकुट धारण संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर भक्तों ने ठाकुर जी के दिव्य दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। शीत ऋतु में ठाकुर जी का विशेष श्रृंगार किया जाता है, जिसके अंतर्गत फूलों की माला की जगह उन्हें कपड़े से बनी माला धारण कराई जाती है। साथ ही, ठाकुर जी के हाथों एवं पैरों में मोजे पहनाए जाते हैं, जिससे उन्हें शीत ऋतु में गरमाहट का अनुभव हो। पुत्रदा एकादशी के दिन ठाकुर जी ने विशेष मुकुट धारण कर भक्तों को मनोहारी दर्शन दिए। राधावल्लभ परंपरा के अनुसार मंदिर में दिन की शुरूआत प्रातः मंगला आरती से हुई। इसके पश्चात धूप, श्रृंगार एवं राजभोग आरती संपन्न हुई। सायंकाल पट खुलने के बाद धूप, संध्या एवं शयन आरती के उपरांत ठाकुर जी का शयन कराया गया।

### बाबा खाटू श्याम का किया विशेष श्रृंगार

मां वैष्णो धाम आदर्श नोदुर्गा मंदिर प्लेटिनम प्लाजा पर एकादशी पर बाबा खाटू श्याम का विशेष श्रृंगार किया गया। इसके बाद भगवान खाटू श्याम को छप्पन भोग अर्पित किए गया। इसके बाद भजन संध्या की गई । बाबा की ज्योत प्रज्वलित की गई।


खाटू श्याम मंदिर

### खरमास शुरू, नहीं होंगे मांगलिक कार्यक्रम

**भोपाल।** सोमवार से 14 जनवरी तक खरमास है, जिसके बाद मुहूर्त सीधे 4 फरवरी से शुरू होंगे, जो जुलाई तक चलेंगे, जिसमें मांगलिक कार्य नहीं होंगे। मां चामुंडा दरबार के पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि 15 दिसबर से सूर्यदेव धनु राशि में संक्रमण कर लिया है। इसके चलते 16 दिसंबर से खरमास लग गया है। खरमास की वजह से 16 दिसंबर से विवाह, मुंडन व उपनयन संस्कार पर एक माह के लिए विराम लग गया है। 16 दिसंबर से 14 जनवरी तक विवाह नहीं होंगे। पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि 15 दिसंबर से 2 फरवरी तक शुक्र का तारा अस्त होने से मुहूर्त नहीं है। 15 दिसंबर से 14 जनवरी तक धनुर्मास रहेगा। 14 मार्च से 14 अप्रैल तक मीन मलमास होने से शादियां नहीं होंगी। 17 मई से 15 जून तक ज्येष्ठ अधिकमास होने से मुहूर्त नहीं हैं। 16 जुलाई से 8 अगस्त तक गुरु का तारा अस्त रहेगा। 25 जुलाई से 20 नवंबर तक देवशयन काल रहेगा। जुलाई में विवाह के दो, फरवरी एवं जून माह में जहां 6 दिन, मार्च, मई, नवंबर और दिसंबर में चार, अप्रैल में तीन दिन ही शादियां होंगी।

---

## लाडली बहनों को धमकी देने का आरोप, महिला कांग्रेस ने किया प्रदर्शन और मंत्री शाह का पुतला जलाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लाडली बहना योजना की लाभार्थी महिलाओं को लेकर कथित धमकी भरे बयान के विरोध में मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस ने सोमवार को भोपाल में प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह का पुतला जलाकर जोरदार प्रदर्शन किया। महिला कांग्रेस ने आरोप लगाया कि मंत्री का बयान महिलाओं का अपमान है और इसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया ने कहा कि मंत्री विजय शाह द्वारा अधिकारियों की बैठक में यह कहना कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में शामिल न होने वाली लाडली बहनों की जांच कराई जाए, न केवल अनुचित है बल्कि महिलाओं को डराने की कोशिश भी है। उन्होंने कहा कि लाडली बहना योजना के तहत मिलने वाला लाभ महिलाओं का अधिकार है, कोई एहसान नहीं और इस तरह के बयान सरकार की सोच को उजागर करते हैं।

### मंत्रिमंडल से तत्काल बर्खास्त करने की मांग

रीना बौरासी सेतिया ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मंत्री विजय शाह को तत्काल मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे पहले भी मंत्री द्वारा महिलाओं को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां की जा चुकी हैं। महिला कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो पूरे प्रदेश में मंत्री विजय शाह के पुतले जलाए जाएंगे और जिला स्तर पर ज्ञापन सौंपकर आंदोलन तेज किया जाएगा। महिला कांग्रेस ने एक सुर में कहा कि महिलाओं के सम्मान से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा।

---

### अतिक्रमण अमले ने प्रदान किया सहयोग

## बिना भवन अनुज्ञा शाखा की अनुमति के बने दो कमरे ढहाए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के करोंद स्थित पंचवटी कॉलोनी में सोमवार भवन अनुज्ञा शाखा की बिना अनुमति ने बने दो कमरों को तोड़ने की कार्रवाई की गई। जेसीबी से निर्माण को अतिक्रमण अमले ने ढहा दिया। भवन अनुज्ञा शाखा को यहां अवैध रूप से बने निर्माण की शिकायत मिली थी। इसकी पहले जांच की गई। इस दौरान निर्माण कार्य अवैध पाया गया। इस पर कार्रवाई की गई। कोलार नहर के पास प्रियंका नगर में अवैध रूप से बने पांच छप्पर भी हटाए गए। निगम के अतिक्रमण दस्ते के सोमवार को सीएम हेल्पलाइन, कॉल सेंटर व अन्य माध्यमों से मिली शिकायतों पर शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में कार्रवाई की। इस दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ठेले, गुमठी, पान पार्लर, काउंटर, बोर्ड, सब्जी, जैकेट, कपड़े, मौजे आदि की दुकानों व अवैध रूप से बनें छप्पर एवं चबूतरों को हटाया गया।

---

### आरोपियों ने गला दबाकर पेड़ पर लटकाया था किशोरी का शव

## करीब आठ साल पहले हुए अंधे कत्ल के मामले में पुलिस ने किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कबीरधाम

पुलिस ने मंगलवार को आठ साल पुराने अंधे कत्ल का खुलासा किया है। इस मामले में दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कुकदूर थाना क्षेत्र का मामला है। एएसपी पुष्पेन्द्र कुमार बघेल ने बताया कि 17 मई 2017 को थाना कुकदूर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अमनिया की 14 वर्षीय बालिका राजबाई गोड का शव कोलिहामाड़ा नाला के पास भेलवा पेड़ में उसकी चुनरी से फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला था।

पीएम रिपोर्ट में डॉक्टर द्वारा मृत्यु का कारण गला दबाने से दम घुटना बताया गया। इससे यह स्पष्ट हुआ कि मामला आत्महत्या नहीं बल्कि सुनियोजित हत्या का है।



इसके आधार पर 27 मई 2017 को अज्ञात आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 302, 201 दर्ज कर जांच में लिया गया। वर्ष 2025 में कबीरधाम पुलिस द्वारा पुराने अनसुलझे मामलों की पुनः समीक्षा के दौरान इस प्रकरण को प्राथमिकता पर लेते हुए पुनर्जीवित किया गया। विवेचना के दौरान प्रकरण से जुड़े संदेहियों की पहचान कर उन पर लगातार निगरानी रखी गई।

### एक दर्जन से अधिक मामलों का हुआ खुलासा


पुलिस द्वारा विगत एक वर्ष के भीतर जिले के पुराने ब्लाइंड मर्डर के कुल 14 मामलों में सफलता अर्जित की गई है, जिनमें आरोपियों की गिरफ्तारी कर प्रकरणों का विधिवत खुलासा किया गया है। इन मामलों में थाना कवर्धा क्षेत्र का चर्चित डॉक्टर दंपति डबल मर्डर हत्याकांड, थाना तरेगांव व थाना पिपरिया के अंधे कत्ल प्रकरण प्रमुख रूप से शामिल हैं। पुलिस द्वारा वर्षों से लंबित व जटिल अंधे कत्ल प्रकरणों को प्राथमिकता पर लेते हुए एक के बाद एक सफलता प्राप्त की जा रही है।

---

### आरोपी ट्रक चालक गिरफ्तार, पुलिस कर रही जांच

## सड़क हादसे में शिक्षक की मौके पर ही मौत, बेटा गंभीर

ट्रक ने बाइक सवार पिता-पुत्र को मारी जोरदार टक्कर






हरिभूमि न्यूज ▶▶ मरवाही

थानाक्षेत्र में मंगलवार सुबह घने कोहरे के चलते बड़ा सड़क हादसा हो गया। मरवाही माडाकोड मुख्य मार्ग पर ट्रक ने बाइक सवार पिता-पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे शिक्षक बक्शी दास की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उनका बेटा अंकित दास गंभीर रूप से घायल हो गया है। बताया जा रहा है कि अंकित दास आईटीआई का छात्र है। बस के छूट जाने के कारण पिता बक्शी दास उसे बाइक से कॉलेज छोड़ने निकले थे। इसी दौरान मरवाही माडाकोड मुख्य मार्ग पर घना कोहरा छाया हुआ था। जिससे विजिबिलिटी बेहद कम थी। इसी बीच सामने से आ रहे ट्रक से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि शिक्षक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। आसपास के लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल बेटे को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। मृतक शिक्षक मरवाही विकासखंड के चिचगोहना गांव के निवासी थे जबकि उनकी पदस्थापना मरवाही विकासखण्ड के पडरिपानी गांव के स्कूल में थी। घटना की सूचना मिलते ही मरवाही पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं मामले में पुलिस आगे की कार्यवाही में जुट गई है। ट्रक को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है। वहीं इस दर्दनाक हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। तो घने कोहरे के कारण सड़क हादसों में के बाद स्थानीय लोगों ने प्रशासन से कोहरे के दौरान यातायात पर विशेष सतर्कता और सुरक्षा इंतजाम की मांग की है।

---

### पुलिस एवं सीआरपीएफ अधिकारियों के समक्ष किया आत्मसमर्पण

# 34 नक्सलियों ने किया सरेंडर, 26 पर था 84 लाख का इनाम

केडर के प्रत्येक सदस्यों के ऊपर था आठ-आठ लाख रुपए का इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

जिले में मंगलवार को 34 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया, जिनमें से 26 पर कुल 84 लाख रुपये का इनाम घोषित था। इनमें सात महिलाएं भी शामिल हैं। ये कैडर दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी (डीकेएसजेडसी), तेलंगाना स्टेट कमेटी और आंध्र-ओडिशा बॉर्डर डिवीजन में सक्रिय थे। मुख्य कैडरों में पांडू पुनेम (45), रुकनी हेमला (25), देवा उइका (22), रामलाल पोयम (27) और मोटू पुनेम (21) शामिल हैं, जिनमें से प्रत्येक पर आठ लाख रुपये का इनाम था।

आत्मसमर्पण वरिष्ठ पुलिस एवं सीआरपीएफ अधिकारियों के समक्ष 'पुना मार्गेम' (पुनर्वास से सामाजिक पुनर्स्थापन) पहल के तहत हुआ। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव के अनुसार, राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत प्रत्येक को तत्काल 50 हजार रुपये की सहायता के साथ कौशल विकास प्रशिक्षण एवं अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। सरकार की इस नीति से प्रभावित होकर पिछले दो वर्षों में दंतेवाड़ा जिले में 824 नक्सलियों ने हिंसा छोड़ मुख्यधारा में शामिल होने का फैसला किया है। आत्मसमर्पित कैडरों के परिवार भी उन्हें सामान्य जीवन जीने की प्रेरणा दे रहे हैं।



### पुनर्वास नीति से प्रभावित हो रहे नक्सली

बीजापुर के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने बताया कि ये कैडर दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी, तेलंगाना राज्य कमेटी और माओवादियों के आंध्र ओडिशा बॉर्डर डिवीजन में सक्रिय थे। राज्य सरकार की पुनर्वास नीति माओवादियों को हिंसा छोड़ने के लिए आकर्षित कर रही है। यादव ने कहा कि जिन लोगों ने सरेंडर किया है, उनके परिवार भी चाहते हैं कि वे सामान्य जीवन जिएं और समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलें। उन्होंने बताया कि सरकार की सरेंडर और पुनर्वास नीति से प्रेरित होकर, पिछले दो साल में दंतेवाड़ा जिले में 824 माओवादियों ने हिंसा छोड़ दी है और सामाजिक मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं।

---

### विधायक ललिता यादव रहीं मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद

## शाजिदा अमीर के सिर सजा स्वाद का ताज


हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर



पिछले दो महीनों से बुंदेली महिलाओं की पाककला और आत्मविश्वास का उत्सव बन चुकी बुंदेली शेफ सीज़न 3 प्रतियोगिता का भव्य समापन रविवार को छतरपुर के एक निजी होटल में हुआ। ग्रैंड फिनाले में स्वाद, हुनर और जुनून की ऐसी जुगलबंदी देखने को मिली, जिसने पूरे बुंदेलखंड को एक बार फिर अपनी रसोई पर गर्व करने का मौका दिया। कड़े मुकाबले में झांसी की शाजिदा अमीर ने अपने लाजवाब बुंदेली व्यंजनों से जजेस को प्रभावित करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं, पन्ना की नैंसी शिवहरे, जो वर्तमान में बेंगलुरु में रह रही हैं, ने प्रथम उपविजेता तथा छतरपुर की विभा अग्निहोत्री ने द्वितीय उपविजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। फिनाले में छह प्रतिभागी- विभा अग्निहोत्री, स्वप्निल मोदी, रश्मि ठाकुर, शाजिदा अमीर, नैन्सी शिवहरे और वाइल्ड कार्ड एंट्री के ज़रिए शामिल हुईं। रानू झा ने अपने हुनर का दमखम दिखाया। ग्रैंड फिनाले की शोभा बढ़ाने छतरपुर विधायक ललिता यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। वहीं निर्णायक की भूमिका में बुंदेली शेफ सीज़न 1 की विजेता शमिता सिंह और सीज़न 2 की विजेता ज़हीदा परवीन शामिल रहीं।

### सिंगापुर में भारतीय रेस्तरां खोलने की इच्छा जाहिर की

विजेता बनने के बाद शाजिदा अमीर ने कहा, यह जीत सिर्फ मेरी नहीं है, यह मेरी रसोई, मेरी परंपरा और हर उस बुंदेली महिला की है, जो अपने हुनर को दुनिया तक पहुँचाना चाहती है, जिसके बाद मैंने सिंगापुर में भारतीय रेस्तरां शुरू करके भारत और बुंदेलखंड का मान बढ़ाने का संकल्प लिया है।



# सितारों के सितारे में अनोखी और भावुक कहानी की मिली झलक

**मुंबई।** आमिर खान ऐसे कलाकार हैं, जो अपनी अलग तरह की सोच के लिए जाने जाते हैं। जल्द ही उनका प्रोडक्शन 'सितारों के सितारे'को थिएटर में रिलीज करेगा। हाल ही इस खास डॉक्यूमेंट्री का ट्रेलर रिलीज हुआ। इसी साल आमिर खान स्टारर एक फिल्म 'सितारे जमीन पर' रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी के अहम किरदार कुछ स्पेशल किड्स थे। अब इन बच्चों की जिंदगी के पीछे के असल सितारों की कहानी को आमिर खान प्रोडक्शन एक डॉक्यूमेंट्री 'सितारों के सितारे'के जरिए बयां करेंगे। जल्द ही यह डॉक्यूमेंट्री थिएटर में रिलीज भी होगी। आमिर खान की फिल्म 'सितारे जमीन पर'पर कुछ स्पेशल चाइल्ड नजर आए थे। इन बच्चों ने फिल्म में कमाल का अभिनय किया था। इन बच्चों के पैरेंट्स का कैसा स्ट्रगल रहा? कैसे उन्होंने अपने स्पेशल चाइल्ड को पाला? और कैसे ये बच्चे फिल्म 'सितारे जमीन पर' क्या हिस्सा बने? इन बातों को डॉक्यूमेंट्री 'सितारों के सितारे'में समेटा गया है।

## लाइफ Style



# श्रद्धा

# हमारी भावनाओं के साथ मत खेलो

रणवीर सिंह की 'धुरंधर'इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई है। वहीं, दूसरी ओर फिल्म को कई सेलेब्स से भी लगातार प्रशंसा मिल रही है। अक्षय कुमार, विक्की कौशल और ऋतिक रोशन से लेकर अल्लू अर्जुन और सामंथा रुथ प्रभु जैसे सितारों ने फिल्म की जमकर प्रशंसा की है। अब इस लिस्ट में श्रद्धा कपूर का नाम भी शामिल हो गया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

श्रद्धा ने फिल्म की तारीफ करते हुए दूसरे पार्ट के लिए भी अपनी उत्सुकता जाहिर की है। साथ ही उन्होंने आदित्य धर से दूसरा पार्ट जल्दी लाने की भी बात कही। श्रद्धा कपूर ने फिल्म की तारीफ करते हुए अपने इंस्टाग्राम पर कई स्टोरीज साझा कीं। अपनी स्टोरीज में उन्होंने लिखा, 'आदित्य धर का धुरंधर बनाना वाकई बुरा लग रहा है, क्योंकि दूसरे पार्ट के लिए हमें तीन महीने का इंतजार करवाया है। हमारी भावनाओं के साथ खिलवाड़ मत करो। कृपया इसे पहले रिलीज कर दो।' श्रद्धा ने आगे फिल्म की तारीफ करते हुए कहा कि क्या शानदार अनुभव रहा। अगर सुबह शूट नहीं होता तो अभी जाकर दोबारा देखती है। आगे इस साल हिंदी सिनेमा को मिली हिट फिल्मों का जिक्र करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि छावा, सैयारा और धुरंधर सभी 2025 के हिंदी सिनेमा में। आगे श्रद्धा कपूर ने आदित्य धर की पत्नी और एक्ट्रेस यामी गौतम को मिले निगेटिव पीआर के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'यामी गौतम को निगेटिव पीआर और मनगढ़ंत विवादों का सामना करना पड़ा, लेकिन धुरंधर ने इन सब का सामना किया और शानदार प्रदर्शन किया। कोई भी बुरी ताकत एक अच्छी फिल्म को नीचे नहीं गिरा सकती। हमें दर्शकों पर भरोसा है। हमारी भावनाओं से मत खेलो। धुरंधर बॉक्स ऑफिस पर लगातार तहलका मचाए हुए है।

## हॉलीवुड मसाला



# ल्यूक स्पेंसर के रोल ने बदली किस्मत

**लॉस एंजिल्स।** टीवी की दुनिया में कुछ किरदार ऐसे होते हैं, जो कलाकार से कहीं आगे निकलकर एक पूरी पीढ़ी की यादों का हिस्सा बन जाते हैं। अमेरिकी टेलीविजन इतिहास में ल्यूक स्पेंसर ऐसा ही एक नाम है। इस यादगार किरदार को अमर करने वाले अभिनेता एंथनी गीरी का 78 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। एंथनी गीरी का जन्म अमेरिका के यूटा राज्य में हुआ था। बचपन से ही अभिनय की ओर झुकाव रखने वाले गीरी ने थिएटर के जरिए अपने कॅरियर की नींव रखी। यूनिवर्सिटी ऑफ यूटा से थिएटर स्कॉलरशिप मिलने के बाद उन्होंने अभिनय को गंभीरता से अपनाया और 1970 के दशक में लॉस एंजेलिस का रुख किया। शुरुआती दौर में उन्होंने कई लोकप्रिय टीवी शोज में छोटे-छोटे किरदार निभाए, जिससे इंडस्ट्री में उनकी पहचान बनने लगी।



# इंटरनेट पर लीक हुए अवेंजर्सः डूम्सडे के टीजर

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की सबसे मच अवेटेड फिल्मों में से एक 'अवेंजर्सः डूम्सडे' रिलीज से पहले ही जबरदस्त चर्चा में आ गई है। वजह है फिल्म के तीन टीजर ट्रेलर्स का ऑनलाइन लीक हो जाना, जिसने मार्वल स्टूडियो की पूरी मार्केटिंग रणनीति को हिला कर रख दिया है। इन लीक वीडियोज ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है और फैंस के बीच कयासों का दौर तेज हो गया है। बताया जा रहा है कि मार्वल स्टूडियो ने 'अवेंजर्स डूम्सडे' के लिए एक बेहद खास प्रमोशनल प्लान तैयार किया था। स्टूडियो का प्लान था कि फिल्म के चार अलग-अलग टीजर ट्रेलर सिनेमाघरों में एक्सक्लूसिव तौर पर दिखाए जाएं। ये ट्रेलर्स जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' के साथ अटैच किए जाने थे, ताकि बड़े पर्दे पर मार्वल का अनुभव और भी भव्य हो सके। लेकिन थिएटर में बैठे कुछ दर्शकों ने इन क्लिप्स को रिकॉर्ड कर लिया और देखते ही देखते तीन टीजर इंटरनेट पर वायरल हो गए। लीक हुए टीजर ट्रेलर्स में जो बातें सामने आई हैं, उन्होंने मार्वल फैन्स को हैरान कर दिया है।



# पठान 2 में होगी जूनियर एनटीआर की एंट्री

**मुंबई।** इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर रणवीर सिंह की स्पाई-थ्रिलर फिल्म धुरंधर धमाका मचाए हुए है। इस बीच अब यशराज फिल्म के स्पाई-यूनिवर्स की फिल्म पठान 2 को लेकर भी चर्चाएं शुरू हो गई हैं। बीते दिनों शाहरुख खान की मौजूदगी में पठान 2 के बनने की बात सामने आई थी। इसके बाद अब शाहरुख की इस आगामी फिल्म को लेकर एक नई चर्चा जोरों पर चल रही है। इन चर्चाओं के सामने आने के बाद अब 'पठान 2' को लेकर फैंस का उत्साह और भी बढ़ गया है। एक रिपोर्ट में ये दावा किया जा रहा है कि स्पाई यूनिवर्स का नया हिस्सा बने जूनियर एनटीआर अब शाहरुख खान की 'पठान 2' में भी नजर आएंगे। चर्चाएं हैं कि 'पठान 2' में जूनियर एनटीआर को लेने की बात चल रही है। ऐसी चर्चा है कि फिल्म में जूनियर एनटीआर की भूमिका सिर्फ एक छोटी सी झलक से कहीं अधिक होगी।



# सनी की दमदार आवाज में बॉर्डर 2 का टीजर रिलीज

**मुंबई।** एक बार फिर सिनेमाघरों में दिखेगी भारतीय सेना के शौर्य की कहानी। अब फैंस का इंतजार खत्म हुआ और सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर 'बॉर्डर 2' का टीजर मंगलवार को रिलीज हो गया है। 23 जनवरी को रिलीज होने वाली इस फिल्म का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। टीजर में एक्शन और इमोशन के साथ शौर्य की गाथा देखने को मिलती है। टीजर की शुरुआत सनी देओल के वॉइस ओवर से होती है। जिसमें वो कहते हैं, 'तुम जहां से भी घुसने की कोशिश करोगे, आसमान से, जमीन से, समंदर से.. सामने एक हिंदुस्तानी फौजी खड़ा पाओगे। जो आंखों में आंखें डालकर सीना ठोककर कहेगा हिम्मत है तो आ, ये खड़ा है हिंदुस्तान।' इसके बाद टीजर में 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध को दिखाया गया जाता है।

## टीवी मसाला



# तारक मेहता का उल्टा चश्मा के अब्दुल हैं 2 रेस्टोरेंट के मालिक

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता...' साल 2008 में शुरू हुआ था, और तभी से शरद संकला इसमें अब्दुल का किरदार निभाते आ रहे हैं। हालांकि, इससे पहले सात साल तक शरद संकला बेरोजगार थे। उनके पास कोई काम नहीं था। हाल ही एक इंटरव्यू में शरद संकला ने अपने स्ट्रगल के दिनों को याद किया। मालूम हो कि शरद संकला ने बॉलीवुड में भी काम किया है। वह कुछ फिल्मों में छोटे-मोटे रोल्स में नजर आए। यहां तक कि वह शाहरुख खान स्टारर बादशाह और बाजीगर के अलावा हम हैं राही प्यार के, हम आपके दिल में रहते हैं और साजन चले ससुराल में भी नजर आए थे। पर एक समय ऐसा था, जब शरद संकला के पास कोई काम नहीं था, और वह 7 साल तक खाली बैठे थे। लेकिन फिर 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' मिला, और उनकी जिंदगी बदल गई। शरद संकला आज हर घर में पहचाने जाते हैं और उनकी शो से अच्छी कमाई भी हो रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्हें 'तारक मेहता' में एक एपिसोड के लिए 35-40 हजार रुपए फीस मिलती है। इसके अलावा उनके मुंबई में दो रेस्टोरेंट हैं, जिनसे अच्छी कमाई होती है। शरद संकला का एक रेस्टोरेंट जुहू में है और इसका नाम 'पार्ले पॉइंट' है और दूसरा अंधेरी में है, जिसका नाम 'चार्ली कबाब' है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शरद संकला की नेट वर्थ 4-6 करोड़ रुपए बताई जाती है।

## तान्या की रईसी की फिर खुली पोल!

**नई दिल्ली।** तान्या मित्तल 'बिग बॉस 19' से निकलकर अपने घर ग्वालियर पहुंच गई हैं। वहां पहुंचते ही उन्होंने कई वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए और लोगों को अपनी रईसी का सबूत देने लगीं। लेकिन



इसी बीच उनसे एक बड़ी भूल हो गई, जिसके बाद तो लोगों ने उनको झूठा और फेक कहने में कोई कसर नहीं छोड़ी। क्योंकि इस बार लोगों ने सबूत भी पेश किया है, जो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। तान्या मित्तल ने इंस्टा स्टोरी पर ग्वालियर पहुंचते ही एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह कार के अंदर से पीछे आ रही गाड़ी का वीडियो बना रही थीं और कह रही थीं, 'अम्मू आ गया। आ जा... आ जा...।' अब उसमें उनके भाई अमृतेश तो नजर नहीं आ रहे थे लेकिन कार जरूर दिख रही थी, जिसकी नंबर प्लेट दिल्ली और मध्यप्रदेश की नहीं, बल्कि उत्तराखंड की थी। एक्स हैंडल पर एक यूजर ने तान्या की स्टोरी का स्क्रीनशॉट पोस्ट किया है, जिसमें लिखा है, 'अम्मू आ गया।' वहीं, दूसरी फोटो आईटीओ डिटेल्स की है, जिसमें गाड़ी का नंबर यूके07डीके3600 है और मालिक का नाम छिपाया गया है।

# विक्रांत बेस्ट एक्टर, छाई रही ब्लैक वॉरंट जयदीप ने पाताल लोक 2 के लिए जीता अवॉर्ड


**मुंबई।** सोमवार 15 दिसंबर को फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड्स 2025 इवेंट आयोजित हुआ है। मुंबई में हुए इस कार्यक्रम में विजेताओं को पुरस्कार बांटे गए हैं। इवेंट में एक्टिंग, डायरेक्शन, बेस्ट स्टोरी, बेस्ट साउंड डिजाइन से लेकर टेक्निकल सहित कई श्रेणियों में विजेताओं को अवॉर्ड दिए गए हैं। अनन्या पांडे अभिनीत फिल्म कंट्रोल ने तीन अवॉर्ड्स पर कब्जा जमाया है।

## बेस्ट सीरीज क्रिटिक्स का अवॉर्ड

अभिनेता जयदीप अहलावत को बेस्ट एक्टर, सीरीज (मेल) ड्रामा का फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड 'पाताल लोक सीजन 2' के लिए मिला है। बेस्ट सीरीज क्रिटिक्स का अवॉर्ड भी 'पाताल लोक सीजन 2' को मिला है।

## प्रीति पाणिग्रही बनीं बेस्ट एक्ट्रेस

बेस्ट एक्टर, वेब ओरिजनल फिल्म (फीमेल) का क्रिटिक्स अवॉर्ड प्रीति पाणिग्रही को फिल्म 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' के लिए दिया गया। उन्होंने अवॉर्ड लेकर खुशी साझा की और दर्शकों का शुक्रिया अदा किया। अभिषेक बनर्जी को थ्रिलर फिल्म 'स्टोलन' के लिए बेस्ट एक्टर, वेब ओरिजनल फिल्म (मेल) का फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड मिला है।



## पाताल लोक सीजन 2 को मिले ये अवॉर्ड

बेस्ट ओरिजिनल स्क्रीनप्ले, सीरीज का फिल्मफेयर अवॉर्ड सुदीप शर्मा, अभिषेक बनर्जी और राहुल कनौजिया, तमाल सेन को 'पाताल लोक' सीजन 2 के लिए प्रदान किया गया है। इसके अलावा इसी सीरीज के लिए सुदीप शर्मा को बेस्ट स्टोरी का भी फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला है।

## सेक्टर 36 के लिए विक्रांत को मिला अवार्ड

वेब ओरिजनल फिल्म (मेल) क्रिटिक्स के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड विक्रांत मैसी की झोली में आया। उन्हें यह अवॉर्ड 'सेक्टर 36' के लिए दिया गया है। फिल्म फेयर ओटीटी अवॉर्ड्स में बेस्ट एक्टर, सीरीज (मेल): क्रिटिक्स ड्रामा जहान कपूर को 'ब्लैक वॉरंट' के लिए दिया गया है। बेस्ट डायरेक्टर, सीरीज (क्रिटिक्स) अवॉर्ड अनुभव सिन्हा को 'आईसी 814: द कंधार हाईजैक' के लिए दिया गया है। इसके अलावा 'द हंट: द राजीव गांधी एसासिनेशन केस' के लिए नागेश कुकुनूर को भी बेस्ट डायरेक्टर, सीरीज (क्रिटिक्स) का फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड दिया गया।

# भुज से लेकर द गाजी अटैक तक, इन फिल्मों में दिखी विजय दिवस की कहानी

**नई दिल्ली।** यूं तो कई जांबाज भारतीय सैनिकों ने अपनी जुबानी इस जंग की कहानी सुनाई है पर विजय दिवस और 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान के युद्ध की पृष्ठभूमि पर कई फिल्में भी बनी हैं।

## द गाजी अटैक (2017)

1971 के इस युद्ध में पाकिस्तान की पनडुब्बी पीएनएस गाजी का अहम किरदार था। कहा जाता है कि इसका मकसद भारत का विमानवाहक पोत, आईएनएस विक्रांत को तबाह करना था पर भारतीय नौसेना ने इसे तबाह कर दिया था। जंग के इसी पहलू को फिल्म 'द गाजी अटैक' में दिखाया गया था। फिल्म में राणा दग्गुबाती, केके मेनन, अतुल कुलकर्णी और तापसी पन्नू अहम किरदारों में थे। इस फिल्म को 65वें राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में सर्वश्रेष्ठ तेलुगु फीचर फिल्म के सम्मान से नवाजा गया था।

## भुज- द प्राइड ऑफ इंडिया (2021)

अभिषेक दुधैया निर्देशित इस फिल्म की कहानी भी 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित थी। फिल्म में इंडियन एयर फोर्स के स्क्वाड्रन लीडर विजय कार्णिक की कहानी बयां की गई, जो उस समय भुज एयर फोर्स बेस के इंचार्ज थे। विजय कार्णिक ने माधापार गांव की 300 स्थानीय महिलाओं की मदद से 72 घंटों में टूटी हुई हवाई पट्टी को फिर से बनाया था। इस फिल्म में अजय देवगन ने कार्णिक का रोल निभाया था। साथ में संजय दत्त, सोनाक्षी सिन्हा, नोरा फतेही, शरद केलकर और एमी विर्क भी नजर आए थे।



## पिप्पा (2023)

शाहिद कपूर के छोटे भाई ईशान खट्टर अभिनीत फिल्म 'पिप्पा' की कहानी भी 1971 के युद्ध पर आधारित थी। कहानी भारत की 45 कैवलरी रेजिमेंट के कप्तान बलराम सिंह मेहता के जीवन पर आधारित थी, जिन्होंने अपने भाई-बहनों के साथ 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान पूर्वी मोर्चे पर लड़ाई लड़ी थी। यह 1971 में गरीबपुर की लड़ाई के दौरान हुई असली घटनाओं पर आधारित थी। फिल्म में ईशान के अलावा मृणाल ठाकुर और प्रियांशु पैन्यूली ने भी अहम किरदार निभाया था।

## लाल सिंह चड्ढा से लेकर प्लेयर्स तक बॉलीवुड फिल्में दर्शकों के लिए तरसीं

# हिट हॉलीवुड फिल्मों की ये रीमेक फिल्में रहीं फ्लॉप

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड में कई हॉलीवुड फिल्मों के रीमेक बने हैं। इन फिल्मों को खूब सराहना मिली है। हालांकि, कुछ ऐसी भी फिल्में हैं जो हॉलीवुड में खूब चली हैं, लेकिन उनके रीमेक बॉलीवुड में कुछ खास कमाल नहीं कर पाए हैं। आज हम उन फिल्मों के बारे में जानेंगे जो कामयाब हॉलीवुड फिल्मों का रीमेक हैं लेकिन वह दर्शकों को नहीं लुभा पाईं।



## लाल सिंह चड्ढा

साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' हॉलीवुड फिल्म 'फॉरेस्ट गम्प' का रीमेक थी। इसमें आमिर खान और करीना कपूर जैसे बड़े कलाकारों ने किरदार निभाया। इसके बावजूद यह फिल्म दर्शकों को नहीं लुभा पाई। इससे साबित होता है कि अगर हॉलीवुड की कोई फिल्म ज्यादा पसंद की गई हो, तो जरूरी नहीं कि हिंदी में भी पसंद की जाए।



## प्लेयर्स

*साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म 'प्लेयर्स' हॉलीवुड फिल्म 'द इटालियन जॉब' का रीमेक थी। इसमें अभिषेक बच्चन, सोनम कपूर और बॉबी देओल जैसे कलाकार थे। उम्मीद की जा रही थी कि फिल्म खूब चलेगी। हालांकि बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म कमाल नहीं कर पाई। आलोचकों से भी इसे सराहना नहीं मिली।*

## एक्शन रिप्ले

साल 2010 में रिलीज हुई फिल्म 'एक्शन रिप्ले' में अक्षय कुमार और ऐश्वर्या राय ने भूमिका निभाई थी। यह फिल्म 'बैक टू द फ्यूचर' की रीमेक थी। इसमें ऐसे बच्चे की कहानी दिखाई गई है, जो अपने माता-पिता के बिगड़े रिश्ते को ठीक करने के लिए टाइम मशीन का इस्तेमाल करता है। हालांकि, यह फिल्म दर्शकों का दिल नहीं जीत पाई।



## गॉड तुस्सी ग्रेट हो

सलमान खान और प्रियंका चोपड़ा की अदाकारी वाली फिल्म 'गॉड तुस्सी ग्रेट हो' साल 2008 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म हॉलीवुड फिल्म 'ब्रूस ऑलमाइटी' की रीमेक थी। फिल्म में सलमान खान ने एक ऐसे व्यक्ति की भूमिका निभाई है, जो अपनी जिंदगी से परेशान है और उसे एक दिन के लिए भगवान बनने का मौका मिलता है। फिल्म दर्शकों को सिनेमाघरों तक बुलाने में नाकाम रही।

## दिल बोले हड़िप्पा

फिल्म 'दिल बोले हड़िप्पा' (2009) में रानी मुखर्जी ने एक ऐसी महिला का किरदार निभाया है, जो पुरुष क्रिकेट टीम में खेलने के लिए पुरुष का वेश धारण करती है। फिल्म कॉमेडी थी लेकिन दर्शकों ने इसे नकार दिया। यह फिल्म 'शी इज द मैन' का रीमेक थी। इसमें रानी मुखर्जी के साथ शाहिद कपूर भी थे।



# भारत की वो पांच जगहें, जहां पहुंच नहीं पाती ठंड, सर्दियों में भी पंखा चलाते हैं लोग!

*नई दिल्ली। भारत में विंटर सीजन यानी सर्दियों का मौसम आ गया है। हर तरफ लोग स्वेटर, शॉल ओढ़े नजर आ रहे हैं। सर्दियों का ये मौसम जहां कुछ लोगों का पसंदीदा होता है, वहीं कई लोगों को ये सीजन पसंद नहीं आता। अगर आप भी फटती स्किन और ठंड के ठिठुरन से परेशान हैं, तो आपको हम भारत की ही ऐसी पांच जगहों के बारे में बताते हैं, जहां ठंड पहुंच ही नहीं पाती। यहां सर्दियों के मौसम में भी गर्मी रहती है। अगर आपको ठंड पसंद नहीं है तो आप भी इन जगहों पर छुट्टियां बिताने जा सकते हैं।*

## कच्छ

गुजरात के रण ऑफ कच्छ को भी सर्दियों के मौसम में वेकेशन के लिए परफेक्ट माना जाता है। यहां सर्दियों के सीजन में भी धूप अच्छी रहती है। साथ ही विंटर्स में लगने वाले रण उत्सव को एन्जॉय करने के लिए कई सैलानी यहां आते हैं। आप भी अगर सर्दियों में किसी गर्म जगह में जाने की सोच रहे हैं तो ये आपके लिए परफेक्ट है।



## लक्षद्वीप

भारत का ये आइलैंड अपनी सुंदरता के लिए जाना जाता है। लेकिन, आपको बता दें कि यहां कभी भी सर्दियां नहीं होती। ऐसे में लोग स्वेटर खरीदते ही नहीं हैं। दिसंबर में भी आपको यहां समुद्र का पानी गुनगुना मिलेगा। इस आइलैंड पर दिसंबर में न्यूईयर मनाने वालों की भीड़ रहती है।



## जयपुर

अभी तक तो समुद्री जगहों के बारे में आपने जाना, लेकिन अगर आपको पानी भी पसंद नहीं है तो आपके लिए जयपुर भी परफेक्ट है। दिसंबर में यहां कड़ाके की ठंड तो नहीं होती, लेकिन गुनगुनी धूप में आप कई किलों की सैर कर सकते हैं। ये जगह कई ऐतिहासिक किलों का घर है। ऐसे में धूप में आप यहां आराम से घूम सकते हैं।




## अंडमान-निकोबार द्वीप

इस आइलैंड पर भी मौसम दिसंबर में भी सुहाना होता है। यहां आप धूप में घंटों बैठकर एन्जॉय कर सकते हैं। ना तो भीषण गर्मी ना कड़ाके की ठंड। ये मौसम विंटर हेटर्स के लिए परफेक्ट है।



## गोवा

भारत के लोगों के लिए गोवा परफेक्ट वेकेशन डेस्टिनेशन है। यहां की नाइट लाइफ से लेकर बीच पर सनबाथिंग सभी को पसंद है। दिसंबर के मौसम में भी आपको गोवा में गर्मी का अहसास होगा। यहां का तापमान तीस डिग्री तक रहता है, जो सर्दियों को नापसंद करने वालों के लिए परफेक्ट है।



# इस देश के लोग सबसे पहले मनाते हैं न्यू ईयर, जमकर फोड़ते हैं पटाखे

**लंदन।** नया साल आने वाला है और दुनिया भर में लोग तैयारियां कर रहे हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि पृथ्वी पर सबसे पहले न्यू ईयर कौन सा देश मनाता है? जवाब है किरिबाती! यह छोटा सा द्वीपीय राष्ट्र प्रशांत महासागर में बसा है और यूटीसी+14 टाइम जोन में होने की वजह से यहां सबसे पहले नए साल की मिडनाइट होती है। खासकर किरितिमाती आइलैंड (जिसे क्रिसमस आइलैंड भी कहते हैं) पर लोग सबसे पहले 1 जनवरी का स्वागत करते हैं। किरिबाती में न्यू ईयर का जश्न काफी उत्साहपूर्ण होता है। लोग पटाखे फोड़ते हैं, पारंपरिक डांस करते हैं, कम्युनिटी में बड़े फीस्ट आयोजित करते हैं और चर्च में प्रेयर करते हैं। किरितिमाती पर हजारों लोग इकट्ठा होकर म्यूजिक, गाने और खुशियां मनाते हैं। हालांकि, यह जश्न सिडनी या न्यूयॉर्क जैसे बड़े शहरों की तरह भव्य नहीं होता। 1995 में किरिबाती सरकार ने इंटरनेशनल डेट लाइन को पूर्व की ओर घुमाया ताकि पूरे देश में एक ही तारीख रहे। इससे यह फायदा हुआ कि किरिबाती दुनिया का पहला न्यू ईयर सेलिब्रेट करने वाला देश बन गया।

**दुनिया के इस कोने में सबसे पहले आएगा**



# उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने समृद्ध ग्राहकों के लिए लॉन्च किया 'आइवरी' प्रोग्राम

**जबलपुर।** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने अपने समृद्ध वर्ग के ग्राहकों के लिए नया प्रीमियम बैंकिंग प्रोग्राम 'आइवरी' लॉन्च किया है। यह प्रोग्राम बैंकिंग सेवाओं के साथ जीवनशैली से जुड़ी विशेष सुविधाएँ प्रदान करता है, जिसमें शुल्क रहित मुख्य बैंकिंग सेवाएँ, बेहतर ट्रांजैक्शन लिमिट और वैश्विक स्तर पर स्वीकार्य प्रीमियम मेटल डेबिट कार्ड शामिल हैं। आइवरी प्रोग्राम उपभोक्ता शोध के आधार पर तैयार किया गया है, जो डिजिटल बैंकिंग को व्यक्तिगत अनुभवों, मनोरंजन और डाइनिंग लाभों के साथ जोड़ता है। इसके तहत क्लब मैरियट मेंबरशिप के माध्यम से एशिया-प्रशांत क्षेत्र के 350 से अधिक मैरियट होटलों में ठहरने और भोजन की विशेष सुविधाएँ मिलेंगी। साथ ही एयरपोर्ट लाउंज एक्सेस, ओटीटी सब्सक्रिप्शन, बुकमायशो वाउचर और अतिरिक्त रिवॉर्ड पॉइंट्स की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। बैंक के प्रमुख, रिटेल लायबिलिटीज – टीएएससी और टीपीपी, श्री हितेंद्र झा ने बताया कि आइवरी प्रोग्राम समृद्ध ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, जिससे उन्हें बेहतर, सहज और व्यक्तिगत बैंकिंग अनुभव मिल सके। यह प्रोग्राम उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के प्रीमियम रिटेल बैंकिंग को मजबूत करने और ग्राहकों के साथ दीर्घकालिक संबंध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

UJJIVAN
UJJIVAN SMALL FINANCE BANK
Build a Better Life

# हज के लिए जमा किए 26 लाख रुपए, मासूम की जान बचाने के लिए कर दिया डोनेट

**कुआलालंपुर।** मलेशिया के यूएमएनओ यूथ चीफ और मशहूर डॉक्टर दातुक डॉ. अकमल सालेह इन दिनों पूरी दुनिया में चर्चा में हैं। वजह है उनका वो दिल जो हज के सपने से भी बड़ा निकला। डॉ. अकमल और उनकी पत्नी सालों से पाई-पाई जोड़ रहे थे, ताकि 2026 में पवित्र हज यात्रा कर सकें। दोनों ने कुल 126,000 मलेशियाई रिंगिट यानी करीब 26,57,000 भारतीय रुपए जमा किये थे। लेकिन, इसके बाद भी दोनों हज यात्रा पर नहीं जा सके। दोनों के टिकट, रहना, खाना सब प्लान हो चुका था। लेकिन, 11 दिसंबर की शाम सब बदल गया। डॉ. अकमल को पता चला कि उनके इलाके में 2 साल की मासूम मदीना नाम की बच्ची को जन्मजात लिवर की गंभीर बीमारी है। मलेशिया में इसका इलाज संभव नहीं है। चीन के किसी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल में ही सर्जरी हो सकती है। इलाज में कुल खर्च 1.5 लाख रिंगिट से ज्यादा था। ऐसे में डॉक्टर ने अपनी हज यात्रा कैंसिल कर दी और सारा पैसा बच्ची के इलाज के लिए डोनेट कर दिया।

## फेसबुक पर किया पोस्ट

डॉ. अकमल ने अपने फेसबुक पर इसे लेकर एक लंबा पोस्ट लिखा। उन्होंने लिखा-'हज हर साल होता है, अल्लाह ने चाहा तो अगले साल या उसके बाद चले जाएंगे। लेकिन, एक मासूम की जान सिर्फ एक बार बचाई जा सकती है। जब मैंने मदीना को देखा तो लगा अगर मैं हज पर चला गया और ये बच्ची बच नहीं पाई तो मैं खुद को कभी माफ नहीं कर पाऊंगा। अल्लाह सबसे बड़ा है, वही हमें इनाम देगा। ये पोस्ट वायरल हो गया। 24 घंटे में इसे 5 लाख से ज्यादा लाइक्स और 2 लाख शेयर्स मिल गए। मलेशिया ही नहीं, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, भारत, सऊदी अरब तक लोग भावुक होकर कमेंट कर रहे हैं।

# इंजन में वॉशरूम की सुविधा नहीं होने से कई लोको पायलट हो रहे बीमार, इस मामले में कुछ भी कहने से बच रहे रेलवे के अधिकारी

# लोको पायलट को आई टॉयलेट तो रोक दी ट्रेन, सोशल मीडिया पर वीडियो हो रहा वायरल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**



भोपाल रेल मंडल के गुना स्टेशन के पास शुक्रवार की सुबह एक रेल ड्राइवर पटरी किनारे लघुशंका करते हुए वीडियो किसी यात्री ने बना लिया, जिसको सोशल मीडिया पर डाल दिया, जोकि सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल, ट्रेन के लोको पायलट ने बीच सेक्शन पर ट्रेन को रोककर टायलेट करने लगा था। तो वहीं इस मामले को लेकर रेलवे अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं तो वहीं ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि ट्रेन के इंजन में टॉयलेट की सुविधा नहीं होने से कई बार पायलट को बोतल में टॉयलेट करने को मजबूर होना पड़ता है। तो वहीं इस वजह से हमारे ज्यादातर साथी कम उम्र में ही डायबिटीज, एसिडिटी, गैस्ट्रिक, किडनी और लिवर की गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। जहां अन्य सरकारी कर्मचारियों की औसत आयु 80 साल है, वहीं हमारी औसत आयु 60 साल भी नहीं है।

जानकारी के अनुसार यह घटना शुक्रवार दोपहर करीब 11 से 11:30 बजे के बीच की है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि लोको पायलट ट्रेन के इंजन के ठीक सामने खड़े होकर लघुशंका करने लगा था, जबकि पीछे खड़ा उनका सह-पायलट इस दौरान बीच-बीच में हॉर्न बजा रहा है। यात्रियों का कहना है कि न कोई स्टेशन था, न कोई आउटर सिग्नल, फिर भी अचानक ट्रेन रुक गई। जब ट्रेन बिना किसी कारण के रुकती है, तो यात्रियों की नजरें इंजन से लेकर डिब्बों तक दौड़ने लगती हैं। ऐसे में जब एक यात्री ने देखा कि पायलट साहब ने ट्रेन रोककर टायलेट कर रहे है। इसका एक यात्री ने वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

## मुख्य सचिव ने जारी किया सभी विभागों के लिए आदेश

# छत्तीसगढ़ में पहली जनवरी से बदल जाएगा सरकारी कामकाज का तरीका, फाइलें होंगी गायब, काम करेगा ई-आफिस सिस्टम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर**

छत्तीसगढ़ में बरसों-बरस से चली आ रही सरकारी कार्यप्रणाली के तौर-तरीकों में अब 1 जनवरी 2026 से बड़ा बदलाव आने वाला है। अब तक जो कामकाज सरकारी दस्तावेज, फाइलों, नस्तियों के माध्यम से चलते हुए लाल फीताशाही की परंपरा के साथ चलता रहा था, वह सब कुछ खत्म किया जा रहा है। मंत्रालय से लेकर सरकारी दफ्तरों कलेक्टरों के कार्यालयों में अब ई-ऑफिस सिस्टम काम करेगा। किसी भी विभाग प्रमुख की अनुमति के बिना कोई भी दस्तावेजी( फिजिकल) फाइल चलाने पर भी रोक लगा दी गई है। राज्य के मुख्य सचिव ने इस संबंध में प्रदेश के शासन के समस्त विभाग, अध्यक्ष, राजस्व मण्डल, बिलासपुर,समस्त वि भा गा ध्य क्ष , स म स्त संभागायुक्त,समस्त कलेक्टर छत्तीसगढ़ के लिए आदेश जारी कर दिया है। राज्य में पिछले करीब एक साल से ई-आफिस प्रक्रिया शुरु करने की कोशिश की जा रही थी।



**अफसर बाहर से और छुट्टी के दिन भी काम कर सकते हैं:** राज्य में यह सिस्टम लागू होने यह सुविधा भी मिलेगी कि अधिकारियों द्वारा शासकीय प्रयास के दौरान मुख्यालय से अन्यत्र भी ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य संपादित कर सकेंगे।) सार्वजनिक अवकाश अवधि में शासकीय सेवक ईऑफिस के माध्यम से जरुरत के हिसाब से काम कर सकते हैं।

### इसलिए लागू हो रही है ये व्यवस्था

मुख्य सचिव ने इस संबंध में जारी आदेश में साफ किया है कि यह व्यवस्था क्यों लागू की जा रही है। उनका कहना है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुशासन की दिशा में कार्य करते हुए प्रदेश में शासकीय कार्य को अधिक प्रभावी, सरलीकृत, उत्तरदायी, और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से मंत्रालय, विभागाध्यक्ष और जिले स्तर पर ई-ऑफिस प्रारम्भ किया गया है। मंत्रालय के समस्त विभागों और राज्य के विभिन्न कार्यालयों में ई-ऑफिस के माध्यम से नस्ती और डाक का संपादन किया जा रहा है।

### ई आफिस सिस्टम से चलेंगी फाइलें

ऐसे प्रकरण जिस पर शासन स्तर पर सहमति या अनुमोदन की आवश्यकता हो उसे अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा ई-ऑफिस के फाईल के माध्यम से ही शासन को प्रेषित किया जाए। सूचनात्मक पत्राचार ई-ऑफिस के रिसीप्ट (पावती) के माध्यम से किये जाए।

### होगा ये फायदा

ई-ऑफिस सिस्टम लागू होने से सरकारी कामकाज में काफी सुधार आने की संभावना है। डिजिटल ट्रैकिंग के कारण, यह पता लगाना आसान होता है कि फ़ाइल किस अधिकारी के पास कितने समय से लंबित है, जिससे कार्य में पारदर्शिता आती है और जवाबदेही तय होती है। नस्ती को एक टेबल से दूसरे टेबल पर ले जाने में लगने वाला समय समाप्त हो जाता है। डिजिटल हस्ताक्षर के प्रयोग से फ़ाइलों पर त्वरित निर्णय लिए जा सकते हैं। सुरक्षित अभिलेख संधारणः महत्वपूर्ण शासकीय दस्तावेजों का डिजिटल रूप से सुरक्षित भंडारण सुनिश्चित होता है, जिससे उनके नष्ट होने का खतरा कम हो जाता है। कागज़, प्रिंटिंग और फ़ाइल रखने की लागत में भारी कमी आती है, जिससे पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलती है।

### जनवरी 2026 से होगी ये व्यवस्था

1 जनवरी, 2026 से समस्त विभागाध्यक्ष, संभाग आयुक्त और कलेक्टर कार्यालय मे संपूर्ण कार्यालयीन नस्ती और डाक का संपादन ई-ऑफिस के माध्यम से ही किया जाएगा। विभाग प्रमुख के अनुमोदन के बिना कोई भी फिजिकल फाईल संचालित नहीं किया जाए।




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** – स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन** – मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला** – मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक** – आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

**धनु** – आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**मकर** – वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन** – परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

30 दिसंबर को एसआई प्रेमिका से होनी थी शादी, मिलने पहुंचा तो दूसरा आरक्षक साथ में मिला

# वकील ने लगाई फांसी, स्टेटस में लिखा- 'प्रेम में मुक्ति नहीं मृत्यु'

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

ग्वालियर में सोमवार को एक वकील ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। 30 दिसंबर को उसकी शादी मुरैना में पदस्थ एक महिला सब-इंस्पेक्टर से होने वाली थी। वह उससे मिलने गया था, जहां उसने प्रेमिका को अपने कमरे में एक अन्य आरक्षक के साथ देखा। इसी बात पर विवाद और हाथापाई भी हुई। वकील ने सुसाइड से पहले जो स्टेटस लिखा था, वह हाल ही में आई एक्टर धनुष और कृति सेनन की फिल्म 'तेरे इश्क में' का चर्चित डॉयलाग 'प्रेम में मृत्यु है, लेकिन मुक्ति नहीं' है। इस स्टेटस पर प्रेमिका की ओर से ब्लेस कमेंट भी किया गया था। परिजनों का आरोप है कि प्यार में धोखा मिलने और मानसिक दबाव के कारण उसने यह कदम उठाया। मृतक की पहचान मृत्युंजय चौहान के रूप में हुई है, जो ग्वालियर के आदर्श पुरम में किराए के मकान में रहता था। वह वकालत के साथ-साथ पीएचडी भी कर रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। मामले की जांच जारी है। बताया जा रहा है कि पिछले 5 साल से उस महिला सब इंस्पेक्टर से प्रेम प्रसंग चल रहा था।


दिल्ली से आ रही दो फ्लाइट कैंसिल

# इंडिगो संकट से उबरी ही थी कि उड़ानें फिर कोहरे की मार से हुई प्रभावित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर**

कुछ समय पूर्व इंडिगो पर आए संकट के कारण यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी थी, बड़ी मुश्किल से समस्या का निदान हुआ और उड़ानें सामान्य होने के कुछ दिन बाद अब फिर से उड़ानें कोहरे की मार से प्रभावित हो रही है। सोमवार को घने कोहरे के कारण दो फ्लाइट्स भोपाल नहीं आईं उन्हें कैंसिल कर दिया गया और कुछ उड़ानें अपने निर्धारित समय से लेट आईं। इससे यात्रियों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ा। कोहरा होने के कारण दिल्ली से भोपाल आ रही दो फ्लाइट कैंसिल कर दी गई। इंडिगो की दोपहर एवं रात की उड़ान राजा भोज एयरपोर्ट नहीं पहुंची। सुबह की फ्लाइट भी चार घंटे विलंब से दोपहर दो बजे भोपाल पहुंची। एयर इंडिया की मार्निंग दिल्ली फ्लाइट करीब चार घंटे देरी से दोपहर 12.30 बजे भोपाल आई। दोपहर की उड़ान भी करीब चार घंटे की देरी से पहुंच सकी। इवनिंग फ्लाइट नंबर एआई 2759 भी तय समय से दो घंटे विलंब से पहुंच सकी। इंडिगो संकट हल होने के बाद पहली बार मौसम की खराबी के कारण फ्लाइटें निरस्त एवं विलंब से पहुंची हैं। हालांकि भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट पर घने कोहरे से निपटने के लिए सिस्टम लगा हुआ है, लेकिन उड़ानें भोपाल ही नहीं पहुंच पा रही है।

## शब्द पहेली - 6080



**बाएँ से दाए**
1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा, रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी, कमला-2
13. ध्वनिहीनता, शांति-4
14. देवता, देव-2
16. प्रणाम, नमस्कार-3
18. रुधिरहीन, कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला, ईश्वर-5
24. प्रेम, चाहना-3
26. वन, अरण्य, जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. धूल, मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छापा, सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह, प्रातःकाल-2
37. जोकर, विदूषक-4
38. संन्यासी, साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**
1. इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2. उदारता, बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर, निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट, खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म, दुष्कर्म-4
20. गाड़ी, यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार, व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्झरणशील-4
31. ढेर, काफी सारा (उर्दू-3)
34. मजा, आनंद-2
36. भोगने वाला, कामी-2

**शब्द पहेली - 6079 का हल**



## सूडोकू नवताल - 6090

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

MANGAL SENADHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 6089 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

गोवा नाइट क्लब में अग्निकांड मामला

# 25 मौतों के 'गुनहगार' लूथरा ब्रदर्स दिल्ली लाए गए पुलिस ने अरेस्ट कर पटियाला हाउस कोर्ट पेश किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गोवा के नाइट क्लब 'बिर्च बाय रोमियो लेन' अग्निकांड मामले में मुख्य आरोपी सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को थाइलैंड से दिल्ली लाया गया है। भारतीय सुरक्षा अधिकारी दोनों भाइयों के साथ मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उतरे।

■ थाईलैंड पुलिस ने 11 दिसंबर को फुकेट में दोनों भाइयों को हिरासत में लिया था

दिल्ली एयरपोर्ट पर गोवा पुलिस की एक टीम ने दोनों को एयरपोर्ट पर ही गिरफ्तार कर लिया। सौरभ और गौरव लूथरा बिर्च नाइट क्लब के मालिक हैं। क्लब में 6 दिसंबर को आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। घटना के बाद दोनों भाई थाईलैंड भाग गए थे। थाईलैंड पुलिस ने 11 दिसंबर को फुकेट में दोनों भाइयों को हिरासत में लिया। आज सुबह उन्हें बैंकॉक से भारत डिपोर्ट किया गया था। उत्तरी गोवा के आरपोरा गांव में स्थित नाइट क्लब 'बर्च बाय रोमियो लेन' के सह-मालिक सौरभ और गौरव लूथरा ब्रदर्स के खिलाफ कानूनी कार्रवाई 6 दिसंबर, 2025 की रात को लगी भीषण आग से संबंधित है। नाइट क्लब में लकड़ी की छत पर आग लग गई थी। धीरे-धीरे ये आग पूरे नाइट क्लब में फैल गई थी। इस भयंकर आग में पर्यटकों और कर्मचारियों सहित 25 लोगों की जान चली गई थी। सूत्रों के अनुसार, 9 दिसंबर को थाई अधिकारियों को पता चला कि भारतीय सुरक्षा एजेंसियां जिन भाइयों को ढूंढ रही है, वे फुकेट में छिपे हैं।

भारतीय एजेंसियों से इनपुट मिलने के बाद थाई अधिकारियों ने पहले ही होटलों पर नजर रखनी शुरू कर दी थी। 11 दिसंबर को जब दोनों भाई होटल से बाहर खाना खाने के लिए निकले तो थाई इमिग्रेशन और पुलिस अधिकारियों ने उनकी पहचान और यात्रा की डिटेल्स वेरिफाई कीं और पकड़ लिया। दोनों पर गैर-इरादतन हत्या और लापरवाही का मामला दर्ज किया गया है।


नाइट क्लब में लगी थी भीषण आग


दिल्ली एयरपोर्ट से लूथरा ब्रदर्स को किया गिरफ्तार

### हादसे के बाद तत्काल थाईलैंड के टिकट बुक किए थे

जांच एजेंसियों के मुताबिक, सौरभ और गौरव लूथरा ने थाईलैंड के लिए फ्लाइट टिकट उस समय बुक किए, जब गोवा में उनके नाइट क्लब में फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू पाने और फंसे हुए लोगों को बचाने की कोशिश कर रही थीं। अधिकारियों ने बताया कि लूथरा भाइयों ने 6 दिसंबर की रात 1:17 बजे ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी की वेबसाइट पर लॉग इन किया था।

### फर्जी कंपनियों के डायरेक्टर या पार्टनर

*मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सौरभ और गौरव, बर्च क्लब के अलावा अन्य 42 कंपनियों से भी जुड़े हैं, जिनमें कई सिर्फ कागज पर मौजूद हैं। ये सभी कंपनियां दिल्ली में एक ही पते (2590, ग्राउंड फ्लोर, हडसन लाइन, नार्थ वेस्ट दिल्ली) पर रजिस्टर्ड हैं। कॉर्पोरेट रिकॉर्ड से पता चलता है कि लूथरा भाई फर्जी कंपनियों और लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप में डायरेक्टर या पार्टनर के तौर पर लिस्टेड हैं। ऐसी कंपनियों का इस्तेमाल आमतौर पर बेनामी लेनदेन और मनी लॉन्ड्रिंग के लिए किया जाता है। हालांकि, अभी इसकी जांच होना बाकी है।*

### इंटरपोल ने जारी किया था ब्लू कॉर्नर नोटिस

गोवा पुलिस ने विदेश मंत्रालय और सीबीआई के जरिए इंटरनेशनल क्रिमिनल पुलिस ऑर्गेनाइजेशन से उनकी गिरफ्तारी की अपील की थी। इसके बाद इंटरपोल ने उनके खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया था। लूथरा ब्रदर्स, उनके बिजनेस पार्टनर, मैनेजर और कुछ कर्मचारी दिल्ली के रहने वाले हैं। इसलिए गोवा पुलिस के साथ अब दिल्ली पुलिस भी अग्निकांड मामले की जांच कर रही है। दिल्ली में भी एक केस दर्ज किया गया है।

---

## खबर संक्षेप

### प्रियंका गांधी से मिले प्रशांत किशोर, दो घंटे हुई चर्चा



**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव में करारी शिकस्त झेलने के बाद जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने हाल ही में दिल्ली में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी से मुलाकात की है और दोनों के बीच लगभग 2 घंटे तक बैठक चली। दोनों नेताओं की इस मुलाकात को लेकर सियासी गलियारो में अटकलों का दौर शुरू हो गया है। दोनों नेताओं की मुलाकात इसलिए अहम है क्योंकि प्रशांत किशोर के कांग्रेस से पुराने रिश्ते रहे हैं। वहीं, इस मुलाकात को लेकर संसद में जब पत्रकारों ने प्रियंका गांधी से सवाल पूछा तो उन्होंने कहा ये कोई न्यूज है?

### पाक में बंदूक दिखाकर 18 यात्रियों का अपहरण



**इस्लामाबाद।** अज्ञात बंदूकधारियों ने बस में यात्रा कर रहे कम से कम 18 लोगों का अपहरण कर लिया है। जिन लोगों का अपहरण किया गया है वो बस से क्वेटा जा रहे थे। अपहरण की इस घटना के बाद पाकिस्तान में हड़कंप मच गया है। जानकारी के मुताबिक घटना सिंध प्रांत के घोटाकी इलाके के पास घटी है। अज्ञात बंदूकधारियों ने योजना के तहत वारदात को अंजाम दिया। बंदूकधारियों ने सिंध और पंजाब बॉर्डर के पास हाईवे लिंक रोड पर रात के समय बस पर फायरिंग की और फिर 18 लोगों का अपहरण कर लिया।

---

भारत और जॉर्डन दोनों देशों के आर्थिक रिश्तों को मिली नई दिशा

# 5 महत्वपूर्ण समझौते, आर्थिक रिश्तों को मिली नई दिशा... डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन पर फोकस

*व्यापार, रक्षा, सुरक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा, उर्वरक और कृषि, सूचना प्रौद्योगिकी, खनिज, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन और सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत बनाने जैसे मुद्दे चर्चा में शामिल थे।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जॉर्डन यात्रा ने भारत और जॉर्डन के रिश्तों को और मजबूत किया है। इस यात्रा के दौरान 5 महत्वपूर्ण समझौतों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। ये समझौते नवीकरणीय ऊर्जा, जल संसाधन प्रबंधन, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, डिजिटल समाधान और पेट्रा व एलोरा के बीच जुड़ाव से संबंधित हैं। मंगलवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री मोदी ने जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय के साथ कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। इसमें व्यापार, रक्षा, सुरक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा, उर्वरक और कृषि, सूचना प्रौद्योगिकी, खनिज, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन और सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत बनाने जैसे मुद्दे शामिल थे।

पीएम मोदी ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार को अगले पांच वर्षों में 5 अरब डॉलर तक बढ़ाने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने जॉर्डन के डिजिटल भुगतान प्रणाली को भारत के यूनाइटेड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) से जोड़ने की भी बात की। जॉर्डन, भारत के लिए उर्वरकों का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है और दोनों देशों की कंपनियां इस क्षेत्र में निवेश बढ़ाने पर विचार कर रही हैं। ऐसे में भारत में फॉस्फेटिक उर्वरकों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए जॉर्डन में और निवेश हो सकता है। प्रधानमंत्री मोदी की जॉर्डन की पहली पूर्ण यात्रा दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित की गई है। भारत, जॉर्डन का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और उसे अनाज, फ्रोजन मीट, पेट्रोलियम उत्पाद, पशु चारा आदि निर्यात करता है। वहीं जॉर्डन भारत के लिए फॉस्फेट और पोटाश उर्वरकों का एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता भी है।

◆ अगले 5 वर्षों में 5 अरब डॉलर तक द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने का रखा प्रस्ताव

भारत, जॉर्डन का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार


हस्ताक्षर के बाद हाथ मिलाते पीएम मोदी एवं जॉर्डन राजा अब्दुल्ला

### दोनों देशों के बीच तकनीकी क्षेत्र में भी मजबूत संबंध

*इसके अलावा, भारत और जॉर्डन के बीच तकनीकी क्षेत्र में भी मजबूत संबंध बन रहे हैं। जॉर्डन में भारत-जॉर्डन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी की स्थापना की गई है, जो अल-हुसैन टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एचटीयू) में स्थित है। यह केंद्र पूरी तरह से भारत द्वारा फंडेड है और इसमें अत्याधुनिक आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर मौजूद है, जिसमें सुपर कंप्यूटर परम शावक और अन्य उन्नत प्रशिक्षण सुविधाएं शामिल हैं।*

### इन समझौतों पर हुए हस्ताक्षर

- नए और रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में टेक्निकल
- जल संसाधन प्रबंधन और विकास सेक्टर
- पेट्रा और एलोरा के बीच ट्विनिंग एग्रीमेंट
- साल 2025-2029 के लिए सांस्कृतिक
- आदान-प्रदान कार्यक्रम का रिन्यूअल
- डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के लिए बड़े पैमाने पर लागू किए गए सफल डिजिटल समाधानों को शेयर करने के सेक्टर में सहयोग पर लेटर ऑफ़ इंटेंट

### वर्तमान समय में करीब 17,500 भारतीय नागरिक जॉर्डन में

*वर्तमान समय में करीब 17,500 भारतीय नागरिक जॉर्डन में रहते हैं, जिनमें से अधिकांश कपड़ा, निर्माण, विनिर्माण और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों में काम करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के दौरान जॉर्डन इंडिया फर्टिलाइजर कंपनी (जेआईएफसीओ) जैसे संयुक्त उपक्रमों का जिक्र किया गया। यह कंपनी भारतीय किसान उर्वरक सहकारी (आईएफएफसीओ) और जॉर्डन फॉस्फेट माइन कंपनी (जेपीएमसी) के बीच एक 860 मिलियन डॉलर का संयुक्त उपक्रम है। यह कंपनी भारत के लिए फॉस्फोरिक ऐसिड का उत्पादन करती है। इसके अलावा, 15 से ज्यादा गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग कंपनियां, जो एनआरआई द्वारा चलायी जाती हैं, जॉर्डन के क्वालिफाइड इंडस्ट्रियल जोन (क्यूआईजेड) में कार्यरत हैं और 500 मिलियन डॉलर का निवेश किया गया है।*

---

इजराइल दौरे पर पहुंचे विदेश मंत्री जयशंकर

# संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोले भारत और इजराइल मिलकर रक्षा और व्यापार क्षेत्र में करेंगे काम


जयशंकर एवं इजराइल के विदेश मंत्री गिडिओन सआर ने की पत्रकार वार्ता

एजेंसी ▶▶ यरूशलम

विदेश मंत्री एस. जयशंकर दो दिन की यात्रा पर इजराइल पहुंचे हैं। यह यात्रा ऐसे समय हो रही है, जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की प्रस्तावित भारत यात्रा की तैयारियां चल रही हैं। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच फोन पर बातचीत हुई थी। इस बातचीत के बाद नेतन्याहू ने कहा था कि दोनों नेता बहुत जल्द मुलाकात करेंगे।

जयशंकर ने इजराइली विदेश मंत्री गिडिओन सआर के साथ यरूशलम में जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। अपने इजराइल प्रवास के दौरान जयशंकर राष्ट्रपति आइजैक हर्जोग और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से भी मुलाकात करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, इन बैठकों में भारत और इजराइल के बीच रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने, आपसी सहयोग बढ़ाने और पश्चिम एशिया से जुड़े क्षेत्रीय हालात पर चर्चा होगी।

**राष्ट्रपति आइजैक और पीएम बेंजामिन नेतन्याहू से करेंगे मुलाकात**

### डिफेंस सेक्टर में भी सहयोग बढ़ा

रक्षा क्षेत्र में भी दोनों देशों के बीच सहयोग तेजी से बढ़ा है। पिछले महीने भारत और इजराइल ने रक्षा, औद्योगिक और तकनीकी सहयोग को मजबूत करने के लिए एक अहम समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत मॉडर्न टेक्नीन साझा की जाएगी और डिफेंस सेक्टर में को-डेवलपमेंट और को-प्रोडक्शन को बढ़ावा मिलेगा। भारत और इजराइल के रिश्ते सांस्कृतिक और शैक्षणिक क्षेत्रों में भी मजबूत हो रहे हैं। दोनों देशों के बीच फिल्म महोत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रम और कलाकारों के आदान-प्रदान किए जा रहे हैं। सोमवार को भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद और तेल अवीव यूनिवर्सिटी के बीच एक समझौता हुआ।

---

पाकिस्तानी सेना के गढ़ रावलपिंडी से मिट गई हिंदू विरासत

हिंदुओं के बड़े हिस्से को पीटकर भगा दिया

# हिंदू बहुसंख्यक थे, अब अस्तित्व भी खत्म! 39 मंदिर थे सिर्फ 3 बचे

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

रावलपिंडी में आज की तारीख में सिर्फ 5 हजार 113 हिंदू बचे हैं, जबकि पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में सिर्फ 141 हिन्दू परिवार रहते हैं। रावलपिंडी में अब सिर्फ तीन मंदिर हैं, जहां पूजा होती है, जिनमें एक कृष्ण मंदिर (सदर इलाके में), वाल्मीकि मंदिर (ग्रेसी लाइन्स) और लाल कुर्ती मंदिर शामिल हैं। 1947 से पहले यह शहर मंदिरों, धर्मशालाओं और हिंदू बहुल मोहल्लों से भरा था। पाकिस्तानी अखबार के मुताबिक 1943 की जनगणना के मुताबिक, रावलपिंडी में 82,178 हिंदू, 47,963 सिख और सिर्फ 22,461 मुस्लिम रहते थे। उस समय रावलपिंडी में 39 मंदिर, 14 गुरुद्वारे, 12 श्मशान घाट और 11 धर्मशालाएं मौजूद थीं।


फाइल फोटो

### हिंदुओं के थे कई इलाके

डिंगी खोई, पुराना किला, जामिया मस्जिद रोड, नेहरू रोड (अब गजनी रोड), सद्दर और रेलवे रोड जैसे इलाके हिंदू आबादी के प्रमुख केंद्र थे। लेकिन 1947 के विभाजन के बाद हालात तेजी से बदले और हिंदू समुदाय के एक बड़े हिस्से को मार पीटकर भारत भगा दिया गया। हिंदुओं के जाने के बाद थोड़े बहुत सिख, जो बच गये थे, उन्हें इन इलाकों में बसाया गया।

---

ऑस्ट्रेलिया में आतंकी हमलावर हैदराबादी था!

# पुलिस बोली- 27 साल पहले देश छोड़ा आखिरी बार 2022 में भारत आया

एजेंसी ▶▶ सिडनी



ऑस्ट्रेलिया में 14 दिसंबर को सिडनी के बॉन्डी बीच पर यहूदी लोगों पर हमला करने वाला आतंकी साजिद अकरम भारत का था। 50 साल का साजिद मूल रूप से तेलंगाना के हैदराबाद का रहने वाला था।

उसने हैदराबाद से बीकॉम किया और स्टूडेंट वीजा पर नौकरी की तलाश में नवंबर 1998 में ऑस्ट्रेलिया चला गया। बाद में उसने यूरोपीय मूल की महिला वेनेरा ग्रोसो से शादी की और वहीं स्थायी रूप से बस गया। साजिद के पास अब भी भारतीय पासपोर्ट था। आतंकी हमले में शामिल साजिद का बेटा नवीद अकरम (24 वर्षीय) ऑस्ट्रेलियाई नागरिक हैं। साजिद की एक बेटी भी है। तेलंगाना पुलिस के मुताबिक 1998 से पहले भारत में साजिद के खिलाफ कोई आपराधिक रिकॉर्ड भी नहीं है।रिपोर्ट के मुताबिक साजिद आखिरी बार 2022 में भारत आया था। बताया गया है कि वह अपने पिता के निधन के समय भी भारत नहीं आया।

---

राजदूत जीवी श्रीनिवास ने कहा

# भारत-ओमान द्विपक्षीय व्यापार 10 अरब डॉलर से अधिक हुआ, नई दिशा देगी पीएम मोदी की यात्रा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी ओमान यात्रा से पहले भारत में ओमान के राजदूत जीवी श्रीनिवास ने कहा है कि यह दौरा दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे रणनीतिक साझेदारी को और मजबूती देगा।

उन्होंने बताया कि भारत-ओमान द्विपक्षीय व्यापार 10 अरब डॉलर से अधिक हो चुका है और अब दोनों देश ग्रीन हाइड्रोजन, सतत विकास और भविष्य की तकनीकों जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ा रहे हैं। श्रीनिवास ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा बेहद समयानुकूल है। आठ वर्षों बाद हो रही इस यात्रा से पहले दिसंबर 2023 में ओमान के सुल्तान भारत आए थे। उन्होंने कहा कि दोनों देशों का शीर्ष नेतृत्व व्यापार, आर्थिक संबंधों और समग्र सहयोग को नई दिशा और गति देने का काम करेगा।

### ओमान के सुल्तान से होगी मुलाकात

राजदूत ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा भले ही 24 घंटे से कम की होगी, लेकिन कार्यक्रम बेहद व्यस्त रहेगा। पीएम मोदी ओमान के सुल्तान से एक-से-एक और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे। इसके अलावा, मोदी एक बिजनेस समिट में हिस्सा लेंगे और भारतीय समुदाय के साथ संवाद करेंगे। इस बार प्रधानमंत्री ओमान में पढ़ रहे भारतीय छात्रों से भी मुलाकात करेंगे।

---

रक्षा संपदा दिवस पर आयोजित समारोह में बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

रक्षा संपदा के संगठन ने इनोवेशन और नियमित उन्नति की स्थायी संस्कृति के रूप में विकसित किया

# छावनी क्षेत्रों को और अधिक स्मार्ट, ग्रीन और सिटीजन-फ्रैंडली बनाना है मकसद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भविष्य की चुनौतियां हमारे सामने मुंह खोले खड़ी हैं। हमें उन चुनौतियों से भी निपटना है। देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यह बात मंगलवार को कही। वह रक्षा संपदा दिवस पर आयोजित एक समारोह में बोल रहे थे। यहां उन्होंने इन चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसे में एक बुनियादी प्रश्न हमारे सामने खड़ा होता है, कि क्या हम केवल प्रक्रियाओं को चलाने वाले संगठन बने रहेंगे, या एक ऐसे संस्थान बनेंगे जो सीखता भी है, बदलता भी है और रास्ता भी दिखाता है।

उन्होंने रक्षा संपदा के इस संगठन के अंदर इनोवेशन और नियमित उन्नति की एक स्थायी संस्कृति विकसित की। रक्षा मंत्री ने बताया कि आने वाले वर्षों में हमें छावनी क्षेत्रों को और भी अधिक स्मार्ट, ग्रीन और सिटीजन-फ्रेंडली बनाना है। हमें ऐसा प्रशासन विकसित करना है, जो और ज्यादा सरल हो, रिस्पॉन्सिव हो और भविष्य के प्रति सजग हो। रक्षा मंत्री ने कहा कि छावनियों को हरा-भरा और स्वच्छ बनाना, जल संचयन पर काम करना, कचरा प्रबंधन में वैज्ञानिक अप्रोच अपनाना यह दिखाता है कि सुरक्षा और सस्टेनेबिलिटी साथ-साथ चल सकते हैं।


रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया संबोधित

यह आने वाले समय के लिए एक मॉडल बन सकता है। उन्होंने कहा, मुझे इस बात की खुशी है, कि एक संस्था के रूप में रक्षा संपदा संगठन ने ग्राउंड-ऑरियेंटिड संस्थान की भूमिका निभाई है। आपने खुद को केवल फाइल्स, आदेश और नियम पुस्तिका तक सीमित न रखकर, देश के विकास से जोड़ा है। यह अपने आप में, आप सबके लिए, गर्व का विषय है। आज मैं देश के लिए, इंडियन डिफेंस स्टेट सर्विस के योगदान की सराहना करना चाहूंगा।

### असली ताकत हथियारों में नहीं बल्कि उसके सिस्टम में है

रक्षा मंत्री ने कहा कि आज अगर हमारा रक्षा क्षेत्र इतनी तेजी से प्रगति कर रहा है, तो उसमें आपके इस समर्पण का भी बड़ा योगदान है। किसी भी राष्ट्र की ताकत केवल हथियारों से नहीं मापी जाती। उसकी असली ताकत उसके सिस्टम, उसके प्रशासन और उसके मूल्यों में होती है। प्रशासन अगर ईमानदार, पारदर्शी और संवेदनशील हो, तो वह उस राष्ट्र की सबसे मजबूत ढाल बन जाता है।

### » 17 लाख एकड़ से अधिक रक्षा भूमि का प्रबंधन करते हैं

*लगभग दो सौ वर्षों से भी अधिक समय से, इस सर्विस ने जिस परंपरा और जिस विरासत का निर्माण किया है, उसकी जितनी भी सराहना की जाए, वो कम है। आज हमारी डिफेंस स्टेट का दायरा कितना व्यापक और कितना महत्वपूर्ण है, इसे सिर्फ इस बात से समझा जा सकता है, कि आप लोग 17 लाख एकड़ से भी अधिक रक्षा भूमि का प्रबंधन करते हैं। यह कोई साधारण जिम्मेदारी नहीं है। यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, क्योंकि हमारी जो रक्षा भूमि है, वह महज जमीन का टुकड़ा भर नहीं है।*

---

सुरक्षा बलों को मिला हथियारों का जखीरा

# मणिपुर में दो प्रतिबंधित संगठनों के 5 उग्रवादी किए गए गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ इंफाल

मणिपुर में सुरक्षा बलों के एक संयुक्त अभियान में पिछले 24 घंटों के दौरान तीन अलग-अलग जिलों से दो बैन संगठनों के पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही, कुछ हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

मणिपुर पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि बैन किए गए पीपल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलेइपाक (पीआरईपीएक) और कांगलेइपाक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी) के पांच उग्रवादियों को बिष्णुपुर, इंफाल पश्चिम और इंफाल पूर्व जिलों में अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार किया गया। सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्व जिले से सुइमी अवुंगशी (53), जो कामजोंग जिले का रहने वाला है, नाम के एक ड्रग पेडलर को भी एक किलो ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया।


हथियारों का जखीरा

# आईपीएल ऑक्शनः ग्रीन पर 25.2 करोड़ की बोली, मगर 'मैक्सिमम फीस' नियम के चलते मिलेंगे सिर्फ '18 करोड़'

एजेंसी ▶▶| अबू धाबी

कैमरून ग्रीन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) इतिहास के सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बन गए हैं। भले ही उन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 25.20 करोड़ रुपए की बोली लगाकर अपने साथ जोड़ा, लेकिन नए 'मैक्सिमम फीस' नियम के चलते ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर को सिर्फ 18 करोड़ रुपए ही मिलेंगे।

'मैक्सिमम फीस' नियम को पिछले साल फ्रेंचाइजी की चिंता को दूर करने के लिए लाया गया था, क्योंकि कुछ विदेशी खिलाड़ी सप्लाई-डिमांड के असंतुलन का फायदा उठाने के लिए सिर्फ मिनी ऑक्शन के लिए ही खुद को रजिस्टर करवा रहे थे। इस नए नियम के मुताबिक, विदेशी खिलाड़ी को 18 करोड़ रुपए से ज्यादा का भुगतान नहीं किया जा सकता, जो 2025 के मेगा ऑक्शन से पहले फ्रेंचाइजी की तरफ से खिलाड़ियों को रिटेन करने के लिए सबसे ज्यादा ब्रैकेट था। अगर बोली 18 करोड़ रुपए से ज्यादा की होती है, तो अतिरिक्त रुपए का इस्तेमाल भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) खिलाड़ियों की भलाई के लिए करेगा। हालांकि, यह नियम भारतीय खिलाड़ियों पर लागू नहीं होता।




### ग्रीन बने आईपीएल के तीसरे सबसे महंगे खिलाड़ी


कैमरून ग्रीन आईपीएल ऑक्शन के इतिहास में तीसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में ऋषभ पंत को लखनऊ सुपर जायंट्स ने 27 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा था, जबकि श्रेयस अय्यर को आईपीएल 2025 के ऑक्शन में पंजाब किंग्स ने 26.75 करोड़ रुपए में खरीदा था। कैमरून ग्रीन को आईपीएल 2023 के लिए मुंबई इंडियंस ने 17.50 करोड़ रुपए में खरीदा था, जिसके बाद उन्हें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 17.50 करोड़ में अपने साथ जोड़ा। अब कैमरून ग्रीन लगातार तीसरे सीजन नई टीम से खेलते नजर आएंगे। अबू धाबी के एतिहाद एरिना में आयोजित आईपीएल 2026 के मिनी ऑक्शन में कैमरून ग्रीन इतिहास रचते हुए लीग के सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बन गए। उनसे पहले आईपीएल 2024 के ऑक्शन में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर मिचेल स्टार्क को केकेआर ने 24.75 करोड़ रुपए में खरीदा था।

### वेंकटेश को 16.75 करोड़ का नुकसान, आरसीबी से जुड़े



ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर आईपीएल 2026 में आरसीबी के लिए खेलते हुए नजर आएंगे। नीलामी में आरसीबी ने अय्यर को खरीदा। वेंकटेश अय्यर की बेस प्राइस 2 करोड़ थी। आरसीबी ने उन्हें 7 करोड़ में खरीदा। अय्यर के लिए नीलामी प्रक्रिया की शुरुआत एलएसजी ने 2 करोड़ से की थी। इसके बाद जीटी 2.20 करोड़ के साथ नीलामी में कूदी। दोनों के बीच चल रही रस्साकशी में आरसीबी ने 3 करोड़ के साथ एंट्री की। केकेआर और आरसीबी के बीच अय्यर के लिए कड़ी जंग देखने को मिली। केकेआर ने 6.80 करोड़ तक बोली लगाई। आरसीबी ने 7 करोड़ में बाजी जीत ली। हालांकि वेंकटेश अय्यर को 16.75 करोड़ का घाटा लगा है। पिछली नीलामी में केकेआर ने अय्यर को 23.75 करोड़ में खरीदा था। 30 साल के अय्यर 2021 से केकेआर से जुड़े हुए हैं। वह पहली बार आईपीएल में केकेआर के अलावा किसी दूसरी टीम की जर्सी में दिखेंगे। अय्यर ने 61 मैचों में 1 शतक और 12 अर्धशतक लगाते हुए 1,468 रन बनाए हैं और 3 विकेट लिए हैं।

### हसरंगा को एलएसजी और मिलर को कैपिटल्स ने खरीदा



मिनी ऑक्शन में श्रीलंका के दिग्गज स्पिनर वानिंदु हसरंगा और दक्षिण अफ्रीका के धाकड़ बल्लेबाज डेविड मिलर को क्रमशः एलएसजी और दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा। वानिंदु हसरंगा ने अपना नाम 2 करोड़ वाले खिलाड़ियों की श्रेणी में पंजीकृत कराया था। हसरंगा को उनकी बेस प्राइस 2 करोड़ पर लखनऊ



सुपर जायंट्स ने खरीदा। हसरंगा पूर्व में आरसीबी और राजस्थान रॉयल्स के लिए खेल चुके हैं। हसरंगा ने 37 आईपीएल मैचों में 46 विकेट लिए हैं। डेविड मिलर को उनकी 2 करोड़ की बेस प्राइस पर दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा। मिलर को उनकी 2 करोड़ की बेस प्राइस पर दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा। मिलर पूर्व में किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स), राजस्थान रॉयल्स, और गुजरात टाइटंस एलएसजी के लिए खेल चुके हैं।

## 'अनकैप्ड' खिलाड़ी प्रशांत पर सीएसके ने की धनवर्षा




प्रशांत वीर और कार्तिक शर्मा आईपीएल नीलामी के सबसे महंगे 'अनकैप्ड खिलाड़ी' बन गए हैं। पांच बार की आईपीएल चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने इन दोनों युवा खिलाड़ियों को 14.2-14.2 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा है। बाएं हाथ के खिलाड़ी प्रशांत वीर का बेस प्राइज 30 लाख रुपए था। उन्हें खरीदने के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने सबसे पहले दिलचस्पी दिखाई। इसके बाद मुंबई इंडियंस बिड वॉर में कूद पड़ी। 1.30 करोड़ रुपए की बोली लगाते हुए चेन्नई सुपर किंग्स ने भी प्रशांत को अपने साथ जोड़ने में दिलचस्पी दिखाई। इस बीच राजस्थान रॉयल्स भी इस होड़ में शामिल हो गया। सनराइजर्स हैदराबाद ने 6.80 करोड़ रुपए की बोली लगाकर सभी को चौंकाया, लेकिन सीएसके ने आखिरकार प्रशांत को अपने साथ जोड़ने में कामयाबी हासिल की। 20 वर्षीय प्रशांत वीर ने 2 फर्स्ट क्लास मुकाबलों में 2 विकेट हासिल किए हैं, जबकि 9 टी20 मुकाबलों में 16.66 की औसत के साथ 12 विकेट निकाले। इस खिलाड़ी ने 28 की औसत के साथ 112 रन भी बनाए हैं।

### 'अनकैप्ड' खिलाड़ी कार्तिक को चेन्नई सुपर किंग्स 14.20 करोड़ में खरीदा



दूसरी ओर, रणजी ट्रॉफी में शतक लगाने वाले 19 वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज कार्तिक शर्मा को खरीदने के लिए मुंबई इंडियंस, लखनऊ सुपर जायंट्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद ने दिलचस्पी दिखाई। आखिरकार, चेन्नई सुपर किंग्स ने 30 लाख रुपए के बेस प्राइज वाले इस खिलाड़ी को 14.20 करोड़ रुपए की बोली लगाकर अपने साथ जोड़ने में सफलता हासिल की।कार्तिक 8 फर्स्ट क्लास मुकाबले, 9 लिस्ट-ए मुकाबले और 12 टी20 मैच खेल चुके हैं। इस दौरान उन्होंने लिस्ट-ए क्रिकेट में 2 शतक, जबकि फर्स्ट क्लास मुकाबलों में 3 शतक लगाए हैं।

## खबर संक्षेप



### पंजाब से हारा मध्यप्रदेश वेंकटेश ने जड़ा अर्धशतक

**अम्बी।** भारतीय टीम से बाहर चल रहे हरफनमौला खिलाड़ी वेंकटेश अय्यर ने मध्यप्रदेश के लिए प्रभावशाली अर्धशतक लगाया लेकिन सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी सुपर लीग ग्रुप ए मुकाबले में पंजाब को दो विकेट से जीतने से नहीं रोक पाए। वेंकटेश ने 43 गेंद में आठ चौकों और दो छक्कों की मदद से 70 रन बनाए, जिससे मध्यप्रदेश ने आठ विकेट पर 225 रन का मजबूत स्कोर बनाया। हालांकि पंजाब ने युवा हरनूर सिंह की 36 गेंद में 64 रन की पारी की बदौलत 19.1 ओवर में आठ विकेट पर 226 रन बनाकर जीत दर्ज की। वेंकटेश को गेंदबाजी में उनके कप्तान रजत पाटीदार ने केवल एक ओवर दिया जिसमें उन्होंने 12 रन दिए।

### मुंबई ने राजस्थान को तीन विकेट से हराया

**पुणे।** अजिंक्य रहाणे के नाबाद 72 रन और सरफराज खान के 22 गेंद में 73 रन की मदद से मुंबई ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी सुपर लीग ग्रुप बी के मैच में राजस्थान को तीन विकेट से हराया। रहाणे ने 41 गेंद में सात चौकों और तीन छक्कों की मदद से 72 रन बनाए लेकिन सरफराज ने 22 गेंद में 73 रन की पारी में सात छक्के और छह चौके जड़े। जीत के लिए 217 रन के लक्ष्य के जवाब में मुंबई ने विकेट गंवाने के बावजूद रनगति बनाए रखी और 11 गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। रहाणे और सरफराज ने दूसरे विकेट के लिए 39 गेंद में 111 रन जोड़े। सरफराज को मानव सुतार ने आउट किया, जिन्होंने चार ओवर में 23 रन देकर तीन विकेट चटकाये ।

### एससीओ युवा डेल्फिक खेलों के लिए भारत ने भेजा दल

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय पाइथियन परिषद (आईपीसी) ने घोषणा की कि 57 सदस्यीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के पहले युवा डेल्फिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। किर्गिस्तान के बिश्केक में 23 से 28 मार्च तक होने वाला यह आयोजन वैश्विक सांस्कृतिक कूटनीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है। भारतीय इतिहास में पहली बार कलाकारों की राष्ट्रीय टीम आधुनिक पाइथियन खेलों के बैनर तले किसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेगी। ओलंपिक जैसे प्रमुख खेल आयोजनों की तर्ज पर इस 57 सदस्यीय दल को विशिष्ट श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करना होगा।

## अंडर 19 एशिया कप में डबल सेंचुरी लगाने वाले पहले भारतीय बने कुंडू

भारत ने मलेशिया को 315 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| दुबई

अंडर 19 एशिया कप में भारत के लिए ही नहीं किसी भी टीम के बल्लेबाज के सबसे बड़े स्कोर का रिकॉर्ड अब टूट चुका है। भारत के अभिज्ञान कुंडू ने मंगलवार को मलेशिया के खिलाफ 209 रन की ऐतिहासिक नाबाद पारी खेली और सभी रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए। उन्होंने इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक स्कोर बनाने वाले पाकिस्तान के समीर मिन्हास (177) और भारत के वैभव सूर्यवंशी (171) को पीछे छोड़ा।

वहीं वह अंडर 19 एशिया कप के 36 साल के इतिहास में डबल सेंचुरी लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज भी बने। उन्होंने अपनी 125 गेंद की पारी में नाबाद 209 रन बनाए जिसमें 17 चौके और 9 छक्के शामिल थे। वह इसी के साथ मौजूदा टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा ओवरऑल रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बने। उन्होंने पाकिस्तान के समीर मिन्हास (220) को पीछे छोड़ा।




### मलेशिया की टीम 93 रन पर आउट

दुबई। भारत ने अंडर 19 एशिया कप मैच में मलेशिया को 315 रन से हराया। यह रनों के अंतर से युवा वनडे में भारत की दूसरी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले 2022 में भारत ने युगांडा को 322 रन से हराया था। भारत ने सात विकेट पर 408 रन जोड़े। मलेशिया की टीम 32.1 ओवर में 93 रन पर आउट हो गई।

### अंडर-19 एशिया कप 2025 के टॉप 5 बल्लेबाज

| खिलाड़ी | देश | मैच | पारी | रन |
|---|---|---|---|---|
| अभिज्ञान कुंडू | भारत | 3 | 3 | 265 |
| समीर मिन्हास | पाकिस्तान | 3 | 3 | 220 |
| वैभव सूर्यवंशी | भारत | 3 | 3 | 216 |
| अयान मिस्बाह | यूएई | 2 | 2 | 166 |
| जवाद अबरार | बांग्लादेश | 2 | 2 | 166 |

### अंडर 19 एशिया कप के शीर्ष स्कोरर

| | |
|---|---|
| अभिज्ञान कुंडू (भारत) | 209* (बनाम मलेशिया), 2025 |
| सौम्य सरकार (बांग्लादेश) | 209 (बनाम कतर), 2012 |
| समीर मिन्हास (पाकिस्तान) | 177* (बनाम मलेशिया), 2025 |
| मीत भवसर (कुवैत) | 175*(बनाम नेपाल), 2021 |
| वैभव सूर्यवंशी (भारत) | 171 (बनाम यूएई), 2025 |

### वैभव का तूफानी अर्धशतक

वैभव ने मलेशिया के खिलाफ तूफानी पारी खेलते हुए शानदार अर्धशतक जड़ दिया। वैभव ने भारतीय पारी का धमाकेदार अंदाज में आगाज किया और एक छोर से विकेट गिरने के बावजूद क्रीज पर पैर जमाते हुए तेजी से रन बटोरे। वैभव ने 200 के स्ट्राइक रेट से अर्धशतक जड़ने का बड़ा कारनामा किया। 25 गेंदों पर अर्धशतक जड़ने के बाद वैभव की नजरें तेजी से शतक पूरा करने पर लगी थी कि तभी मलेशियाई गेंदबाज मुहम्मद अकरम ने भारत को तीसरा झटका दे दिया।

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला जीत पर भारत की नजरें, चौथा टी-20 आज

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

शुभमन गिल का खराब प्रदर्शन चर्चा का विषय बना हुआ है लेकिन साथ ही खराब फॉर्म से जूझ रहे कप्तान सूर्यकुमार यादव भी समीक्षा के दायरे में हैं क्योंकि भारत बुधवार को चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में सही संतुलन तलाश कर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैच की श्रृंखला में विजयी बढ़त बनाने के इरादे से उतरेगा।

तीसरे मैच में सूर्यकुमार के पास वह लय हासिल करने का अच्छा मौका था, जिसने उन्हें दुनिया का शीर्ष बल्लेबाज बनाया था क्योंकि भारत 118 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा किया कर रहा था लेकिन उन्होंने यह मौका गंवा दिया और सिर्फ 12 रन बनाकर आउट हो गए।

एक समय उनका दबदबा स्थापित करने वाले शॉट अनियमित परिणाम दे रहे हैं और धर्मशाला में मैच भी अलग नहीं था क्योंकि वह अपना चिर-परिचित पिक-अप शॉट खेलते हुए आउट हुए, जो उनके निरंतर संघर्ष को उजागर करता है।



### द.अफ्रीका ने 28 में से गंवाए 18 मैच

दक्षिण अफ्रीका ने सबसे छोटे प्रारुप में 28 में से 18 मैच गंवाए हैं, जो प्रदर्शन में निरंतरता की कमी को दर्शाता है। दक्षिण अफ्रीका को व्यवस्थित संयोजन की तलाश है और इसके लिए टीम प्रबंधन लगातार बदलाव कर रहा है, जिससे खिलाड़ी लय हासिल नहीं कर पा रहे और टीम को मैच गंवाने पड़े हैं। पिछले सत्र की उपविजेता टीम के पास नौ फरवरी को टी20 विश्व कप के अपने पहले मैच से पूर्व अंतिम एकादश को अंतिम रूप देने के लिए पांच मैच बचे हैं, जिसमें से दो भारत के खिलाफ जबकि तीन घरेलू सरजमीं पर वेस्टइंडीज के खिलाफ हैं।

## 26 मार्च से आईपीएल का आगाज, 31 मई को फाइनल

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग के 19वें सत्र का आयोजन 26 मार्च से 31 मई तक किया जाएगा लेकिन यह देखना होगा कि भगदड़ में लोगों की मौत के कारण एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में सभी बड़े क्रिकेट आयोजन रुकने के बाद गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के घरेलू मैदान को मेजबानी का मौका मिलता है या नहीं। स्थापित नियमों के अनुसार एम चिन्नास्वामी स्टेडियम को टूर्नामेंट के पहले मैच की मेजबानी का मौका मिलना चाहिए क्योंकि घरेलू टीम आरसीबी ने आईपीएल 2025 का खिताब जीता था लेकिन जब तक भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) पूर्ण कार्यक्रम जारी नहीं करता तब तक स्थिति स्पष्ट होने की संभावना नहीं है। इस साल जून में आरसीबी के जीत के जश्न के दौरान सड़कों पर लाखों लोगों की भीड़ जुटने के बाद आयोजन स्थल पर अराजकता और भगदड़ मच गई थी, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी। हालांकि आयोजन स्थल को कर्नाटक सरकार से सशर्त मंजूरी मिल गई है लेकिन मौतों के बाद इसे आवश्यक सुरक्षा मानकों को पूरा करने की भी आवश्यकता है।


## एडिलेड टेस्ट के लिए कमिंस, लियोन की ऑस्ट्रेलियाई प्लेइंग में वापसी, ख्वाजा बाहर

ऑस्ट्रेलिया पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में 2-0 से आगे

एजेंसी ▶▶| एडीलेड

अनुभवी उस्मान ख्वाजा इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एशेज टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की एकादश में चयन से चूक गए हैं क्योंकि ट्रेविस हेड को जेक वेदराल्ड के साथ पारी का आगाज करने के लिए चुना गया है।

अपने 39वें जन्मदिन से सिर्फ दो दिन दूर ख्वाजा को एडीलेड ओवल में बुधवार से शुरू होने वाले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की एकादश में जगह नहीं मिली। ऑस्ट्रेलिया पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में 2-0 से आगे है और एडीलेड में जीत या ड्रॉ के साथ एशेज बरकरार रख सकता है। ऑस्ट्रेलियाई टीम में ब्रेंडन डोगेट और माइकल नेसर की जगह कप्तान पैट



कमिंस और नाथन लियोन की गेंदबाजी आक्रमण में वापसी हुई है जबकि शीर्ष सात में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इसका मतलब है कि जोश इंग्लिस सातवें नंबर पर बरकरार रहेंगे जबकि ख्वाजा को पीठ की ऐंठन के कारण ब्रिस्बेन टेस्ट में जगह बनाने से चूकने के बाद दोबारा शामिल नहीं किया गया।

**ऑस्ट्रेलियाई टीम**

**ऑस्ट्रेलिया :** जैक वेदराल्ड, ट्रेविस हेड, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ (कप्तान), कैमरन ग्रीन, एलेक्स कैरी, जोश इंग्लिस, पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क, नाथन लियोन, स्कॉट बोलैंड।

## टेनिस

## सबालेंका लगातार दूसरी बार बनीं डब्ल्यूटीए की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी




एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

एरिना सबालेंका ने लगातार दूसरी बार डब्ल्यूटीए की साल की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। उन्हें अमेरिकी ओपन जीतने, दो अन्य ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने और सत्र का अंत नंबर एक खिलाड़ी के रूप में करने के लिए मीडिया पैनल से लगभग 80 प्रतिशत वोट मिले।

सबालेंका पिछले 25 वर्षों में सेरेना विलियम्स और इगा स्वियातेक के साथ लगातार दो बार यह सम्मान जीतने वाली खिलाड़ी बन गई हैं। बेलारूस की 27 साल की सबालेंका 2025 में महिला टेनिस में मैच जीतने (63 जीत, 12 हार), खिताब जीने (चार) और फाइनल में पहुंचने (नौ) में सबसे आगे रहीं। उन्होंने एक करोड़ 50 लाख डॉलर की इनामी राशि जीतकर टूर रिकॉर्ड बनाया।

वह पूरे साल नंबर एक खिलाड़ी रहीं। सबालेंका जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में मेडिसन कीज से और जून में फ्रेंच ओपन के फाइनल में कोको गॉफ से हार गईं थी। वह जुलाई में विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचीं और फिर सितंबर में अमेरिकी ओपन के फाइनल में अमांडा अनिसिमोवा को हराकर अपने करियर की चौथी ग्रैंड स्लैम एकल ट्रॉफी जीती।

### अनिसिमोवा चुनी गईं सबसे अधिक सुधार करने वाली खिलाड़ी

अमेरिका की 24 साल की अनिसिमोवा को विंबलडन और अमेरिकी ओपन के फाइनल में पहुंचने के लिए सबसे अधिक सुधार करने वाली खिलाड़ी चुना गया। वह तीन और टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचीं, जिसमें दोहा और बीजिंग में डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीतना भी शामिल है। अनिसिमोवा ने 2024 का अंत रैंकिंग में 36वें स्थान पर किया था लेकिन 2025 के आखिर में नंबर चार पर पहुंच गईं। सोमवार को अन्य पुरस्कार पाने वाले खिलाड़ियों में विकी म्बोको को साल की सर्वश्रेष्ठ नई खिलाड़ी, बेलिंडा बेनसिक को वापसी करने वाली सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और कैटरीना सिनियाकोवा तथा टेलर टाउनसेंड को साल की सर्वश्रेष्ठ युगल टीम चुना गया।

## आज से शुरू होगा बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स टूर्नामेंट

# 'ग्रुप ऑफ डेथ' में सात्विक-चिराग की अग्निपरीक्षा

एजेंसी ▶▶| हांगझोउ

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को 17 दिसंबर से शुरू होने वाले सत्रांत बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा क्योंकि भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी को उस ग्रुप में जगह मिली है, जिसे 'ग्रुप ऑफ डेथ' (सबसे मुश्किल ग्रुप) माना जा रहा है।

इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में हर वर्ग में आठ शीर्ष खिलाड़ी या जोड़ियां शामिल होती हैं, जिनका चयन विश्व टूर कैलेंडर में प्रदर्शन के आधार पर किया जाता है। दुनिया की पूर्व नंबर एक और अब तीसरे नंबर की सात्विक और चिराग की जोड़ी इस एलीट प्रतियोगिता में एकमात्र भारतीय प्रतिनिधि हैं। एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग को ग्रुप बी में कड़ी चुनौती का सामना करना होगा क्योंकि इस ग्रुप में कई ओलंपिक पदक विजेता शामिल हैं।



### शीर्ष दो जोड़ियां बनाएंगी सेमीफाइनल में जगह

प्रत्येक ग्रुप से केवल शीर्ष दो जोड़ियां सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी और ऐसे में गलती की गुंजाइश बहुत कम है। सात्विक और चिराग ने इस साल कोई खिताब नहीं जीता लेकिन भारतीय जोड़ी ने चोट के कारण ब्रेक के बाद वापसी करते हुए निरंतरता और लचीलापन दिखाया है। उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक के साथ फॉर्म में वापसी की और हांगकांग ओपन तथा चीन मास्टर्स में उपविजेता रहे। भारतीय जोड़ी मलेशिया ओपन, इंडिया ओपन, सिंगापुर ओपन, चीन ओपन और डेनमार्क ओपन में भी सेमीफाइनल में पहुंची।

### भारतीय जोड़ी का पहला मैच चीन से

भारतीय जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग के खिलाफ करेगी, जो पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता हैं। इसके बाद उनकी भिड़ंत इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मुहम्मद शोहिबुल फिक्री से होगी। शुक्रवार को अपने आखिरी ग्रुप मैच में भारतीय जोड़ी अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी आरोन चिया और सोह वूई यिक की मलेशियाई जोड़ी से भिड़ेगी, जो पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता हैं। चिया और यिक को दूसरी वरीयता मिली है। आमने-सामने के रिकॉर्ड की बात करें तो सात्विक और चिराग ने दुनिया की सातवें नंबर की चीन की जोड़ी के खिलाफ तीन मैच जीते हैं जबकि सात मैच में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है।




## प्रमोशन में आरक्षण का मामला

# हाईकोर्ट ने नहीं मानी शीतकालीन अवकाश के बाद सुनवाई की मांग

### राज्य सरकार को नहीं दी मोहलत, अगली सुनवाई कल

हरिभूमि जबलपुर।



प्रमोशन में आरक्षण की नई पॉलिसी को चुनौती देने वाली याचिका पर मंगलवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता ने अनुरोध किया कि मामले की सुनवाई शीतकालीन अवकाश के बाद की जाए। वरिष्ठ अधिवक्ता सीएस वैद्यनाथन ने कहा कि वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बहस संभव नहीं है, इसलिए कोई अगली तारीख दे दी जाए। कोर्ट ने पूछा कि दलीलें पेश करने के लिए कितना समय लेंगे। इस पर वैद्यानाथन ने कहा कि करीब एक घंटे का समय लगेगा। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मामले की सुनवाई 18 दिसंबर को निर्धारित की है।

इस मामले में याचिकाकर्ताओं की ओर से अपनी बहस पूरी कर दी गई है। याचिकाकर्ताओं की ओर से सभी वर्गों के प्रतिनिधित्व का डाटा भी पेश किया गया है। दावा किया गया है कि आरक्षित वर्ग के कर्मचारियों को अधिक प्रमोशन दिए गए हैं, जिस कारण एससी व एसटी वर्ग के कर्मचारी ऊंचे पदों पर पदस्थ हैं। वहीं अनारक्षित वर्ग के कर्मचारियों को कम या देरी प्रमोशन दिए गए, जिनके नाम ग्रेडेशन लिस्ट नीचे हैं। आरबी राय के मामले में वर्ष 2016 में हाईकोर्ट ने कहा था कि वर्ष 2002 तक के सभी प्रमोशन निरस्त करें और नए सिरे से ग्रेडेशन लिस्ट जारी करें। इसके बाद सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अपील कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए थे।

गौरतलब है कि भोपाल निवासी डा. स्वाति तिवारी व अन्य की ओर से दायर याचिकाओं में मध्य प्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 को चुनौती दी गई है। दलील दी गई कि वर्ष 2002 के नियमों को हाई कोर्ट के द्वारा आरबी राय के केस में समाप्त किया जा चुका है। इसके विरुद्ध मप्र शासन ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट में मामला अभी लंबित है, इसके बावजूद मप्र शासन ने महज नाम मात्र का शाब्दिक परिवर्तन कर जस के तस नियम बना दिए।

### जनहित याचिका में दावा, हाईकोर्ट ने सरकार को जवाब के लिए मोहलत

## डिंडोरी के 102 शासकीय स्कूल शिक्षक विहीन, 500 में सिर्फ एक या दो ही शिक्षक

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने शिक्षक विहीन शासकीय स्कूलों के मामले में सरकार को जवाब के लिए चार सप्ताह की मोहलत दी है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 20 जनवरी, 2026 को नियत की है। जनहित याचिकाकर्ता डिंडौरी निवासी लोक सिंह की ओर से दलील दी गई कि प्रदेश के शासकीय स्कूलों में छात्र-छात्राओं का भविष्य अधर में है। जिले के 102 शासकीय स्कूल शिक्षक विहीन है, जबकि 500 स्कूलों में सिर्फ एक या दो ही शिक्षक पदस्थ है। डिंडौरी जिले के शासकीय स्कूलों में शिक्षा का स्तर स्तरहीन है। क्योंकि जिले के 102 शासकीय स्कूलों में एक भी शिक्षक नहीं है तो वहीं शेष स्कूलों में एक या दो ही शिक्षक पदस्थ है। आवेदक की ओर से कहा गया कि जब स्कूलों में शिक्षक ही नहीं तो बच्चों की पढ़ाई कैसे संभव है, जिनसे उनका भविष्य अंधकारमय है। इतना ही नहीं राईट-टू-एजुकेशन एक्ट का भी उल्लंघन है। ऐसा इसलिए क्योंकि उक्त एक्ट के तहत बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराने का प्रविधान है। मामले में प्रमुख सचिव आदिवासी कल्याण मंत्रालय, आयुक्त आदिवासी कल्याण विभाग भोपाल व डिंडौरी कलेक्टर को पक्षकार बनाया गया है।

# 31 दिसंबर तक अग्नि सुरक्षा प्रमाण-पत्र लेना अनिवार्य

### नहीं लेने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि जबलपुर।

नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर अग्नि शमन विभाग ने शहर के भवन स्वामियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। फायर अधीक्षक कुसाग्र ठाकुर ने बताया कि नगर निगम सीमा अंतर्गत बहुमंजिला एवं बड़े निर्मित क्षेत्रफल वाले भवनों के लिए अग्नि सुरक्षा प्रमाण-पत्र प्राप्त करना अनिवार्य कर दिया गया है। यह निर्देश उन सभी भवनों पर लागू होगा जिनकी ऊँचाई 15 मीटर से अधिक है, एक तल पर निर्मित क्षेत्रफल 500 वर्गमीटर से अधिक है, अथवा जो बहुमंजिला रहवासी, शैक्षणिक, संस्थागत, व्यावसायिक, औद्योगिक, भंडारण, खतरनाक या मिश्रित उपयोग की श्रेणी में आते हैं। फायर अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि भवन स्वामियों को राष्ट्रीय भवन निर्माण संहिता–2016 (फायर एवं लाइफ सेफ्टी) के प्रावधानों का पालन करना अनिवार्य होगा। इसके लिए अनुज्ञप्ति प्राप्त अग्निशमन इंजीनियर/कंसल्टेंट से अग्नि सुरक्षा योजना बनवाकर नगर निगम के अग्निशमन कार्यालय से स्वीकृति लेनी होगी। योजना के अनुसार आवश्यक फायर सेफ्टी उपकरण स्थापित करने के बाद अंतिम अग्नि सुरक्षा प्रमाण-पत्र जारी किया जाएगा। अग्नि सुरक्षा प्रमाणन की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है। निर्धारित समय-सीमा में प्रमाण-पत्र प्राप्त नहीं करने वाले भवन स्वामियों के विरुद्ध शासन के नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह कदम शहर में जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। कोयला सस्ता होने के बाद भी बिजली खरीदी में बढ़ा खर्च

# कोयला सस्ता होने के बाद भी बिजली खरीदी में बढ़ा खर्च, जांच की मांग

**जबलपुर।** दो माह पूर्व कोयला सस्ता होने के बावजूद नवंबर में बिजली खरीदी का खर्च बढ़ने पर नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। मंच ने यह चेतावनी दी है कि यदि इस मामले की जांच 15 दिनों में शुरू नहीं होती, तो यह मामला इन्फोर्मेशन एंड इंटेलिजेंस विंग को सौंपा जाएगा। मंच ने बताया कि सितंबर में कोयला सेस हटने के कारण कोयला सस्ता हुआ था। इसके प्रभाव से बिजली उत्पादन बढ़ने और आगामी महीनों में बिजली खरीदी का खर्च घटने की उम्मीद थी। लेकिन अक्टूबर में बिजली की औसत दर 3.39 रुपए प्रति किलोवाट घंटा से बढ़कर नवंबर में 3.59 रुपए प्रति किलोवाट घंटा हो गई। अक्टूबर में 3,143 करोड़ रुपए का भुगतान हुआ था, जबकि नवंबर में भुगतान में कमी नहीं आई, उल्टे बढ़त दर्ज की गई। नागरिक मंच का आरोप है कि पावर जनरेशन कंपनी द्वारा कोयले से पर्याप्त बिजली उत्पादन न करना और पावर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा अधिक बिजली खरीदना संभावित कुप्रबंधन या घोटाले और निजी बिजली कंपनियों से सांठगांठ की आशंका पैदा करता है। बैठक में डॉ. पी.जी. नाजपांडे, रजत भार्गव, एड. वेदप्रकाश अधौलिया, डी.आर. लखेरा, सुशीला कनौजिया, गीता पांडे आदि सदस्य उपस्थित थे। मंच ने प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन को पत्र भेजकर मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

### 42 हजार 500 रुपये जुर्माना वसूला

# पराली जलाने पर 17 किसानों पर कार्रवाई

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार अनुविभागीय राजस्व अधिकारी कुंडम ने खरीफ 2025 में धान की पराली जलाने के मामले में कुंडम तहसील के 17 किसानों पर कुल 42 हजार 500 रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। प्रभावित किसानों में पटनाखुर्द गांव के कोमल प्रसाद लोधी, चंद्र नारायण और गोपाल लोधी, रहटा गांव के अंकुश, विजय सिंह और देवेंद्र सिंह, सहजपुरी गांव के विनोद सोनी और पंकज जैन, बघराजी के संतोष साहू, कल्याणपुर की रुकमणी बाई, डबराकला के बैजनाथधर, सुनावल के नरेश कुमार हल्दकार और रघुवीर प्रसाद, नारायणपुर के राजेश, मुरझौर के संतोष बागरी, देवरी के नरेन्द्र सिंह तथा रानीपुर के सुशील गिरी शामिल हैं। प्रत्येक किसान पर 2 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। आदेश में कहा गया है कि यह राशि खाद्य शाखा द्वारा उपार्जन की रकम से वसूल की जाएगी। पर्यावरण संरक्षण और वायु प्रदूषण रोकने के लिए प्रशासन ने पराली जलाने पर सख्त रुख अपनाया है। किसानों से अपील की गई है कि वे फसल अवशेषों का वैकल्पिक तरीकों से प्रबंधन करें।

### आरोप : पति के किन्नर से अवैध संबंध, बना कारण

# शादी के 10 दिन बाद घर से निकाला

**जबलपुर।** एक महिला ने आरोप लगाया है कि शादी के 10 दिन बाद ही पति, सास और ननद दहेज की प्रताड़ना देने लगे। महिला का यह भी आरोप है कि उसके पति का एक किन्नर के साथ अवैध संबंध है, जिससे पति ने उसे घर से बाहर निकाल दिया। इस मामले की शिकायत जनसुनवाई में की गई है। गोहलपुर वार्ड निवासी साक्षी बाजपेयी ने जनसुनवाई में दी गई शिकायत में कहा है कि शादी के 10 दिन बाद पति आशीष दीक्षित सास व ननद दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे। जिसकी शिकायत 14 दिसंबर को ओमती थाने में की गई। महिला ने शिकायत में आरोप लगाया है कि उसके पति का एक किन्नर के साथ अवैध संबंध है। जिसके कारण उसके पति ने उसे घर से निकाल दिया। ओमती थाने में शिकायत के बाद ओमती पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की और न ही बयान दर्ज किए। एसपी आफिस में डीएसपी आकांक्षा उपाध्याय ने सुनवाई कर कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

### समीक्षा : अवैध भंडारण की निगरानी की जाए : कलेक्टर

# उपार्जन केंद्रों का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में उपार्जन व्यवस्था को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे और फील्ड स्तर के अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े थे। कलेक्टर श्री सिंह ने उपार्जन केंद्रों के भौतिक सत्यापन के निर्देश दिए और कहा कि सिकमी और रकबा का सत्यापन कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने उपार्जन की सभी व्यवस्थाओं को लेकर एक-एक बिंदु पर चर्चा की और एसएसजी की महिलाओं की ट्रेनिंग और निगरानी के निर्देश दिए। कलेक्टर ने धान के अवैध भंडारण की निगरानी करने और आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपार्जन प्रक्रिया को पारदर्शी व नियमानुसार रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। बैठक में उपार्जन व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।




### मरीजों की बढ़ती संख्या बनी बड़ी चुनौती

# सुपरस्पेशलिटी पर 20 जिलों के मरीज निर्भर



**जबलपुर।** महाकोशल क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी और मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सुपरस्पेशलिटी अस्पताल का विस्तार अत्यंत आवश्यक हो गया है। क्षेत्र के 20 जिलों के मरीज सुपरस्पेशलिटी चिकित्सा सुविधा के लिए इस अस्पताल पर निर्भर हैं, लेकिन अस्पताल की वर्तमान स्थिति में अत्यधिक दबाव है और नए मरीजों के लिए बेड की कमी हो रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, अस्पताल में और अधिक विशेषज्ञताओं को जोड़ा जाए और अस्पताल का विस्तार किया जाए, ताकि मरीजों को बेहतर उपचार मिल सके।

#### सुपरस्पेशलिटी अस्पताल पर बढ़ता दबाव

सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में प्रमुख विभागों जैसे कार्डियोलॉजी, कार्डियक सर्जरी, यूरोलॉजी, और न्यूरोलॉजी सर्जरी में अत्यधिक मरीजों का दबाव है। इन विभागों में बेड की कमी के कारण नए मरीजों को भर्ती करना मुश्किल हो रहा है, और मौजूदा मरीजों को उपचार के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। कार्डियक और वेस्कुलर सर्जरी विभाग में भी स्थिति अत्यंत गंभीर है, जहां मरीजों को एंजियोप्लास्टी और बायपास सर्जरी जैसे गंभीर इलाज के बाद लम्बे समय तक भर्ती रखना पड़ता है।

#### नर्सिंग कॉलेज भवन भी अटका

सुपरस्पेशलिटी अस्पताल के विस्तार के लिए जिस भूमि की आवश्यकता है, वह नर्सिंग कॉलेज के भवन से संबंधित है। पहले प्रस्ताव था कि नर्सिंग कॉलेज को मेडिकल यूनिवर्सिटी को सौंप दिया जाए, जिससे यूनिवर्सिटी परिसर में नया कॉलेज भवन बनाया जा सके। हालांकि, नर्सिंग कॉलेज को रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से संबद्ध किए जाने की प्रक्रिया चल रही है, और इस कारण एमयू ने नया नर्सिंग कॉलेज भवन बनाने से पीछे हटने का निर्णय लिया है। इससे सुपरस्पेशलिटी अस्पताल के विस्तार के लिए भूमि उपलब्ध करना मुश्किल हो गया है।

#### हार्ट के मरीजों के लिए मुश्किलें

सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में कार्डियोलॉजी और कार्डियक सर्जरी दोनों ही विभागों में मरीजों का अत्यधिक दबाव है। हृदय रोगियों के इलाज में एंजियोप्लास्टी और बायपास सर्जरी जैसी प्रक्रियाएं बहुत समय लेती हैं, जिसके कारण मरीजों को लंबी अवधि तक अस्पताल में भर्ती रखना पड़ता है। इससे अस्पताल के अन्य विभागों में मरीजों के लिए बेड की कमी हो रही है। इस समस्या को हल करने के लिए अस्पताल के प्रबंधन ने सरकार से इन विभागों के विस्तार की मांग की है।

#### नई ब्रांच शुरु करने की आवश्यकता

विशेषज्ञों का मानना है कि सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी, एंडोक्रिनोलॉजी, डर्मेटोलॉजी और पीडियाट्रिक्स जैसी नई ब्रांचों की शुरुआत होनी चाहिए। इन ब्रांचों के शुरू होने से मरीजों को बेहतर और व्यापक उपचार मिल सकेगा, और अस्पताल में आने वाले मरीजों का दबाव भी कम होगा।

#### कॉर्डियक एनेस्थिस्ट की भी कमी

सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में कार्डियोलॉजी और कार्डियक सर्जरी दोनों ही विभागों के लिए विशेष रूप से कॉर्डियक एनेस्थिस्ट की आवश्यकता है। फिलहाल, अस्पताल में केवल 2 ही कॉर्डियक एनेस्थिस्ट उपलब्ध हैं, जो मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पर्याप्त नहीं हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इन विभागों में एनेस्थिस्ट की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है ताकि सभी मरीजों को समय पर और सही उपचार मिल सके।

#### 20 जिलों से आ रहे हैं मरीज

महाकोशल क्षेत्र के 20 जिलों से मरीज सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में इलाज के लिए आते हैं, विशेष रूप से हृदय रोग से संबंधित समस्याओं के लिए। इन क्षेत्रों में सरकारी अस्पतालों में सुपरस्पेशलिटी स्तर की सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, जिसके कारण लोग इस अस्पताल पर निर्भर हैं। इससे अस्पताल पर दबाव और भी बढ़ गया है, और इसका विस्तार अत्यंत आवश्यक हो गया है।

#### सरकार से की गई मांग

सूत्रों का कहना है कि अस्पताल में मरीजों का दबाव बढ़ता जा रहा है, और इसके लिए सरकार से कार्डियक वेस्कुलर सर्जरी और कार्डियोलॉजी विभाग का विस्तार करने की मांग की गई है, ताकि बेड, उपकरण और विशेषज्ञों की संख्या बढ़ाई जा सके। पूर्व डायरेक्टर डॉ. वायआर यादव ने भी इस बात पर जोर दिया कि महाकोशल, विंध्य और बुंदेलखंड अंचल की बड़ी आबादी सुपरस्पेशलिटी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए जबलपुर पर निर्भर है। ऐसे में अस्पताल का विस्तार करना और नई ब्रांचों को जोड़ना जरूरी है ताकि ज्यादा से ज्यादा मरीजों को इसका लाभ मिल सके।

## निकाह के बाद 2 लाख दहेज की मांग को लेकर दे रहे प्रताड़ना

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अतंर्गत अजीजगंज पसियाना में एक महिला ने अपने पति के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कराई है। बताया गया है कि पति घरेलू विवाद कर मायके से 2 लाख रुपए लाने के लिए महिला को मानसिक व शारीरिक रुप से प्रताड़ित करता है। गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार अजीजगंज पसियाना निवासी 35 वर्षीय श्रीमति जकिया परवीन का निकाह वर्ष 2017 में मुस्लिम रीति रिवाज से अजीजगंज पसियाना निवासी आबिद अहमद के साथ हुई थी। शादी के समय उसके मायके वालों ने पति को घर गृहस्थी का सामान दिया था शादी के बाद से पति आबिद अहमद घरेलू बातों को लेकर आये दिन उसके साथ विवाद करता है और मायके से पैसे लेकर आने का कहते हुए उसके साथ मारपीट करता है। गत रात लगभग 10.30 बजे पति आबिद मायके से ई रिक्शा खरीदने के लिए 2 लाख रूपये लाने का कहने लगा, मना करने पर मारपीट कर उसके सिर व पीठ पर चोटें पहुंचा दी और उसे घर से निकाल दिया। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 85, 115(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### नवविवाहिता की शिकायत पर प्रताड़ना का मामला दर्ज

# वेयर हाउस खोलने के लिए दहेज लोभियों ने मांगी जमीन

**जबलपुर।** शहपुरा थानान्तर्गत ग्राम भमकी में एक नवविवाहिता को दहेज में 3 लाख रूपए की मांग कर प्रताड़ना दी जा रही है। पुलिस ने आरोपी पति, सास व ससुर के खिलाफ दहेज एक्ट की धारा 3,4 के तहत मामला दर्ज किया है। शहपुरा पुलिस ने बताया कि ग्राम भमकी निवासी श्रीमती नीलमणी पटेल की शादी गत वर्ष फरवरी में विनय पटेल के साथ हुई थी। शादी में परिजनों ने प्रर्याप्त जेवर व नगदी एवं गृहस्थी का सामान दिया था उसके बावजूद शादी के बाद से ही पति व ससुराल वाले कम दहेज का मिलने का ताना देकर नवविवाहिता को प्रताड़ति करने लगे। गत 5 मई 2024 को नीलमणी के पति विनय पटेल , ससुर विश्वनाथ पटेल एवं सास विनीता पटेल ने दहेज में 3 लाख रूपए एवं वेयरहाउस खोलने के लिए उसके पिता से साढे चार एकड़ जमीन की मांग कर नवविवाहिता के साथ मारपीट की। घटना के बाद से नवविवाहिता श्रीमती नीलमणी पटेल मायके में ही रह रही है।

# न्यू भेड़ाघाट में उतराता मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**जबलपुर।** तिलवारा थाना अतंर्गत न्यू भेड़ाघाट में अज्ञात व्यक्ति का शव उतराता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकाला जो काफी पुराना लग रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। तिलवारा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यू भेड़ाघाट नर्मदा नदी किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव पानी में उतराता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला, जो काफी पुराना लगा रहा है। अज्ञात मृतक की उम्र लगभग 28 वर्ष की बताई गई है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। अज्ञात मृतक की शिनाखत्गी के प्रयास जारी हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240